kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❐ वर्ष-15 ❐ अंक-108 ❐ सोमवार, 18 मई 2026 ❐ नगर संस्करण ❐ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❐ मूल्य- ₹ 3.00 ❐ पृष्ठ-12



गुजरातियों के स्वभाव में विकास और प्रगति रची-बसी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गुजरात अब केवल उत्पादन आधारित राज्य नहीं रहेगा, बल्कि सेवा, ज्ञान और आधुनिक तकनीक आधारित अर्थव्यवस्था का वैश्विक केंद्र बनेगा। अमित शाह

सुप्रीम कोर्ट में न्यायाधीशों की संख्या बढ़ाने के लिए अध्यादेश जारी 11

वैदिक मंत्रोच्चार और शंखनाद के बीच शुरू हुआ बेली ब्रिज का निर्माण 12

## संक्षेप

### नगरीय क्षेत्रों में पहली बार होगी 11508 शिक्षकों की सीधी भर्ती

**लखनऊ।** राज्य सरकार प्रदेश में नगरीय क्षेत्र में पहली बार 11509 शिक्षकों की नई भर्ती करने जा रही है। इसके लिए बेसिक शिक्षा विभाग के निदेशक प्रताप सिंह बघेल ने रविवार को उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग को अधियाचन भी भेज दिया। वर्ष 2018 के बाद बेसिक शिक्षा में यह सीधी भर्ती होने जा रही है। इसमें सबसे अधिक बरेली जिले में 888 शिक्षकों की भर्ती की जाएगी जबकि दूसरे स्थान पर कानपुर नगर है, जहां 758 शिक्षकों की भर्ती की जाएगी। इसके बाद मेरठ, अलीगढ़ व सहारनपुर का स्थान है। अधियाचन में बेसिक शिक्षा निदेशक की ओर से कहा गया है कि संबंधित रिक्त पदों को एनआईसीलखनऊ द्वारा विकसित ई-अधियाचन पोर्टल पर भी ऑनलाइन माध्यम से अपलोड किया जा रहा है।

### बीएसएफ को 45 दिनों में सौंप दी जाएगी जमीन : मंत्री

**बोनगांव (पश्चिम बंगाल)।** पश्चिम बंगाल के मंत्री अशोक कीर्तिनया ने रविवार को कहा कि राज्य सरकार बांग्लादेश सीमा पर बाड़ लगाने के लिए 45 दिनों के भीतर सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) को जमीन सौंप देगी। खाद्य और आपूर्ति मंत्री कीर्तिनया ने भूमि अधिग्रहण की प्रगति की समीक्षा करने और जमीनी स्तर के विकास का आकलन करने के लिए बीएसएफ के अधिकारियों से मिले। उन्होंने कहा कि उत्तर 24 परगना जिले के अधिकांश हिस्सों में भूमि अधिग्रहण संतोषजनक ढंग से प्रगति कर रहा है, लेकिन बशीरहाट क्षेत्र में कुछ लोग विरोध कर रहे हैं। मैंने जिला मजिस्ट्रेट से बात की और मुझे बताया गया कि बशीरहाट में तीन मौजों को छोड़कर, कोई समस्या नहीं है। बशीरहाट के कुछ निवासी बाड़ लगाने वाले क्षेत्र से हटने से इनकार कर रहे हैं और कुछ परिवार जो बाड़ के अंदर आएंगे, वे पुनर्वास से इनकार कर रहे हैं।

### राज्य नियंत्रित मंदिरों के पुजारियों के वेतन पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई आज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट सोमवार को राज्य नियंत्रित मंदिरों के पुजारियों, सेवादारों और अन्य कर्मियों के वेतन से जुड़ी याचिका पर सुनवाई करने वाला है। जानकारी के अनुसार, जस्टिस विक्रम नाथ और संदीप मेहता की पीठ अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय द्वारा दायर जनहित याचिका पर सुनवाई कर सकती है। याचिका में केंद्र और राज्यों को निर्देश देने की मांग की गई है कि वे राज्य-नियंत्रित मंदिरों में पुजारियों और मंदिर कर्मचारियों को दिए जाने वाले पारिश्रमिक और अन्य लाभों की समीक्षा के लिए एक न्यायिक आयोग या विशेषज्ञ समिति का गठन करें। उपाध्याय ने बताया कि याचिका का आधार चार अप्रैल को तब बना, जब वे एक कार्यक्रम में शामिल होने वाराणसी गए थे। वहां राज्य नियंत्रित काशी विश्वनाथ मंदिर में रुद्राभिषेके के दौरान पता चला कि पुजारियों और कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन भी नहीं दिया जा रहा है।

# भाजपा के लिए राष्ट्र प्रथम, दल द्वितीय

## भाजपा का बूथ अध्यक्ष भी बन सकता है पार्टी अध्यक्ष, सीएम और पीएम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि अकेले भाजपा ही ऐसी पार्टी है जिसमें एक बूथ का अध्यक्ष भी एक समय पार्टी का प्रदेश और देश का अध्यक्ष भी बन सकता है। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री भी बन सकता है, यह केवल भारतीय जनता पार्टी में संभव है। कारण, यहां पर परिवार नहीं बल्कि पार्टी और कार्यकर्ता मायने रखता है।

सीएम योगी रविवार को गोरखपुर के सहजनवा विधानसभा क्षेत्र स्थित तेनुआ टोल प्लाजा के समीप एक रिजॉर्ट में भाजपा के जिला प्रशिक्षण वर्ग के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 के अंतर्गत पार्टी की जिला इकाई की तरफ से आयोजित इस प्रशिक्षण वर्ग में शामिल प्रतिभागियों को 'राष्ट्र प्रथम' के भाव से अनवरत आगे बढ़ते रहने को प्रेरित किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज कांग्रेस, सपा, राजद, टीएमसी, डीएमके या ऐसे ही भ्रष्टाचार में डूबे अन्य दलों के आचरण को सम्मान नहीं देता है। भाजपा कार्यकर्ता को समाज में सम्मान इसलिए मिलता है कि इस पार्टी के कार्यकर्ता में राष्ट्रवाद और भारतीयता का आचरण मिलता। भाजपा का कार्यकर्ता पार्टी के संस्थापकों के मूल्यों और आदर्शों पर चलते हुए देश की एकता और अखंडता के लिए शुचिता और पारदर्शिता से आचरण और तदनुरूप कार्य करता है।

'भाजपा का इतिहास और विकास' विषय पर केंद्रित जिला प्रशिक्षण वर्ग के उद्घाटन सत्र में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि स्थापना के 50 वर्ष से भी कम समय में भाजपा ने दुनिया के सबसे बड़े राजनीतिक दल के रूप में केंद्र और देश के 22 राज्यों में राष्ट्रवाद की विचारधारा को लागू करने के अभियान को आगे बढ़ाया है। भाजपा देश ही नहीं दुनिया का एकमात्र राजनीतिक दल है जिसने हमेशा और मजबूती से यह घोषणा की है कि राष्ट्र प्रथम, दल द्वितीय और व्यक्ति का हित अंतिम होना चाहिए। सीएम योगी ने कहा कि राष्ट्र प्रथम के भाव से पार्टी के संस्थापकों ने जो मूल्य, आदर्श और संस्कार दिए हैं, उन्हीं का अनुसरण करते हुए कार्यकर्ता जब राष्ट्रवाद की बात करते हैं तो देश ही नहीं दुनिया के भारतवंशियों के सामने पार्टी के रूप में सिर्फ भाजपा का ही चेहरा और कमल का फूल चुनाव निशान सामने होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के न चाहने के बावजूद कांग्रेस सरकार ने देश से विश्वासघात करते हुए कश्मीर में धारा 370 और परमिट सिस्टम लागू कर दिया। इसके खिलाफ सबसे पहले डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने आवाज उठाई। उस समय उन्होंने कहा था कि एक देश मे दो विधान, दो प्रधान, दो निशान नहीं चलेंगे। जब सरकार नहीं मानी तो वे इस अनैतिक, भारत विरोधी, संविधान विरोधी कृत्य का ● शेष पेज 11 पर



### संविधान ठीक से लागू भी नहीं हुआ कि कांग्रेस ने शुरू कर दिया तुष्टिकरण

सीएम योगी ने कहा कि 26 नवंबर 1949 को भारत का संविधान निर्मित हुआ और 26 जनवरी 1950 को भारत ने अपना संविधान अंगीकार किया। देश में संसदीय प्रणाली लागू हुई। पर, अभी पहला आम चुनाव भी नहीं हुआ कि कांग्रेस ने तुष्टिकरण के जिन कारणों से देश का विभाजन हुआ था, उसे ही फिर से भारत की राजनीति का हिस्सा बनाना प्रारंभ कर दिया। अभी संविधान ठीक ढंग से लागू होना प्रारंभ ही नहीं हुआ कि कांग्रेस ने तुष्टिकरण का खेल प्रारंभ किया।

## समय पर उपलब्ध करा दी जाएंगी पुस्तकें : योगी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विद्यालयों में पुस्तकें समय पर उपलब्ध करा दी जाएंगी। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि बच्चे स्कूल के वातावरण से जुड़ें और पढ़ाई के साथ खेलकूद व अन्य गतिविधियों में भी भाग लें। आपस में एक-दूसरे को जानें। उन्होंने कहा कि 'ऑपरेशन कायाकल्प' को नीति आयोग ने देश के सामने एक सफलता की कहानी के रूप में प्रस्तुत किया है। बेसिक शिक्षा परिषद के शिक्षकों, शिक्षामित्रों और अनुदेशकों के सामूहिक प्रयासों से ही यह बदलाव संभव हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की साफ नीयत और स्पष्ट नीति के कारण आज प्रदेश में लगभग एक करोड़ 60 लाख बच्चे बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में अध्ययन कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने बच्चों के लिए जूते-मोजे, यूनिफॉर्म, स्वेटर और अन्य सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित की है। अभिभावकों के बैंक खातों में सीधे ● शेष पेज 11 पर

# लखनऊ में वकीलों के चैंबर हटाने के दौरान पथराव और लाठीचार्ज, कई चोटिल



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। हाईकोर्ट के आदेश पर भारी हंगामे, विरोध के बीच नगर निगम की टीम ने रविवार को कलेक्ट्रेट रोड, पुराने हाईकोर्ट, सिविल कोर्ट और निबंधन कार्यालय (रजिस्ट्री दफ्तर) के आसपास बने वकीलों के चैंबर, अवैध दुकानों को ढहा दिया। बुलडोजर चलाने पहुंची नगर निगम, पुलिस और प्रशासन की टीम को भारी विरोध का सामना करना पड़ा। कार्रवाई के दौरान कई बार पुलिस व वकीलों में टकराव की स्थिति पैदा हो गई। जमकर धक्का-मुक्की, गालीगलौज और मारपीट हुई। हालात इतने बिगड़ गए कि पुलिस को लाठियां चलानी पड़ीं, जबकि गुस्साए वकीलों ने कई बार जेसीबी मशीन पर चढ़कर कार्रवाई रुकवाने की कोशिश की।

वकीलों के पथराव से एक जेसीबी का शीशा टूट गया और पूरे इलाके में घंटों अफरातफरी मची रही। कार्रवाई के दौरान एक चैंबर में एक महिला वकील और उसके भाई ने अपने आपको अंदर बंद कर लिया। उसके भाई ने अंदर चादर से लटक कर फंासी लगाने की कोशिश की। इसने माहौल को और तनावपूर्ण बना दिया। अपराह्न दो बजे के बाद तक पूरा इलाका छावनी में तब्दील रहा। विरोध के चलते कई बार कार्रवाई रोकनी पड़ी और आखिरकार पुलिस तथा नगर निगम की टीम को बैकफुट पर लौटना पड़ा। इन सबके बीच टीम ने 100 से अधिक अतिक्रमण ध्वस्त कर दिए। पथराव में दोनों ओर से दस से ज्यादा को चोटें आई हैं। किसी पक्ष से मुकदमा दर्ज नहीं कराया गया है। डीसीपी पश्चिम कमलेश दीक्षित का कहना है कि भीड़ ने पथराव किया तो पुलिस ने लाठियां फटकारीं। कोई लाठीचार्ज नहीं किया गया है।

वहीं, सेंट्रल बार एसोसिएशन के सदस्य वकीलों ने इस कार्रवाई के विरोध में 20 मई तक सामूहिक अवकाश पर जाने की घोषणा की है। एक महिला वकील ने कहा कि कुछ कुछ लोगों की मिलीभगत से यह सब गलत हो रहा है। जिस जगह पर हमारे वकील बैठते थे, उस जगह को हटाया जा रहा है। अगर वे सभी चैंबर्स को गिराने से पहले बैठने के लिए कोई दूसरी जगह दे देते, तो यह ज़्यादा सही होता। उन लोगों के चैंबर्स भी गिरा दिए, जिन्हें गिराने के लिए निशान भी नहीं लगाए गए थे। 72 चैंबर्स की पहचान की गई थी। उन्हें गिराने का आदेश हाईकोर्ट ने दिया था।

# 'ऑन-स्क्रीन मार्किंग' प्रणाली त्रुटिरहित और अंतरराष्ट्रीय मानक के अनुरूप: शिक्षा मंत्रालय

एजेंसी

नयी दिल्ली। शिक्षा मंत्रालय ने केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की कक्षा 12वीं की परीक्षाओं में 'ऑन-स्क्रीन मार्किंग' (ओएसएम) प्रणाली से अंकों पर असर पड़ने की चिंताओं को रविवार को खारिज किया और पुनर्मूल्यांकन तथा उत्तर पुस्तिका सत्यापन शुल्क घटाकर 100-100 रुपये करने की घोषणा की।

अधिकारियों के अनुसार, यह फैसला विद्यार्थियों की चिंता कम करने के लिए लिया गया है। हालांकि, उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि ओएसएम पूरी तरह त्रुटिरहित है और पारदर्शी मूल्यांकन के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनाई जाने वाली पद्धति है। स्कूल शिक्षा सचिव संजय कुमार ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''कक्षा 12वीं की 98 लाख उत्तर पुस्तिकाएं स्कैन की गईं और इस प्रक्रिया में सुरक्षा के तीन स्तर अपनाए गए। हालांकि, बार-बार स्कैन के बावजूद कुछ उत्तरपुस्तिकाओं में लिखावट स्पष्ट नहीं हो पा रही थी, क्योंकि उनमें इस्तेमाल की गई स्याही का रंग बहुत हल्का था। स्कैन के बाद भी उन उत्तरपुस्तिकाओं को पूरी तरह पढ़ने योग्य नहीं बनाया जा सका। उन्होंने कहा, ''ऐसे मामलों में परीक्षकों को उत्तर पुस्तिकाएं हाथ से जांचने और उसी के अनुसार अंक देने के निर्देश दिए गए। 13,000 से अधिक ऐसी उत्तर पुस्तिकाएं अलग से चिह्नित कर हाथ से जांची गईं और अंक प्रणाली में दर्ज किए गए। उन्होंने ने कहा, ''सुरक्षा स्तर और संबंधित मुद्दों पर विशेष ध्यान दिया गया ताकि 'ऑन-स्क्रीन मार्किंग' के माध्यम से की गई जांच सटीक, पूरी तरह से पारदर्शी और निष्पक्ष बनी रहे। कुमार की ये टिप्पणियां छात्रों और अभिभावकों द्वारा जताई जा रही इन चिंताओं के बीच आई हैं कि कक्षा 12 में उत्तीर्ण प्रतिशत ● शेष पेज 11 पर

शिक्षा मंत्रालय MINISTRY OF EDUCATION सत्यमेव जयते

## होर्मुज पार कर एक और एलपीजी टैंकर भारत पहंचा

❐ मार्च की शुरुआत से अब तक 13 भारतीय ध्वज वाले जहाज होर्मुज पार कर चुके हैं

कांडला (गुजरात)। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और ऊर्जा आपूर्ति संकट के बीच 20 हजार मीट्रिक टन एलपीजी लेकर एक और टैंकर सुरक्षित भारत पहुंच गया है। मार्शल आइलैंड्स के झंडे वाला जहाज 'एमवी सिमी' कतर से रवाना हुआ था और शनिवार रात करीब 11:30 बजे कांडला बंदरगाह पर पहुंचा। इसने 13 मई को होर्मुज जलडमरूमध्य पार किया था। अधिकारियों के अनुसार, मार्च की शुरुआत से अब तक 13 भारतीय ध्वज वाले जहाज होर्मुज जलडमरूमध्य पार कर चुके हैं, जिनमें 12 एलपीजी टैंकर और एक कच्चे तेल का टैंकर शामिल है। 28 फरवरी से शुरू हुए पश्चिम एशिया संघर्ष के बाद इस क्षेत्र में समुद्री यातायात गंभीर रूप से प्रभावित हुआ है। अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच तनावपूर्ण हालात जारी रहने से वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति और कीमतों को लेकर चिंता बढ़ गई है।

# चीनी कंट्रोल वाले पोर्ट के पास एयरपोर्ट को लीज पर दे रहा श्रीलंका

एजेंसी

नई दिल्ली। भारत, श्रीलंका के उस फैसले पर करीब से नजर रख रहा है जिसमें उसने चीन के कंट्रोल वाले हंबनटोटा पोर्ट के पास एक एयरपोर्ट का कंट्रोल विदेशी निवेशकों को देने की पेशकश की है।

इस मामले से जुड़े लोगों ने रविवार को बताया कि यह फैसला हिंद महासागर में अपनी रणनीतिक पकड़ बनाने की कोशिश कर रही भारतीय कंपनियों के लिए अनोखा मौका साबित हो सकता है। श्रीलंका सरकार ने हंबनटोटा में मौजूद मट्टाला राजपक्षे इंटरनेशनल एयरपोर्ट का कंट्रोल लेने के लिए 9 जून तक घरेलू और विदेशी निवेशकों से 'एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट' यानी अपनी दिलचस्पी ज़ाहिर करने को कहा है। यह कंट्रोल 30 साल के 'बिल्ड-ऑपरेट-ट्रांसफर' मॉडल के तहत दिया जाएगा।

साल 2017 में, चीन ने 99 साल की लीज के जरिए हंबनटोटा के अहम पोर्ट का कंट्रोल हासिल कर लिया था। इस बड़े ट्रांजिट हब की जगह को देखते हुए नई दिल्ली में इस बात को लेकर चिंता पैदा हो गई थी। नई दिल्ली इस नए मौके पर पैनी नजर रखे हुए है। मामले से जुड़े लोगों ने बताया कि राजधानी कोलंबो से करीब 250 किलोमीटर दूर स्थित मट्टाला राजपक्षे इंटरनेशनल एयरपोर्ट का पहला दशक काफी मुश्किलों भरा रहा है। साल 2013 में बड़े-बड़े सपनों के साथ शुरू हुए इस प्रोजेक्ट पर 209 मिलियन डॉलर का खर्च आया था, जिसका ज़्यादातर पैसा चीन के 'एक्सपोर्ट-इंपोर्ट बैंक' ने दिया था। हालांकि, शानदार टर्मिनल बिल्डिंग और 3,500 मीटर लंबा रनवे होने के बावजूद, यह एयरपोर्ट अपनी कमर्शियल जरूरतें पूरी करने के लिए जरूरी यात्रियों और एयरलाइंस का ध्यान खींचने में नाकाम रहा। कई सालों तक यह एयरपोर्ट बिना इस्तेमाल के पड़ा रहा और दुनिया भर में इसका मजाक उड़ाया गया। अब, श्रीलंका सरकार ने एक नया 'एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट' जारी किया है, जिसमें घरेलू और विदेशी, दोनों तरह के रणनीतिक निवेशकों कंट्रोल लेने, उसे चलाने और उसे एक आधुनिक एविएशन हब में बदलने के लिए बुलाया गया है। भारत के नज़रिए से, यह प्रोजेक्ट एक रणनीतिक महत्व रखता है, खासकर तब जब चीन इस द्वीपीय देश पर अपना राजनीतिक और आर्थिक प्रभाव बढ़ाने की लगातार कोशिशें कर रहा है।




❐ श्रीलंका के इस कदम पर भारत की नजर

❐ कोलंबो से 250 किलोमीटर दूर है महाला राजपक्षे इंटरनेशनल एयरपोर्ट

# बीस मंत्रियों के साथ वीडी सतीशन आज लेंगे शपथ



❐ यूडीएफ ने 21 सदस्यीय मंत्रिपरिषद के गठन को अंतिम रूप दिया

एजेंसी

तिरुवनंतपुरम/नई दिल्ली/अलाप्पुझा, एजेंसी। कांग्रेस के मनोनीत मुख्यमंत्री वीडी सतीशन सोमवार को 20 मंत्रियों के साथ शपथ लेंगे। संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चे (यूडीएफ) ने केरल के नए 21 सदस्यीय मंत्रिपरिषद के गठन को अंतिम रूप दे दिया है। गठबंधन के नेतृत्व ने शनिवार को तिरुवनंतपुरम में कई महत्वपूर्ण बैठकें कीं। इन बैठकों का उद्देश्य गठबंधन सहयोगियों के बीच मंत्री पदों के आवंटन, विभागों के बंटवारे और प्रतिनिधित्व के मुद्दों को सुलझाना था। सामने आ रहे फॉर्मूले के अनुसार, कैबिनेट में 11 मंत्री कांग्रेस से और पांच आईयूएमएल से शामिल होंगे, जबकि शेष पद केरल कांग्रेस के धड़ों और अन्य सहयोगियों, आरएसपी, केसी-जे, केसी-आई, आरएमपी और सीएमपी को मिलेंगे। कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष का पद भी अपने पास रखने की उम्मीद है, जबकि केरल कांग्रेस को मुख्य सचेतक के पद के साथ उपाध्यक्ष का पद मिलने की संभावना है।

कांग्रेस नेता रमेश चेन्निथला के भी कैबिनेट में शामिल होने पर सहमति बन गयी है। उन्हें गृह और सतर्कता (विजिलेंस) ● शेष पेज 11 पर

# भारत और नीदरलैंड के बीच रक्षा, महत्वपूर्ण खनिजों सहित 17 समझौते

एजेंसी

हेग। बदलती वैश्विक भू-राजनीति के बीच भारत और नीदरलैंड ने अपने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाने का निर्णय लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नीदरलैंड के पीएम रॉब जेटेन के बीच हुई वार्ता के दौरान रक्षा, महत्वपूर्ण खनिजों और अन्य प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए 17 समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए।

शनिवार शाम को हुई अपनी बैठक में दोनों प्रधानमंत्रियों ने पश्चिम एशिया की स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति और व्यापार नेटवर्क में पैदा हुए व्यवधानों के मद्देनजर क्षेत्र और दुनिया पर इसके गंभीर प्रभावों पर चर्चा की। संयुक्त वकत्व में दोनों देशों ने होर्मुज स्ट्रेट के माध्यम से आवाजाही की स्वतंत्रता और वाणिज्य के सुचारू प्रवाह की भी मांग की। साथ ही किसी प्रतिबंध वाले उपायों का विरोध किया। दुनिया की ऊर्जा आपूर्ति का लगभग पांचवां हिस्सा इसी जलमार्ग से गुजरता है, जो 28 फरवरी को ईरान पर अमेरिका और इजरायल के हमले के बाद से बाधित है।



❐ संबंधों को 'रणनीतिक साझेदारी' तक बढ़ाने का फैसला व्यापार, निवेश, रक्षा, सेमीकंडक्टर, अंतरिक्ष, एआई और क्वांटम कंप्यूटिंग पर समझौते

❐ संयुक्त वक्तव्य में होर्मुज में स्वतंत्र आवाजाही की मांग, यूक्रेन युद्ध पर चिंता जताई

यूक्रेन के विषय पर, दोनों पक्षों ने चल रहे युद्ध पर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह युद्ध अत्यधिक मानवीय पीड़ा का कारण बन रहा है और इसके वैश्विक परिणाम सामने आ रहे हैं। दोनों नेताओं ने यूक्रेन में संवाद और कूटनीति के माध्यम से संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतरराष्ट्रीय कानून के आधार पर व्यापक, न्यायसंगत और स्थायी शांति की दिशा में प्रयासों का समर्थन जारी रखने पर सहमति जताई। भारत और नीदरलैंड ने व्यापार, निवेश, रक्षा, सेमीकंडक्टर, अंतरिक्ष, एआई और क्वांटम कंप्यूटिंग जैसे उभरते तकनीकी क्षेत्रों के लिए रणनीतिक साझेदारी रोडमैप पेश किया। इसके साथ ही 'ग्रीन हाइड्रोजन' के विकास पर भी इंडिया-नीदरैंलड रोडमैप भी लॉन्च किया गया। मोदी और जेटेन ने रक्षा उपकरणों, प्रणाली, कंपोनेंट और दूसरी जरूरी क्षमताओं की तकनीक के आदान प्रदान और संयुक्त उपक्रम लगाकर मैन्युफैक्चरिंग करने के लिए रक्षा उद्योग रोडमैप बनाने की संभावनाओं को तलाशने पर भी सहमति जताई। नीदरलैंड यूरोप में भारत के सबसे बड़े ● शेष पेज 11 पर

### अल्पसंख्यकों के अधिकारों पर उठाए सवालों का नीदरलैंड को करारा जवाब

**हेग।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीदरलैंड यात्रा के दौरान भारत ने प्रेस की स्वतंत्रता और अल्पसंख्यकों के अधिकारों पर उठाए गए सवालों को समझ की कमी बताते हुए खारिज कर दिया। शनिवार को प्रेस ब्रीफिंग के दौरान, जब एक डच पत्रकार ने भारत में मुस्लिम और अन्य छोटे समुदायों के प्रति व्यवहार और प्रेस की आजादी पर चिंता जताई, तो विदेश मंत्रालय के सचिव (पश्चिम) सिबी जॉर्ज ने भारतीय लोकतंत्र और विविधता का पुरजोर बचाव किया। सिबी जॉर्ज ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि ऐसे सवाल अक्सर भारत की जमीनी हकीकत को न समझ पाने के कारण पूछे जाते हैं। उन्होंने भारत को एक सभ्यतागत राज्य बताते हुए कहा कि 1.4 अरब की आबादी वाला यह देश 5,000 साल पुरानी विविधता और बहुलवाद का प्रतीक है। जॉर्ज ने कहा कि भारत चार प्रमुख धर्मों (हिंदू, बौद्ध, जैन और सिख) की जन्मस्थली है। दुनिया में कोई दूसरा ऐसा देश नहीं है। उन्होंने कहा, भारत शायद उन दुर्लभ देशों में से एक है जहां यहूदी आबादी ने कभी उत्पीड़न का सामना नहीं किया। ईसाई धर्म यूरोप से पहले भारत आया और पैगंबर मोहम्मद के समय ही इस्लाम भारत पहुंच गया था। उन्होंने कहा कि आजादी के समय भारत में अल्पसंख्यकों की आबादी 11% थी, जो अब बढ़कर 20% से अधिक हो गई है। उन्होंने चुनौती देते हुए पूछा, दुनिया का ऐसा कोई देश बताएं जहां अल्पसंख्यकों की आबादी इस तरह बढ़ी हो? सचिव ने भारतीय लोकतंत्र को शोर-शराबे वाला लोकतंत्र बताया और कहा कि यहां हर किसी को अभिव्यक्ति की आजादी है, जिस पर हमें गर्व है। उन्होंने हालिया चुनावों में 90% से अधिक मतदान का उदाहरण देते हुए इसे दुनिया का सबसे जीवंत लोकतंत्र करार दिया। भारत ने यह भी स्पष्ट किया कि पिछले 25 वर्षों से 8% की दर से विकास करते हुए वह दुनिया की सबसे तेज बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था है, और यह प्रगति लोकतांत्रिक सिद्धांतों से समझौता किए बिना हासिल की गई है। सिबी जॉर्ज ने आलोचकों को भारत आने का निमंत्रण दिया ताकि वे खुद देख सकें कि भारत किस तरह से जीता है?

## गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में विभिन्न जिलों से आए लोगों से मुलाकात की

# सबकी समस्या का निराकरण सरकार की प्रतिबद्धता : योगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान लगातार दूसरे दिन रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में विभिन्न जिलों से आए लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति की समस्या का समाधान, सरकार की प्रतिबद्धता है।

मुख्यमंत्री ने अफसरों को निर्देशित किया कि वे पूरी तत्परता और संवेदनशीलता से यह सुनिश्चित करें कि बिना भेदभाव सबको न्याय मिले। हर पात्र को जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले,जरूरतमंदों के समुचित इलाज की व्यवस्था हो,जमीन कब्जाने वाले भू-माफिया व दबंगों के खिलाफ कठोर कार्रवाई हो। गोरखनाथ मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के बाहर आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने करीब 150 लोगों की समस्याएं सुनीं। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को आश्वस्त किया कि हर समस्या का प्रभावी समाधान कराया जाएगा। जनता दर्शन में एक महिला ने परिवार की कमजोर आर्थिक स्थिति का जिक्र कर बिटिया के विवाह में सहायता देने का अनुरोध किया। सीएम योगी ने जब महिला को प्रति जोड़ा एक लाख रुपये आवंटन वाले मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के बारे में बताया तो वह खुश हो गई। महिला ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि योजना का लाभ उसकी बिटिया को भी दिला दीजिए। इस पर सीएम योगी ने अधिकारियों को जरूरी प्रक्रिया पूर्ण करने को निर्देशित किया।

जनता दर्शन में गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए कई लोगों से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो भी जरूरतमंद हैं,प्रशासन उनके उच्च स्तरीय इलाज का इस्टीमेट शीघ्रता से बनवाकर उपलब्ध कराए। इस्टीमेट मिलते ही सरकार तुरंत धन उपलब्ध कराएगी। राजस्व और कानून व्यवस्था से जुड़े मामलों में मुख्यमंत्री ने शीघ्रता से निस्तारण के निर्देश दिए। परंपरा को रचनात्मक तरीके से प्रस्तुत किया जाएगा। आयोजकों का मानना है कि यह प्रदर्शनी युवाओं और कला प्रेमियों को भारतीय सांस्कृतिक विरासत को नए दृष्टिकोण से समझने का अवसर देगी।

### योगी ने गोशाला के कार्यकर्ताओं को गोवंश के समुचित देखभाल के निर्देश दिए

**गोरखपुर।** गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान रविवार सुबह जनता दर्शन के माध्यम से जनसेवा करने के साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंदिर की गोशाला में जाकर गोसेवा में भी रमे रहे। उन्होंने गोवंश को खूब दुलारा और उन्हें गुड़ खिलाया। गर्मी को देखते हुए गोशाला के कार्यकर्ताओं को गोवंश के समुचित देखभाल के निर्देश दिए। गोरखनाथ मंदिर प्रवास पर रविवार प्रातः काल सीएम योगी की दिनचर्या परंपरागत रही। उन्होंने गोरखनाथ मंदिर में शिवावतार महायोगी गुरु गोरखनाथ का दर्शन-पूजन किया और अपने गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि स्थल पर जाकर शीश झुकाकर आशीर्वाद लिया। इसके बाद मंदिर परिसर का भ्रमण करते हुए गोशाला में पहुंचे और वहां गोवंश को गुड़ खिलाकर गोसेवा की।

# राज्य संग्रहालय में एक महीने तक चलेगी 'आदियोगी शिव' प्रदर्शनी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस 2026 के अवसर पर राजधानी लखनऊ के राज्य संग्रहालय में कला, संस्कृति और विरासत से जुड़े कई विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 19 मई को आयोजित होने वाले इस समारोह में पाश्चात्य शैली मूर्तिकला वीथिका का लोकार्पण किया जाएगा। कार्यक्रम में प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इस अवसर पर प्रो.मांडवी सिंह, प्रो.राजीव नयन और प्रसिद्ध कलाकार संगीता गुप्ता भी उपस्थित रहेंगी।

इसी दौरान 'आदियोगी शिवः ए जर्नी इन कॉस्मिक इंडिगो' नामक विशेष टेक्सटाइल प्रदर्शनी का उद्घाटन भी किया जाएगा। यह प्रदर्शनी 19 मई से 19 जून 2026 तक राज्य संग्रहालय की अस्थाई वीथिका में आम दर्शकों के लिए लगाई जाएगी। प्रदर्शनी के माध्यम से भगवान शिव की आध्यात्मिक अवधारणा,भारतीय कला और वस्त्र परंपरा को रचनात्मक तरीके से प्रस्तुत किया जाएगा। आयोजकों का मानना है कि यह प्रदर्शनी युवाओं और कला प्रेमियों को भारतीय सांस्कृतिक विरासत को नए दृष्टिकोण से समझने का अवसर देगी।

अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों और युवाओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया है। इसके अंतर्गत अन्तर्विद्यालयीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता,अन्तर्विद्यालयीय निबंध प्रतियोगिता और विश्वविद्यालय स्तरीय कैनवास पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य नई पीढ़ी को संग्रहालयों,इतिहास,कला और भारतीय संस्कृति से जोड़ना तथा उनमें रचनात्मकता और सांस्कृतिक जागरूकता को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम के दौरान प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और पुरस्कार भी वितरित किए जाएंगे। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि,संग्रहालय हमारी सांस्कृतिक विरासत,इतिहास और सभ्यता के जीवंत केंद्र हैं,जो नई पीढ़ी को अपनी जड़ों और भारतीय परंपराओं से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि कला, इतिहास और संस्कृति से जुड़े ऐसे आयोजन युवाओं में रचनात्मकता और सांस्कृतिक जागरूकता बढ़ाने के साथ उन्हें भारतीय विरासत को नए दृष्टिकोण से समझने का अवसर भी प्रदान करते हैं। पर्यटन मंत्री ने बताया कि राज्य सरकार संग्रहालयों को केवल प्रदर्शनी स्थल नहीं,बल्कि सांस्कृतिक संवाद और सीखने के सशक्त मंच के रूप में विकसित करने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है।

# ऊर्ज़ा मंत्री शर्मा ने 132 केवी विद्युत उपकेंद्र का किया शिलान्यास




कैनविज टाइम्स संवाददाता

मऊ। उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्ज़ा मंत्री ए.के. शर्मा ने मऊ जनपद के मधुबन तहसील क्षेत्र में 132/33 केवी विद्युत उपकेंद्र का विधिवत भूमि पूजन एवं शिलान्यास किया।

लगभग 61.11 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इस अत्याधुनिक विद्युत उपकेंद्र की कुल क्षमता 2गुणा63 एमवीए (126 एमवीए) होगी, जिससे मऊ जनपद की मधुबन तहसील तथा बलिया जनपद की बेल्थरा रोड तहसील के लाखों उपभोक्ताओं को सीधा लाभ मिलेगा। इस अवसर पर श्री शर्मा ने कहा कि क्षेत्र में बढ़ती विद्युत मांग और सतत विकास को ध्यान में रखते हुए इस नवीन विद्युत उपकेंद्र का निर्माण अत्यंत आवश्यक था। वर्तमान में क्षेत्र के निकटतम 132 केवी उपकेंद्र कटघर महलू, सेभरी जमालपुर एवं सिकंदरपुर (बलिया) काफी दूरी पर स्थित हैं, जिसके कारण विद्युत आपूर्ति प्रभावित होती थी। उन्होंने बताया कि नए उपकेंद्र के निर्माण के बाद 33 केवी लाइनों की लंबाई कम हो जाएगी, जिससे ब्रेकडाउन की घटनाओं में कमी आएगी तथा लो-वोल्टेज की समस्या से भी राहत मिलेगी। इससे बेलौली, भोलना पार, मधुबन ओल्ड, बेल्थरा रोड, पशुहारी एवं दुपार सहित कई विद्युत उपकेंद्रों की आपूर्ति व्यवस्था अधिक सुदृढ़ होगी।

# वाराणसी में 8,944 भवन स्वामियों ने उठाया टैक्स में छूट का लाभ

## गृहकर, जलकर व सीवर कर आनलाइन जमा करने वालों को 12 प्रतिशत की छूट,अब तक 14,294 भवन स्वामियों ने कराया टैक्स दर्ज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

वाराणसी। उत्तर प्रदेश में वाराणसी नगर निगम 15 जुलाई तक गृहकर, जलकर व सीवर कर जमा करने वाले भवन स्वामियों को 10 प्रतिशत की छूट दे रहा है। वहीं, डिजिटल ट्रांजैक्शन को बढ़ावा देने के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 का ऑनलाइन टैक्स करने वाले भवन स्वामियों को दो प्रतिशत की अतिरिक्त यानी 12 प्रतिशत की छूट मिल रही है। निगम के इस छूट वाले ऑफर का जनता जमकर लाभ उठा रही है। अब तक शहर के कुल 14,294 भवन स्वामियों ने 7.65 करोड़ रुपये का टैक्स जमा कर दिया है। इसमें से 8,944 भवन स्वामियों ने छूट का सीधा लाभ लेते हुए कुल 3.80 करोड़ रुपये राजकोष में जमा किए हैं। रविवार को यह जानकारी नगर निगम के जनसम्पर्क कार्यालय ने दी। बताया गया कि टैक्स जमा करने वालों में 5,350 भवन स्वामी ऐसे हैं जिन्होंने निगम की वेबसाइट www.nnvns.org.in पर जाकर ऑनलाइन माध्यम का उपयोग किया है, जबकि 8,944 भवन स्वामियों ने नगर निगम के काउंटर पर आकर सीधे टैक्स का भुगतान किया है। नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने बताया कि नगर निगम कार्यकारिणी की मंजूरी के बाद, वर्तमान वित्तीय वर्ष में 7 मई से 15 जुलाई तक शहर के करीब 2.33 लाख भवन स्वामियों को इस छूट का लाभ दिया जा रहा है। वहीं, जिन जागरूक नागरिकों ने 1 अप्रैल से 6 मई के बीच ही अपना टैक्स जमा कर दिया था, उन्हें भी चिंता करने की जरूरत नहीं है। ऐसे भवन स्वामियों की छूट की राशि को अगले वित्तीय वर्ष के टैक्स में समायोजित कर दिया जाएगा, इसलिए उन्हें अपनी छूट की रकम को लेकर चिंता करने की बिल्कुल आवश्यकता नहीं है। निगम ने इस बार सामाजिक सरोकार को ध्यान में रखते हुए कई संवेदनशील निर्णय भी लिए हैं।

नगर आयुक्त के मुताबिक, दृष्टिहीन और 80 प्रतिशत से अधिक विकलांगता (दिव्यांगता) वाले भवन स्वामियों का टैक्स पूरी तरह से (100 फीसदी) माफ कर दिया गया है। हालांकि, इस पूर्ण माफी का लाभ उठाने के लिए सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किया गया दिव्यांगता प्रमाण पत्र निगम कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। इसके अलावा, देश और समाज के लिए विशेष योगदान देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों और पद्म अवार्डी नागरिकों को भी सम्मान देते हुए गृहकर, सीवरकर एवं जलकर में 50 प्रतिशत की विशेष छूट दी जा रही है।

### सड़क दुर्घटना में घायल अधेड़ की इलाज के दौरान मौत

**मोहनलालगंज लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत एक माह पूर्व दुर्घटना में घायल अधेड़ की इलाज के दौरान मौत हो गई परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं। मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के पुरसेनी गांव निवासिनी शशि शर्मा ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि मेरे पति राजेंद्र शर्मा उम्र लगभग 58 वर्ष जो ओमेक्स सिटी स्थित एक ट्रेडर्स की दुकान पर कार्य करते थे वह बीते 12 अप्रैल को अपनी साइकिल से काम पर जा रहे थे तभी रायबरेली लखनऊ हाईवे पर गोपाल खेड़ा पुल के पास स्थित नंदिनी ढाबे के पास अज्ञात ऑटो ने मेरे पति को पीछे से टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें पुलिस की मदद से ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया था जहां इलाज के दौरान एक महीने बाद बीते 12 मई को उनकी मृत्यु हो गई। मृतक के घर में पत्नी शशि बेटा राहुल एवं एक शादीशुदा बेटी आकांक्षा रो रो कर बुरा हाल है।

### कोरांव तहसील में अंश निर्धारण में गड़बड़ीः आधार, फोन नंबर और नाम चयन के बिना हो रहा काम

**(कोरांव), प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** प्रयागराज की कोरांव तहसील में खतौनी अंश निर्धारण के कार्य में गंभीर अनियमितताएं सामने आई हैं। लेखपालों द्वारा आधार नंबर, फोन नंबर और खतौनी में नाम आने के आधार का चयन किए बिना ही अंश निर्धारण किया जा रहा है। इस प्रक्रिया में कई त्रुटियां पाई जा रही हैं, जिससे सही अंश का निर्धारण नहीं हो पा रहा है। बताया जा रहा है कि उच्चाधिकारियों के दबाव में यह कार्य तेजी से किया जा रहा है, लेकिन निर्धारित कॉलमों को पूरी तरह से भरा नहीं जा रहा है। सरकार जिस मंशा के साथ अंश निर्धारण करवा रही है, इन त्रुटियों के कारण वह पूरी नहीं हो पा रही है और किसानों की समस्याएं बनी रहने की आशंका है। स्थानीय किसानों ने इस संबंध में सही अंश निर्धारण कराने की मांग की है। फिलहाल, उपजिलाधिकारी (एसडीएम) और तहसीलदार अंश निर्धारण के कार्य को तेजी से पूरा करवा रहे हैं, ताकि इसे समय पर निपटाया जा सके।

### दो मोटरसाइकिलों की टक्कर में युवक की मौत, भाभी एवं बहन घायल

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में स्थित घूरपुर थाना क्षेत्र के करमा गांव के समीप रविवार को दो मोटरसाइकिलों की भिड़ंत में एक युवक की मौत हो गई। हादसे में युवक की बहन एवं भाभी घायल हुई हैं। हादसे के बाद दोनों घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# श्री काशी विश्वनाथ मंदिर क्षेत्र में शुरू हुई पीएनजी सेवा, मां अन्नपूर्णा रसोई घर को मिली नई सुविधा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर परिसर स्थित काशी अन्नपूर्णा अन्नक्षेत्र ट्रस्ट से संचालित मां अन्नपूर्णा रसोई घर यूनिट-1 एवं यूनिट-2 में रविवार को पीएनजी (पाइप्ड नेचुरल गैस) सेवा का शुभारंभ किया गया। यह सुविधा गेल (इंडिया) लिमिटेड की वाराणसी सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन परियोजना के अंतर्गत शुरू की गई है।

पीएनजी सेवा का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि वाराणसी शहर दक्षिणी के विधायक व प्रदेश के पूर्व मंत्री डॉ नीलकंठ तिवारी, गेल इंडिया के कार्यकारी निदेशक एच.के. गर्ग तथा काशी अन्नपूर्णा मठ के महंत शंकर पुरी महाराज ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर ट्रस्ट के कार्यकारी न्यासी जनार्दन शर्मा सहित गेल इंडिया के कई वरिष्ठ अधिकारी व क्षेत्रीय विशिष्ट जन भी मौजूद रहे। इस अवसर पर विधायक डॉ. नीलकंठ तिवारी ने कहा कि मां अन्नपूर्णा सेवा ट्रस्ट में पीएनजी सेवा की शुरुआत बड़ी उपलब्धि है। यहां प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करते हैं और नई व्यवस्था से भोजन निर्माण एवं प्रसाद वितरण अधिक सुरक्षित और सुचारु होगा। गेल इंडिया के एच.के. गर्ग ने बताया कि अब तक दोनों यूनिटों में हर महीने करीब 600 एलपीजी सिलेंडरों का उपयोग होता था। पीएनजी सेवा शुरू होने से सिलेंडरों पर निर्भरता कम होगी और यह व्यवस्था पर्यावरण के अनुकूल होने के साथ अधिक सुविधाजनक भी साबित होगी। महंत शंकर पुरी महाराज ने गेल इंडिया की टीम को बधाई देते हुए कहा कि मंदिर क्षेत्र की संकरी गलियों में इतनी तेजी से पीएनजी गैस आपूर्ति शुरू करना सराहनीय कार्य है।

# मुख्यमंत्री के हाथों चेक पाकर भावुक हुए अनुदेशक, कहा-सरकार ने दिया सम्मान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने बेसिक शिक्षा विभाग के अंतर्गत कार्यरत हजारों अंशकालिक अनुदेशकों को बड़ी सौगात देते हुए उनके मानदेय में ऐतिहासिक बढ़ोतरी की है। इसके बाद प्रदेशभर के अनुदेशकों में खुशी की लहर है।

रविवार को लखनऊ स्थित लोकभवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हाथों चेक पाकर अनुदेशकों के चेहरे भी खुशी से खिल उठे। सभी अनुदेशकों ने एक स्वर में मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार ने उनकी वर्षों पुरानी मांग पूरी कर उन्हें सम्मान देने का काम किया है। दरअसल, 24717 अंशकालिक अनुदेशकों का मानदेय वृद्धि 1 अप्रैल 2026 से 9 हजार रुपये बढ़ाकर 17 हजार रुपये प्रतिमाह कर दिया है। इस उपलक्ष्य में लोकभवन में अनुदेशक सम्मान समारोह एवं चेक वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।




आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चयनित 14 अनुदेशकों को चेक वितरित कर उन्हें सम्मानित किया। मुख्यमंत्री के हाथों चेक पाकर अनुदेशकों के चेहरे खिल उठे। उन्होंने इसे योगी सरकार की संवेदनशीलता और शिक्षा कर्मियों के प्रति सम्मान की भावना बताया। रायबरेली की अनुदेशक शिखा सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री के हाथों चेक पाकर उन्हें बेहद खुशी हुई है।

शिखा सिंह ने बताया कि पहले 9 हजार रुपये में परिवार चलाना मुश्किल होता था, लेकिन अब सीधे 17 हजार रुपये मानदेय मिलने से बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार ने अनुदेशकों की समस्याओं को गंभीरता से समझा है। ऐसे ही लखनऊ के कौशलेन्द्र सिंह चौहान ने कहा कि मुख्यमंत्री ने न केवल मानदेय बढ़ाया है बल्कि अनुदेशकों के लिए 5 लाख रुपये तक की कैशलेस चिकित्सा सुविधा भी लागू किया है।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए अनुदेशकों को चेक सौंपे। इनमें गोरखपुर के देवेंद्र लाल, वाराणसी के सुभाष सिंह, अयोध्या के उपेंद्र कुमार शुक्ला, लखीमपुर खीरी के प्रवीण राणा, रायबरेली की शिखा सिंह, बाराबंकी की हिना खातून और दीप्ति वर्मा, सीतापुर की प्राची मिश्रा, हमीरपुर के कामता प्रसाद राजपूत, लखनऊ के कौशलेन्द्र सिंह और सुमित पाल, अलीगढ़ की सलोनी कसेरे, उन्नाव की रश्मि यादव तथा हरदोई की रश्मि सिंह शामिल रहे। इस अवसर पर प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था में हुए व्यापक सुधारों को लेकर बेसिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश में स्वास्थ्य एवं शारीरिक शिक्षा के लिए 9,645 तथा कार्यानुभव शिक्षा के लिए 6,192 अनुदेशक कार्यरत हैं, जो विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

### सड़क दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान दर्दनाक मौत,



**मलिहाबाद/लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** मलिहाबाद थाना क्षेत्र में कसमंडी-बहेलिया मार्ग पर हुए सड़क हादसे में एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है। जानकारी के अनुसार किठाईपारा निवासी अजय गौतम 26 वर्ष पुत्र रूपन गौतम रविवार को दोपहर में घर से किसी काम से बहेलिया जा रहा था। तभी गांव से बाहर निकलते ही कसमंडी-बहेलिया रोड पर किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे तत्काल नजदीकी अस्पताल पहुंचाया, डॉक्टरों नें हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। जहां इलाज के दौरान अजय की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के परिवार में पिता रूपन, माता सुनीता सहित तीन भाई हैं। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। इस संबंध में पुलिस नें बताया कि प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार के चलते बाइक अनियंत्रित होकर गिरने की बात सामने आ रही है। अगर युवक हेलमेट पहने होता तो शायद उसकी जान बच सकती थी, हालांकि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों और अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है।

### उच्च प्राथमिक विद्यालयों के संचालन में अनुदेशकों की भूमिका अहम : दयाशंकर सिंह

बलिया। जिले के परिषदीय उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत अंशकालिक अनुदेशकों को रविवार को विकास भवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मानदेय वितरित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि भारत सनातन परंपरा वाला देश है, जहां शिक्षक का स्थान सर्वोच्च माना गया है। उन्होंने कहा कि अंशकालिक अनुदेशक परिषदीय विद्यालयों के अभिन्न अंग हैं और वे विद्यालयों में सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक शिक्षा का दायित्व बखूबी निभा रहे हैं। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में लोक भवन लखनऊ से आयोजित सम्मान समारोह के सजीव प्रसारण से हुई। विकास भवन सभागार में उपस्थित सैकड़ों अनुदेशकों एवं अतिथियों ने एक साथ लाइव प्रसारण देखा।

## मैन्युफैक्चरिंग, वेयरहाउसिंग और सप्लाई चेन नेटवर्क को मिल रही मजबूती

# पूर्वांचल से पश्चिमी यूपी तक विकसित हो रहा मल्टीमोडल लॉजिस्टिक्स नेटवर्क

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। पूर्वांचल से लेकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश तक तेजी से विकसित हो रहा मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स नेटवर्क अब प्रदेश की नई आर्थिक ताकत बनकर उभर रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में एक्सप्रेस-वे, डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर, मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स हब, एयरपोर्ट और वेयरहाउसिंग इंफ्रास्ट्रक्चर का ऐसा व्यापक नेटवर्क तैयार किया जा रहा है, जिसने उत्तर प्रदेश को देश के सबसे तेजी से विकसित हो रहे लॉजिस्टिक्स और कनेक्टिविटी हब में शामिल कर दिया है। यही वजह है कि प्रतिष्ठित लीड्स 2025 रिपोर्ट में उत्तर प्रदेश को एग्जम्पलर श्रेणी में स्थान मिला है।

रिपोर्ट के अनुसार इंफ्रास्ट्रक्चर, लॉजिस्टिक्स सेवाओं, रेगुलेटरी वातावरण और डिजिटल सिस्टम जैसे प्रमुख मानकों पर उत्तर प्रदेश का प्रदर्शन राष्ट्रीय औसत और अन्य लैंडलॉक राज्यों से बेहतर रहा है। सड़क, रेल, एयरपोर्ट, टर्मिनल इंफ्रास्ट्रक्चर और फर्स्ट एवं लास्ट माइल कनेक्टिविटी में हुए सुधारों ने प्रदेश को निवेश और औद्योगिक विकास का नया केंद्र बना दिया है। योगी सरकार द्वारा विकसित पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे, बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे, गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे, आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे, यमुना एक्सप्रेस-वे और निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेस-वे पूर्वी, मध्य और पश्चिमी उत्तर प्रदेश को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और प्रमुख औद्योगिक शहरों से जोड़ रहे हैं। इससे माल परिवहन तेज हुआ है और उद्योगों को सप्लाई चेन में बड़ी सहूलियत मिल रही है।

प्रदेश की रणनीतिक स्थिति को ईस्टर्न और वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर ने और मजबूत किया है। ग्रेटर नोएडा के दादरी में 7,000 करोड़ रुपये से अधिक लागत से विकसित हो रहा मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स हब उत्तर भारत में कार्गो, कंटेनर मूवमेंट और वेयरहाउसिंग का प्रमुख केंद्र बनने जा रहा है। वहीं बोराकी रेलवे स्टेशन पर मल्टीमॉडल ट्रांसपोर्ट हब तथा कानपुर, गोरखपुर और टप्पल-बजना में नए लॉजिस्टिक्स पार्क विकसित किए जा रहे हैं। यही नहीं, गंगा एक्सप्रेस-वे कॉरिडोर के किनारे मेरठ, हापुड़, अमरोहा, संभल, बदायूं, शाहजहांपुर, हरदोई, उन्नाव, रायबरेली, प्रतापगढ़ और प्रयागराज में इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग एंड लॉजिस्टिक क्लस्टर्स विकसित करने की योजना है। इससे मैन्युफैक्चरिंग, वेयरहाउसिंग और सप्लाई चेन नेटवर्क को नई मजबूती मिलेगी।

### ❐ एग्री-लॉजिस्टिक्स और वेयरहाउसिंग सेक्टर का भी तेजी से विस्तार

प्रदेश में एग्री-लॉजिस्टिक्स और वेयरहाउसिंग सेक्टर का भी तेजी से विस्तार हो रहा है। मल्टी-कमोडिटी कूलिंग सेंटर, कोल्ड स्टोरेज यूनिट्स और आधुनिक लॉजिस्टिक्स सुविधाएं कृषि उत्पादों की स्टोरेज और वितरण व्यवस्था को मजबूत कर रही हैं। ई-कॉमर्स, रिटेल, फूड प्रोसेसिंग और एक्सपोर्ट आधारित उद्योगों के लिए समर्पित वेयरहाउसिंग सुविधाएं विकसित की जा रही हैं। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट, जेवर भी उत्तर भारत के सबसे बड़े एविएशन और कार्गो गेटवे के रूप में उभर रहा है। एयरपोर्ट की एक्सप्रेस-वे और फ्रेट कॉरिडोर से सीधी कनेक्टिविटी पश्चिमी उत्तर प्रदेश में विश्वस्तरीय मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स इकोसिस्टम तैयार कर रही है। इसके साथ ही वाराणसी मल्टीमॉडल टर्मिनल और इनलैंड वाटरवे नेटवर्क के जरिए नदी आधारित लॉजिस्टिक्स को भी मजबूत किया जा रहा है, जिससे कम लागत वाले कार्गो परिवहन और मल्टीमॉडल फ्रेट इंटीग्रेशन को बढ़ावा मिलेगा।

राज्य सरकार के प्रवक्ता के अनुसार योगी सरकार ने लॉजिस्टिक्स और वेयरहाउसिंग सेक्टर में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए कई सुधार लागू किए हैं। 'निवेश मित्र' सिंगल विंडो सिस्टम और जीआईएस आधारित डिजिटल प्लानिंग टूल्स के जरिए अनुमोदन प्रक्रिया को तेज और पारदर्शी बनाया गया है। राज्य में लॉजिस्टिक्स और वेयरहाउसिंग सेक्टर में हजारों करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव स्वीकृत किए जा चुके हैं। लीड्स 2025 में मिली यह उपलब्धि इस बात का प्रमाण है कि उत्तर प्रदेश अब केवल एक लैंडलॉक राज्य नहीं, बल्कि भारत की भविष्य की सप्लाई चेन, मैन्युफैक्चरिंग और आर्थिक विकास का प्रमुख केंद्र बनता जा रहा है।

# 30 लोगों को मिले नि:शुल्क चश्मे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। जब जनप्रतिनिधि स्वयं गांव की चौपाल तक पहुँचकर लोगों की समस्याएँ सुनने लगे, तब विकास केवल सरकारी प्रक्रिया नहीं, बल्कि जनविश्वास का सशक्त माध्यम बन जाता है। इसी भावना के साथ सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा संचालित 'आपका विधायक आपके द्वार' अभियान निरंतर ग्रामीणों के बीच संवाद, समाधान और सेवा का प्रभावी माध्यम बन रहा है।

इसी क्रम में 168 सप्ताह से लगातार चल रहे 'आपका विधायक आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन मजरा शिवदीन खेड़ा, ग्राम पंचायत हरौनी, सरोजनीनगर मंडल में किया गया, जहाँ बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने सहभागिता कर अपनी समस्याएँ एवं सुझाव प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के दौरान जनसमस्याओं के त्वरित समाधान पर विशेष जोर दिया गया। इस अवसर पर हैंडपंप, वृद्धावस्था पेंशन, विधवा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, स्ट्रीट लाइट, सोलर लाइट,



❒ 168 सप्ताह से लगातार 'आपका विधायक आपके द्वार', डॉ. राजेश्वर सिंह का जनसंवाद अभियान बना ग्रामीणों के विश्वास का सबसे मजबूत मंच

नाला निर्माण, सामुदायिक शौचालय, पाइपलाइन मरम्मत एवं नलकूप सहित कुल 30 जनआवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त प्रार्थना पत्रों के शीघ्र निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

सेवा एवं सामाजिक सरोकारों के क्रम में कार्यक्रम के दौरान 40 वरिष्ठ नागरिकों की नेत्र जांच कराई गई तथा 30 लोगों को नि:शुल्क चश्मों का वितरण किया गया। स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी इस पहल को क्षेत्रवासियों द्वारा विशेष सराहना प्राप्त हुई। कार्यक्रम में शिक्षा एवं युवा प्रोत्साहन को भी प्रमुखता दी गई। मेधावी विद्यार्थियों – अभिषेक शर्मा (कक्षा 10वीं, 62%), श्रुति शुक्ला (कक्षा 12वीं, 79.80%), अखिल शर्मा (कक्षा 12वीं, 61.20%) एवं स्वाती (कक्षा 10वीं, 87.50%) – को साइकिल वितरित कर सम्मानित एवं प्रोत्साहित किया गया। इसके साथ ही युवा शक्ति को खेलों एवं सकारात्मक गतिविधियों से जोड़ने हेतु 182वें बॉयज यूथ क्लब एवं 117वें गर्ल्स यूथ क्लब का गठन किया गया। क्लबों के माध्यम से बच्चों एवं युवाओं को क्रिकेट, वॉलीबॉल, बैडमिंटन एवं कैरम किट प्रदान की गईं, जिससे युवाओं में खेल भावना, अनुशासन एवं नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा मिल सके। इस अवसर पर पूर्व प्रधान बृजेश कुमार सिंह, लल्लन शुक्ला, ललित तिवारी, मोतीलाल शर्मा, विनोद कुमार सिंह, सेक्टर संयोजक गोविंद सिंह, संदीप कुमार, रमेश कुमार शर्मा, आनंद बाजपेई, संतोष कुमार शुक्ला, गौरी, रामरती, अंजलि शर्मा, सौरभ शर्मा, अजय शुक्ला, प्रधान प्रतिनिधि सुखदेव रावत, नन्ही, सुषमा, शिव भगवान सिंह, समर सिंह, योगेश सिंह, प्रधान प्रतिनिधि गंगाराम भारती, मधु चौरसिया एवं सुहागवती चौरसिया सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। 'आपका विधायक आपके द्वार' अभियान के माध्यम से डॉ. राजेश्वर सिंह निरंतर सेवा, संवाद और विकास को जनसरोकारों से जोड़ते हुए सरोजनीनगर में जनविश्वास का नया अध्याय लिख रहे हैं।

# ड्यूटी से लौट रहे युवक को रोककर बदमाशों ने छीनी बाइक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निगोहां, लखनऊ। क्षेत्र में रविवार तड़के उस समय सनसनी फैल गई, जब ड्यूटी से घर लौट रहे एक युवक को बाइक सवार तीन बदमाशों ने एक युवक को रास्ते में रोककर मारपीट की और उसकी मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन व नकदी लूटकर फरार हो गए। वारदात के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। रायबरेली जनपद के बछरावां थाना क्षेत्र के सेहगों पश्चिम निवासी अजीत सिंह पुत्र साहबदीन ने पुलिस को बताया कि वह रविवार तड़के करीब 3:20 बजे ड्यूटी खत्म कर अपनी मोटरसाइकिल यूपी-32-आरजे-6248 से घर लौट रहा था। जैसे ही वह निगोहां क्षेत्र के लालपुर दखिना टावर के पास पहुंचा, तभी पीछे से आए एक बाइक पर सवार तीन युवकों ने ओवरटेक कर उसकी बाइक रोक ली। पीड़ित के मुताबिक बदमाशों ने गाली-गलौज करते

❒ लालपुर दखिना टावर के पास वारदात, मारपीट कर मोबाइल और नकदी भी लूटी, सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस



हुए उसके साथ मारपीट शुरू कर दी और धक्का देकर नीचे गिरा दिया। इसके बाद उसकी मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन और जेब में रखे करीब 500 रुपये नकद लूटकर फरार हो गए। पूरी घटना इतनी तेजी से हुई कि वह संभल भी नहीं सका।

घटना की सूचना पर पहुंची निगोहां पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है। पुलिस तकनीकी सर्विलांस और मुखबिरों की मदद से बदमाशों की पहचान में जुटी है। सहायक पुलिस आयुक्त मोहनलालगंज ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर पुलिस टीमों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रभारी निगोहां अनुज कुमार तिवारी ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया जाएगा।

# सभी ऋण चुकाये जा सकते हैं किन्तु माँ का ऋण नहीं चुकाया जा सकता : सध्वी सत्यागिरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। आशियाना सेक्टर के जगदम्बेश्वर पार्क मे आयोजित 7 दिवसीय श्रीमद भागवत कथा ज्ञान महोत्सव कार्यक्रम का रविवार को समापन हो गया। समापन के अवसर पर श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर साध्वी सत्यागिरी जी के श्रीमुख से श्रीमदभागवत कथा किया गया जिसमे 24 गुरुओ की पूरी कथा बताई गई साथ बताया गया कि माता पिता की सेवा उनका आदर करना भगवान का आदर करने के समान है जो ऐसा नही करता भगवान उसकी पूजा स्वीकार नही करते। कार्यक्रम के अंतिम दिन भी तेज़ धूप के बावजूद भक्तो की भारी भीड़ मजूद रही जिनको ज्ञान की ऐसी ऐसी बातें बतायी गईं जिससे उनके मन मस्तिष्क का अन्धकार दूर हो गया।कथा सुनने आये लोगों ने इन रचनाओ का तो आनन्द लिया ही साथ ही साध्वी सत्यागिरी द्वारा बताये गये जीवन जीने के तरीकों को भी ध्यान से सुना।आपको बता दे कि इस महोत्सव की शुरुआत 11 मई को कलश शोभा यात्रा के साथ हुआ था जिसका 17 मई को समापन हो गया।कार्यक्रम के आयोजक रविन्द्र कुमार यादव ने बताया कि भागवत के समापन से एक दिन पूर्व ही परम पूज्य दीदी माँ साध्वी ऋतम्भरा जी ने भी यहाँ आकर सबको आशीर्वाद दिया था जिससे मन प्रफुल्लित हो गया अधिवक्ता आनंद ठाकुर ने बताया कि तेज़ धूप के बावजूद भक्तो की भीड़ ये बताने के लिए काफी है कि श्रीमदभागवत कथा से मिलने वाला ज्ञान हम सबके लिए कितना आवश्यक है।

# स्पोर्ट्स लीग में एलपीएस वृंदावन को वॉकओवर से मिली जीत, द्वितीय चरण में बनाई जगह

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह द्वारा आयोजित सरोजनीनगर स्पोर्ट्स लीग के अंतर्गत आज खेले गए मुकाबलों में खिलाड़ियों का उत्साह, अनुशासन और प्रतिस्पर्धात्मक खेल भावना देखने योग्य रही। प्रतियोगिता के दौरान विभिन्न टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का भरपूर उत्साहवर्धन प्राप्त किया।

इंटर-स्कूल क्रिकेट चैम्पियनशिप के अंतर्गत आज का पहला मुकाबला एलपीएस वृंदावन सेक्टर-9 एवं एपीएस अकादमी के मध्य प्रस्तावित था। किन्तु एपीएस अकादमी टीम के निर्धारित समय पर मैदान में उपस्थित न हो पाने के कारण एलपीएस वृंदावन सेक्टर-9 को वॉकओवर प्रदान किया गया। इसके साथ ही टीम ने प्रतियोगिता के द्वितीय चरण में सफलतापूर्वक प्रवेश कर लिया।

इंटर स्पोर्ट्स क्लब चैम्पियनशिप के अंतर्गत खेले गए दूसरे मुकाबले में लखनऊ नवाब क्रिकेट क्लब एवं चौहान क्रिकेट क्लब आमने-सामने रहे। पहले बल्लेबाजी करते हुए चौहान क्रिकेट क्लब ने निर्धारित आठ ओवरों में 53 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए लखनऊ नवाब क्रिकेट क्लब ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 7 विकेट से मुकाबला अपने नाम कर लिया।

आज के तीसरे मुकाबले में एमके-11 क्रिकेट क्लब एवं नाइट फाल्कन क्रिकेट क्लब के बीच रोमांचक प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। पहले बल्लेबाजी करते हुए एमके-11 क्रिकेट क्लब ने निर्धारित आठ ओवरों में 99 रन बनाकर 100 रनों का लक्ष्य निर्धारित किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी नाइट फाल्कन क्रिकेट क्लब की टीम निर्धारित स्कोर हासिल नहीं कर सकी और एमके-11 क्रिकेट क्लब ने 29 रनों से शानदार विजय दर्ज की। मैच में इब्राहम फारूकी ने उत्कृष्ट ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए 3 छक्के, 25 रन एवं 5 विकेट हासिल किए, जिसके लिए उन्हें 'मैन ऑफ द मैच' घोषित किया गया। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाली सभी टीमों को क्रिकेट किट, खिलाड़ियों को कैप, टीशर्ट एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सभी टीमों के भोजन की व्यवस्था तारा शक्ति रसोई के माध्यम से की गई। सरोजनीनगर स्पोर्ट्स लीग लगातार क्षेत्रीय युवाओं को अपनी खेल प्रतिभा प्रदर्शित करने का सशक्त मंच प्रदान कर रही है तथा खेलों के माध्यम से अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को प्रोत्साहित कर रही है।

## खेत से लौट रहे किसान को तेज रफ्तार कार ने कुचला, मौत



**निगोहां लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** निगोहां थाना क्षेत्र के लालपुर गांव में शनिवार देर शाम दर्दनाक सड़क हादसे में बुजुर्ग किसान रामचरन (77) की मौत हो गई। वह खेत से पैदल घर लौट रहे थे। इसी दौरान लखनऊ-रायबरेली हाइवे पार करते समय तेज रफ्तार अज्ञात कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल किसान को परिजन मोहनलालगंज के निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद चालक वाहन समेत फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के बेटे जमुना प्रसाद की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। एसओ निगोहां अनुज कुमार तिवारी ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के जरिए वाहन की तलाश की जा रही है।

## खुद्दी खेड़ा के आम बाग और जंगल में धधकी भीषण आग, ग्रामीणों की सूझबूझ से टला बड़ा हादसा

**निगोहां,लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** निगोहां थाना क्षेत्र के खुद्दी खेड़ा गांव में शनिवार दोपहर गांव के बाहर स्थित सिद्धेश्वर शुक्ला के आम के बाग और उससे सटे जंगल में अचानक भीषण आग लग गई। तेज हवाओं के चलते आग ने देखते ही देखते विकराल रूप ले लिया और दूर-दूर तक धुएं का गुबार फैल गया, जिससे ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों के मुताबिक सूखी पत्तियों और झाड़ियों में किसी राहगीर द्वारा फेंकी गई बीड़ी या सिगरेट से आग लगने की आशंका जताई जा रही है। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और पानी, मिट्टी व हरी डालियों की मदद से आग बुझाने में जुट गए। फायर ब्रिगेड को सूचना दिए जाने के बावजूद दमकल समय पर नहीं पहुंच सकी। ऐसे में ग्रामीणों ने घंटों कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। ग्रामीणों की सतर्कता और तत्परता के चलते आग खेतों और आबादी तक नहीं पहुंच सकी, जिससे बड़ा हादसा टल गया। हालांकि आग की चपेट में आकर बाग में पड़ी सूखी पत्तियां, घास-फूस और जंगल की झाड़ियां जलकर राख हो गईं। गनीमत रही कि घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।

## पेट्रोल संकट व पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ न्यायिक अधिकारी करेंगे साइकिल यात्रा

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** वर्तमान में उत्पन्न पेट्रोल एवं ईंधन संकट के प्रति जन जागरूकता फैलाने तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के उद्देश्य से जनपद लखनऊ के समस्त न्यायिक अधिकारी सोमवार, 18 मई 2026 को साइकिल यात्रा निकालेंगे। यह विशेष अभियान माननीय जनपद न्यायाधीश, लखनऊ मलखान सिंह के नेतृत्व में आयोजित किया जा रहा है।प्राप्त जानकारी के अनुसार सभी न्यायिक अधिकारी प्रातः 9:00 बजे बटलर पैलेस स्थित आवास से साइकिल द्वारा न्यायालय के लिए प्रस्थान करेंगे। इस पहल का मुख्य उद्देश्य आमजन को ईंधन की बचत, प्रदूषण नियंत्रण तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना है।

## तालाब में डूबने से 12 वर्षीय मासूम की मौत, गांव में मचा कोहराम

**बख्शी का तालाब, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बीकेटी थाना क्षेत्र के सरकपुर सरैया गांव में रविवार को तालाब में डूबने से 12 वर्षीय बालक की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में चीख-पुकार मच गई, जबकि पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार सरकपुर सरैया निवासी नन्हेलाल का पुत्र समर कनौजिया (12) रविवार दोपहर करीब 12 बजे घर से लगभग 400 मीटर दूर गांव के बाहर स्थित तालाब में नहाने गया था। बताया जा रहा है कि नहाते समय वह अचानक गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। आसपास मौजूद लोगों ने उसे बाहर निकालकर तत्काल 100 शैय्या अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल से सूचना मिलने पर बीकेटी पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी जुटाई। पुलिस ने मृतक के पिता नन्हेलाल से पूछताछ की, जिसमें प्रथम दृष्टया हादसे में किसी प्रकार की संदिग्धता सामने नहीं आई। परिजनों ने भी किसी पर आरोप नहीं लगाया तथा पोस्टमार्टम कराने से इंकार करते हुए लिखित प्रार्थना पत्र दिया। इसके बाद पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई पूरी कर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। मासूम बेटे की मौत से परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं घटना के बाद ग्रामीणों ने छोटे बच्चों को अकेले तालाब व जलाशयों के पास न जाने देने की अपील की है। गर्मी बढ़ने के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में तालाबों में नहाने के दौरान हादसों की आशंका भी बढ़ गई है।

# डिजिटल तकनीक समाज और राष्ट्र को नई दिशा दे सकती है : प्रो. भरत राज

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। डिजिटल तकनीकों का प्रभावी और सुरक्षित उपयोग वर्तमान समय की आवश्यकता है। सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी के माध्यम से समाज और राष्ट्र को नई दिशा प्रदान की जा सकती है। यह बातें रविवार को प्रो. (डॉ.) भरत राज सिंह ने 'विश्व दूरसंचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी दिवस' पर आयोजित व्याख्यान कार्यक्रम में कही।

द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया), उत्तर प्रदेश राज्य केंद्र, लखनऊ द्वारा रिवर बैंक कॉलोनी स्थित केंद्र परिसर में 'विश्व दूरसंचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी दिवस' के अवसर पर व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस वर्ष का विषय डिजिटल लाइफलाइन्स : स्ट्रेंथनिंग रेज़िलिएंस इन अ कनेक्टेड वर्ल्ड रखा गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता बाबू बनारसी दास नॉर्दर्न इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के असिस्टेंट प्रोफ़ेसर मयूर श्रीवास्तव ने डिजिटल कनेक्टिविटी के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में डिजिटल नेटवर्क शिक्षा, स्वास्थ्य, प्रशासन और उद्योगों की प्रमुख जीवनरेखा बन चुके हैं। आपदा और संकट की परिस्थितियों में इनकी भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है। उन्होंने देश की प्रगति के लिए साइबर सुरक्षा और मजबूत डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता, क्लाउड कंप्यूटिंग, स्मार्ट नेटवर्किंग और उन्नत डिजिटल अवसंरचना जैसी भविष्य की तकनीकें वैश्विक तकनीकी विकास और सामाजिक सशक्तीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. (डॉ.) भरत राज सिंह, पूर्व चेयरमैन, आईईआई उत्तर प्रदेश राज्य केंद्र, लखनऊ ने की। उन्होंने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि संस्था भविष्य में भी ऐसे ज्ञानवर्धक और तकनीकी कार्यक्रमों का आयोजन निरंतर करती रहेगी।कार्यक्रम के दौरान मानद सचिव एवं संयोजक इं. नरेंद्र कुमार निषाद ने मुख्य वक्ता का परिचय प्रस्तुत किया तथा कार्यक्रम के अंत में अभियंताओं, शिक्षाविदों, विद्यार्थियों और अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर इंजी. जी.पी. सिंह, डॉ. आर.के. गुप्ता, डॉ. एस.के. अग्रवाल, बंसल इंस्टिट्यूट के निदेशक इंजी. गोयल, इंजी. ओ.पी. श्रीवास्तव सहित अनेक विशेषज्ञ और पदाधिकारी मौजूद रहे।

# सरोजनीनगर में चोरों का आतंक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

❒ बंद घरों को बना रहे निशाना, पुलिस की सक्रियता पर उठे सवाल

सरोजिनी नगर,लखनऊ। राजधानी के सरोजनीनगर क्षेत्र में इन दिनों चोरों के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि वे लगातार बंद घरों को निशाना बनाकर बड़ी चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। ताजा घटनाओं ने न सिर्फ इलाके के लोगों में दहशत पैदा कर दी है, बल्कि पुलिस की कार्यशैली पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

सैनिक हाउसिंग सोसाइटी निवासी कमलेश तिवाना के घर में 12 से 15 मई के बीच चोरी की घटना सामने आई। उनकी बेटी तेजस्वी तिवाना दिल्ली गई हुई थीं और घर बंद था। 15 मई की सुबह पड़ोसी अजय मिश्रा ने फोन कर दरवाजा खुला होने की सूचना दी। जब अंदर जाकर देखा गया तो घर का ताला टूटा मिला और अज्ञात चोर सोने-चांदी के कीमती जेवरात व नकदी लेकर फरार हो चुके थे।

इसी तरह बद्री नगर कॉलोनी, नादरगंज निवासी इबरार अहमद के घर में भी चोरों ने धावा बोल दिया। वह 13 मई को परिवार सहित अमेठी गए हुए थे। 16 मई की सुबह पड़ोसियों से सूचना मिली कि घर का ताला टूटा हुआ है। मौके पर पहुंचने पर पूरा घर अस्त-व्यस्त मिला और आलमारी में रखे जेवरात व कीमती सामान गायब था। हैरानी की बात यह है कि सीसीटीवी फुटेज में तीन अज्ञात युवक मुंह ढककर रात करीब 3:30 बजे घर में घुसते और आराम से चोरी करते दिखाई दे रहे हैं। इसके बावजूद अब तक पुलिस के हाथ खाली हैं। लगातार हो रही इन वारदातों ने साफ कर दिया है कि चोरों को पुलिस का कोई खौफ नहीं है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पुलिस गश्त सिर्फ कागजों में सिमट कर रह गई है, जबकि जमीनी हकीकत में कानून व्यवस्था चरमराती नजर आ रही है।

फिलहाल सरोजिनी नगर पुलिस द्वारा चोरी की घटनाओं की रिपोर्ट दर्ज करते हुए पीड़ितों को शीघ्र चोरी के खुलासे का आश्वासन दिया गया है।

# प्रत्येक राज्य और जनपद स्तर पर बनवाएंगे व्यापारी कल्याण बोर्ड : बालकृष्ण भरतिया

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखनऊ। स्वदेशी व्यापारी जुटान का नाम परिवर्तित होकर अब स्वदेशी व्यापारी मंच होगा। इसका निर्णय रविवार को अखिल भारतीय बैठक में लिया गया। इस कार्यक्रम में स्वदेशी व्यापारी मंच के 20 राज्यों से अधिक व्यापारियों की उपस्थिति रही। बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रत्येक राज्य में जिस प्रकार राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड का गठन है,वैसा ही बोर्ड बनवाया जाएगा और इसको जनपद स्तर पर व्यापारी कल्याण समिति के रूप में विकसित किया जाएगा।

यह बातें स्वदेशी व्यापारी मंच के संयोजक बालकृष्ण भरतिया ने एक बैठक के दौरान दी। उन्होंने बताया कि प्रत्येक व्यापारी को निर्यातक बनाने के लिए विशेष प्रशिक्षण शिविर चलाए जाएंगे और इन शिविरों के जरिए व्यापारी को और विकसित किया जाएगा। ई-कॉमर्स की नीति में संशोधन कराते हुए व्यापारी के लिए उचित वातावरण तैयार किया जाएगा। सर्वसम्मति से सभी व्यापारियों ने प्रधानमंत्री द्वारा स्वावलंबी आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए डीजल पेट्रोल ईंधन को कम इस्तेमाल किया जाए,ऐसा संकल्प किया गया।

व्यापारी मंच का संयोजक नागपुर से बालकृष्ण भरतिया एवं सह संयोजक लखनऊ से संदीप बंसल को चुना गया। जनपद स्तर पर स्वदेशी व्यापारी मंच की कोर कमेटी गठित हो इसके लिए भी निरंतर प्रवास कार्यक्रम किया जाएगा।

बैठक में उपस्थित रहने वाले विभिन्न राज्यों के प्रमुख प्रतिनिधियों में महाराष्ट्र से शंकर ठक्कर, छत्तीसगढ़ से अजय भसीन, सुनील मिश्रा विशाखापत्तनम, आंध्र प्रदेश से दरपू प्रसाद रेड्डी जूनागढ़, गुजरात से गोपाल मीणा, हरियाणा से अमित बंसल, दिल्ली से देवेंद्र अग्रवाल, काशी से विपिन गुप्ता, मथुरा से संजय गर्ग, सुल्तानपुर से अमर बहादुर, शाहजहांपुर से नरेंद्र शुक्ला, लखनऊ से प्रदीप अग्रवाल, सुरेश छबलानी, राजीव बंसल आकाश गौतम, अनुज गौतम, शुभम मौर्या, सनत गुप्ता, संजय निधि अग्रवाल, गोरखपुर से सौरभ सिंह, प्रवीण सिंह स्वदेशी जागरण मंच पूर्वी उत्तर प्रदेश के संयोजक अनुपम श्रीवास्तव, अवध क्षेत्र के प्रभारी हमित सिंह भाग्यनगर अहमदाबाद से मनोहर लाल अग्रवाल दिल्ली से हरीश चौधरी, मेरठ से राजीव दिल्ली से स्वदेशी व्यापारी मंच प्रभारी राकेश, सुल्तानपुर से विजय प्रधान, हिमांशु मालवीय, अश्वन वर्मा सहित पांच दर्जन व्यापारी प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# डेयरी सेक्टर में बड़ा बदलाव, गो पालन पर सब्सिडी दे रही सरकार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में स्वदेशी गायों के संरक्षण और दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए योगी सरकार ने बड़ा डेयरी मास्टर प्लान तैयार किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश में चार बड़ी योजनाओं को लागू किया गया है। इनके जरिए स्वदेशी नस्ल की गायों को बढ़ावा देने के साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती दी जा रही है। योगी सरकार की इस रणनीति को 'ऑपरेशन-4' के रूप में देखा जा रहा है, क्योंकि इसके केंद्र में चार प्रमुख योजनाएं हैं। इनमें मुख्यमंत्री स्वदेशी गो संवर्धन योजना, मुख्यमंत्री प्रगतिशील पशुपालक प्रोत्साहन योजना, नन्दिनी कृषक समृद्धि योजना और मिनी नन्दिनी कृषक समृद्धि योजना शामिल हैं। इन योजनाओं के जरिए दो गाय से लेकर 25 गाय तक की डेयरी इकाइयों पर लाखों रुपये का अनुदान दिया जा रहा है।

पशुपालन विभाग के अपर मुख्य सचिव मुकेश मेश्राम ने बताया कि योगी सरकार उन्नत स्वदेशी नस्ल की गायों को पालने के लिए भारी सब्सिडी दे रही है। नन्दिनी कृषक समृद्धि योजना और मिनी नन्दिनी कृषक समृद्धि योजना में डेयरी स्थापना और दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए 50 फीसदी तक अनुदान दिया जा रहा है। योजनाओं का वित्तीय मॉडल भी खास है। इसमें 15 फीसदी लाभार्थी निवेश, 35 फीसदी बैंक ऋण और 50 फीसदी सरकारी सब्सिडी तक का प्रावधान किया गया है। इससे छोटे और मध्यम किसानों के लिए डेयरी व्यवसाय शुरू करना आसान हो रहा है।

मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ-संवर्धन योजना के तहत दो गायों की इकाई पर अधिकतम 80 हजार रुपये तक अनुदान दिया जा रहा है। इससे प्रदेश में बड़े स्तर पर आधुनिक डेयरी नेटवर्क विकसित होगा। मुख्यमंत्री प्रगतिशील पशुपालक प्रोत्साहन योजना के तहत उच्च गुणवत्ता एवं अधिक दूध देने वाली स्वदेशी नस्ल की गायों को पालने वाले पशुपालकों को 10 हजार से 15 हजार तक प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। इससे बेहतर नस्लों के संरक्षण और दुग्ध उत्पादन दोनों को बढ़ावा मिल रहा है। योगी सरकार का फोकस गिर, साहीवाल और गंगातीरी जैसी उन्नत स्वदेशी नस्लों के संरक्षण और संवर्धन पर है। इन योजनाओं से गांवों में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। महिलाओं और युवाओं को डेयरी सेक्टर से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने की रणनीति पर तेजी से काम हो रहा है। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति मिलने की उम्मीद है। पशुपालन विभाग के अपर मुख्य सचिव मुकेश मेश्राम ने बताया कि मुख्यमंत्री स्वदेशी गो-संवर्धन योजना के तहत डेढ़ हजार से अधिक इकाइयां स्थापित हो चुकी हैं, जबकि प्रगतिशील पशुपालक प्रोत्साहन योजना में सवा सात हजार से ज्यादा पुरस्कार वितरित किए गए हैं।

# अवैध रूप से चल रहे फर्जी अस्पताल में बिना डिग्री हो रहे ऑपरेशन

## ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री व जिला प्रशासन से लगाई गुहार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर (उत्तर प्रदेश) । जनपद के खैराबाद थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम शंकरपुर में मुख्य मार्ग (मेन रोड) पर एक फर्जी और अवैध अस्पताल का संचालन धड़ल्ले से किया जा रहा है। इस संबंध में आक्रोशित ग्रामीणों ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री, जिलाधिकारी, उपजिलाधिकारी और मुख्य चिकित्सा अधिकारी (एख्र) को शिकायती पत्र भेजकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। बिना डिग्री के ऑपरेशन और मासूम जनता से लूट ग्रामीणों द्वारा हस्ताक्षरित और अंगूठे के निशान वाले शिकायती पत्र के अनुसार, ग्राम शंकरपुर का ही निवासी सर्वेश (पुत्र नेक राम) इस अवैध अस्पताल को संचालित कर रहा है। आरोप है कि सर्वेश के पास चिकित्सा क्षेत्र की न तो कोई वैध डिग्री है और न ही इस अस्पताल को स्वास्थ्य विभाग से



कोई मान्यता प्राप्त है। इसके बावजूद, वह गैरकानूनी तरीके से मरीजों के ऑपरेशन कर रहा है और ग्रामीण क्षेत्र की भोली-भाली जनता से इलाज के नाम पर मोटी रकम वसूल कर रहा है।

इलाज के दौरान कई लोगों की मौत का आरोप

शिकायत पत्र में ग्रामीणों ने एक बेहद गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि इस कथित 'फर्जी डॉक्टर' के गलत इलाज के कारण अब तक कई लोगों की जान भी जा चुकी है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने पूर्व में भी इसकी शिकायत संबंधित अधिकारियों से की थी, लेकिन सांठगांठ के चलते आज तक इस फर्जी अस्पताल और उसके संचालक के खिलाफ कोई ठोस दंडात्मक कार्रवाई नहीं की गई, जिससे उसके हौसले बुलंद हैं।

मुख्यमंत्री और जिला प्रशासन को भेजे गए पत्रों के नीचे चंद्रभाल, गया प्रसाद, कमलेश, फूलमती, रामासरे, लालता, मोहन समेत दर्जनों ग्रामीणों ने अपने हस्ताक्षर और अंगूठे के निशान लगाए हैं।

ग्रामीणों की मुख्य मांगें: उक्त फर्जी डॉक्टर (सर्वेश) के दावों और डिग्री की तुरंत उच्च स्तरीय जांच कराई जाए।

मरीजों की जान से खिलवाड़ करने वाले आरोपी के खिलाफ सख्त दंडात्मक कानूनी कार्रवाई के आदेश निर्गत किए जाएं। इस फर्जी अस्पताल को तत्काल सील कर ध्वस्त किया जाए। अब देखना यह होगा कि इस गंभीर मामले पर संज्ञान लेते हुए सीतापुर जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की टीम कब तक हरकत में आती है और इस अवैध धंधे पर ताला लगाती है।

# आरटीई बच्चों को अलग सेक्शन में बैठाने का आरोप ऐल्पिस ग्लोबल स्कूल पर अभिभावकों ने उठाए सवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बिसवां (सीतापुर) । ऐल्पिस ग्लोबल स्कूल के खिलाफ आरटीई के तहत प्रवेशित बच्चों के साथ भेदभावपूर्ण व्यवहार किए जाने का मामला सामने आया है। शनिवार को तहसील समाधान दिवस में पहुंचे अभिभावकों ने उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर जांच कर कार्रवाई की मांग की।

अभिभावकों का आरोप है कि स्कूल प्रशासन ने शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम के तहत चयनित बच्चों को फीस जमा करने वाले बच्चों से अलग कक्षाओं में बैठाने की व्यवस्था कर रखी है। आरोप है कि सभी आरटीई बच्चों को अलग सेक्शन बनाकर पढ़ाया जा रहा है, जिससे बच्चों में हीन भावना पैदा हो रही है।

शिकायत पत्र में कहा गया है कि स्कूल के मोबाइल एप से आरटीई बच्चों के अभिभावकों का लॉगइन कुछ दिनों बाद बंद कर दिया जाता है। साथ ही इन बच्चों को विद्यालय की वाहन सुविधा से भी वंचित रखा जा रहा है। अभिभावकों ने आरोप लगाया कि आरटीई कक्षाओं में कम अनुभवी शिक्षिकाओं की तैनाती की गई है, जिससे पढ़ाई की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है। अभिभावकों के अनुसार कई बार स्कूल प्रशासन से आरटीई बच्चों को सामान्य बच्चों के साथ पढ़ाने की मांग की गई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। उन्होंने यह भी बताया कि प्री-प्राइमरी, एलकेजी व यूकेजी के छोटे बच्चों की कक्षाएं दूसरी व तीसरी मंजिल पर संचालित की जा रही हैं, जिससे बच्चों को सीढ़ियां चढ़ने-उतरने में परेशानी होती है।

शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया कि यह व्यवस्था शिक्षा का अधिकार अधिनियम-2009 के प्रावधानों का उल्लंघन है। उन्होंने मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई तथा आरटीई बच्चों को सामान्य कक्षाओं में पढ़ाने की व्यवस्था सुनिश्चित कराने की मांग की है।

शिकायत पत्र पर अनिमेश नाग, इशरत, इरशाद अली, नितिन कुमार, नुसरत अली, अरशद, फहमिना व अमन वर्मा सहित कई अभिभावकों के हस्ताक्षर हैं।

विद्यालय के निदेशक उमंग राजवंशी ने बताया 80 बच्चों का एलॉटमेंट स्कूल में कर दिया गया है जिससे हमको नए सेक्सन बनाने पड़े। बच्चों के साथ कोई दुर्व्यवहार नहीं किया जा रहा है

# अखंड सौभाग्य की कामना: महिलाओं ने की वट वृक्ष की पूजा, रखा निर्जला व्रत

**ज्येष्ठ अमावस्या के अवसर पर सुहागिन महिलाओं ने रखा वट सावित्री व्रत।**

**वट वृक्ष (बरगद) की परिक्रमा कर पति की दीर्घायु और सुख-समृद्धि की कामना की।**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



एलिया- सीतापुर । आज पूरे देश सहित स्थानीय शहर में वट सावित्री व्रत (वट वृक्ष पूजा) का त्योहार पारंपरिक श्रद्धा, उल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। ज्येष्ठ मास की अमावस्या के इस पावन अवसर पर सुहागिन महिलाओं ने अपने पति की लंबी उम्र, उत्तम स्वास्थ्य और परिवार की सुख-समृद्धि के लिए ऐतिहासिक वट वृक्ष पूजा की।सुबह से ही मंदिरों में उमड़ी भीड़-?सुबह से ही महिलाओं का टोली बनाकर पूजा स्थलों पर पहुंचना शुरू हो गया था। सोलह श्रृंगार कर, लाल और पीले रंग की साड़ियों में सजी महिलाओं ने सामूहिक रूप से बरगद के पेड़ के नीचे बैठकर पूजा-अर्चना की। स्थानीय मंदिरों और वट वृक्ष परिसरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था, जहाँ पूरे दिन उत्सव का माहौल रहा। कच्चे सूत से बांधी मन्नतें, सुनी सत्यवान-सावित्री की कथा पूजा के दौरान महिलाओं ने वट वृक्ष की जड़ में जल अर्पित किया और फूल, रोली, चंदन, भीगे हुए चने तथा फल चढ़ाए। इसके बाद, महिलाओं ने वृक्ष के चारों ओर 108 बार परिक्रमा करते हुए कच्चे सूत के धागे को तने पर लपेटा और अपने अखंड सौभाग्य की मन्नत मांगी। खगेसियामऊ में रुचि शुक्ला, सौम्या मिश्रा,रजनी शुक्ला, रेखा शुक्ला आदि महिलाओं ने सुबह से वट पूजा की तैयारी कर के विधि विधान से पूजन किया।

# काव्य सरिता कविगोष्ठी में गूंजे कविता और ग़ज़ल के स्वर, साहित्य भूषण कमलेश मौर्य मृदु सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बिसवां -सीतापुर । काव्य सरिता द्वारा आयोजित कविगोष्ठी में मुख्य अतिथि साहित्य भूषण कमलेश मौर्य मृदु राष्ट्रीय कवि संगम के राष्ट्रीय मंत्री को सम्मानित किया गया। जनपद के गौरव श्री मृदु को मुख्य अतिथि के नाते सम्मानित किये जाने पर राष्ट्रीय कवि संगम के जिलाध्यक्ष आनंद खत्री, अरुण गँवार, राजेश बाजपेई प्रसून, घनश्याम शर्मा, पत्रकार रामकृष्ण पांडे संजय , रामकुमार रसिया, वृंदारक नाथ मिश्र, डा के जी मिश्र आदि ने प्रसन्नता प्रकट करते हुए बधाई दी है। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड लखनऊ के वेलफ़ेयर सेन्टर सभागार में आयोजित इस कविगोष्ठी की अध्यक्षता सुंदरम साहित्य संस्थान के अध्यक्ष वरिष्ठ कवि एवं साहित्यकार डा नरेंद्र भूषण ने की। विशिष्ट अतिथि थे पर्वतारोही कवि उपेन्द्र बाजपेई व इंजीनियर सुनील बाजपेई। संचालन दिनेश शुक्ल ने किया व संस्थाध्यक्ष कैलाश प्रकाश त्रिपाठी पुंज ने उपस्थित कवियों का स्वागत किया तथा आभार व्यक्त किया। कविगोष्ठी का शुभारंभ श्रीमती प्रतिभा श्रीवास्तव द्वारा प्रस्तुत वाणी वंदना से हुआ। मुख्य अतिथि साहित्य भूषण कमलेश मौर्य मृदु की आशु कविताओं ने खूब रंग जमाया व जमकर तालियां बटोरीं।

कविता से नाता निभाने आ गये। भाव के दीपक जलाने आए गये। हम नहीं आये यहां कविगोष्ठी में,काव्य सरिता में नहाने आ गये।। उनकी रचना ''हम सनातनी बतलाते हैं क्या होती सच्ची कुर्बानी'' बहुत सराही गई। अध्यक्षता कर रहे डा नरेंद्र भूषण की ग़ज़ल व दोहे लाजवाब रहे

बड़ा महल है वह नहीं जिसका ऊंचा दुर्गा। सबसे बड़ा है घर वही हँसते जहां बुजुर्ग।।

विशिष्ट अतिथि सुनील बाजपेई द्वारा प्रस्तुत लखनऊ दर्शन के छंदों ने समां बांध दिया। उपेन्द्र बाजपेई के मुक्तक खूब जमे।विजय तन्हा के व्यंग्य सराहे गये। श्रीमती नीतू गुप्ता गयावी के गीत व ग़ज़ल ने खूब तालियां बटोरी। इंद्रप्रकाश रत्नेश की रचना उल्लू खूब सराही गई।संजय कुमार गीतकार का गीत की बहुत सराहना हुई ''तुम मिले तो जिंदगी के रंग ऐसे खिल गये।मन की सारी भावना को पंख जैसे मिल गये।।'' रजनीश मिश्र सौम्य की रचना 'किसने कहा कि प्यास बुझातीं हैं बारिशें '' बहुत जमी।इसी क्रम में गोपाल ठहाका, सुरेश चंद्र गुप्त श्याम, मनमोहन बाराकोटी तमाचा लखनवी,विनायक कौशिक मच्छर ,दिनेश कुमार, प्रमोद श्रीवास्तव आदि ने काव्य पाठ कर कविगोष्ठी को ऊंचाइयां प्रदान किया।

# एक ही रात में चार घरों में लाखों की चोरी, ग्रामीणों में दहशत

## रामपुर कला क्षेत्र के किढ़ी पुरवा गांव में चोरों का आतंक, नगदी व जेवरात समेटकर फरार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । जनपद के रामपुर कला थाना क्षेत्र अंतर्गत लौंना मजरे किढ़ी पुरवा गांव में शनिवार रात अज्ञात चोरों ने चार घरों को निशाना बनाकर लाखों रुपये की चोरी की वारदात को अंजाम दे दिया। घटना के बाद पूरे गांव में दहशत और आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं से लोग भयभीत हैं, लेकिन पुलिस की सक्रियता नाकाफी दिखाई दे रही है। जानकारी के अनुसार चोरों ने शबीरन पत्नी मुहेद के घर से सोने का हार, तीन जोड़ी पायल, दो जोड़ी झाला और गले का लॉकेट चोरी कर लिया। वहीं तारा खातून पत्नी मोहम्मद रज्जा हुसैन के घर से दो जोड़ी पायल, मांग टीका, हाथ फूल, गले का लॉकेट, कान की झुमकी सहित ?20 हजार नगद पार कर दिए।



इसके अलावा लुकमान अली पुत्र सलीम के घर से दो जोड़ी पायल, एक जोड़ी टॉप, ?9 हजार नगद और तीन सूट कपड़े चोरी हुए। सलीम पुत्र कल्लू के घर से भी पायल, अंगूठी और कपड़े चोरी होने की बात सामने आई है। सुबह जब परिवार के लोगों की आंख खुली तो घरों का सामान बिखरा पड़ा देख उनके होश उड़ गए।

घटना की सूचना मिलते ही गांव में भारी भीड़ जुट गई। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में आए दिन चोर सक्रिय रहते हैं और रात के अंधेरे में वारदातों को अंजाम देकर फरार हो जाते हैं। लोगों ने पुलिस प्रशासन से रात में गश्त बढ़ाने और जल्द खुलासे की मांग की है। इस संबंध में लल्ला गोस्वामी ने बताया कि वह मौके पर पहुंचे थे और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि अभी पीड़ित पक्ष की ओर से तहरीर नहीं मिली है, तहरीर मिलते ही उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की।

# सीतापुर सदरपुर थाने में जिपं अध्यक्ष प्रतिनिधि और इंस्पेक्टर में नोकझोंक

## मारपीट मामले में कार्रवाई न होने पर पहुंचे थे नेता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महमूदाबाद सीतापुर। सीतापुर के सदरपुर थाना परिसर में शुक्रवार शाम जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शिवकुमार गुप्ता और सदरपुर थानाध्यक्ष मुकेश वर्मा के बीच हुई तीखी नोकझोंक का मामला सामने आया है। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस महकमे और स्थानीय राजनीतिक गलियारों में चर्चा तेज हो गई है।बताया जा रहा है कि मामला सदरपुर थाना क्षेत्र के हुसैनपुर गांव का है। गांव निवासी उमेश कुमार ने आरोप लगाया है कि खेत की मेड़ को लेकर गांव के कुछ लोगों से उसका विवाद चल रहा है। इसी रंजिश में बीती 6 मई को उसके साथ मारपीट की गई थी। पीड़ित का कहना है कि उसने मामले की शिकायत पुलिस से की, लेकिन उसकी सुनवाई नहीं हुई और मुकदमा भी दर्ज नहीं किया गया। आरोप है कि न्याय न मिलने पर पीड़ित भाजपा नेता एवं जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि शिवकुमार गुप्ता के पास पहुंचा। इसके बाद शिवकुमार गुप्ता समर्थकों के साथ सदरपुर थाने पहुंचे और पुलिस से कार्रवाई न होने का कारण पूछने लगे। इसी दौरान उनके कुछ कार्यकर्ता बातचीत का वीडियो बनाने लगे, जिस पर थाना अध्यक्ष मुकेश वर्मा ने आपत्ति जताई। वीडियो बनाने को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हो गई और माहौल तनावपूर्ण हो गया। जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि ने आरोप लगाया कि थाना अध्यक्ष ने वीडियो बंद कराने के साथ अभद्र व्यवहार भी किया। वहीं थाना अध्यक्ष मुकेश वर्मा का कहना है कि मामलासे जुड़ा है, इसलिए प्रथम दृष्टया मुकदमा दर्ज नहीं किया गया। वहीं शिवकुमार गुप्ता ने चेतावनी दी है कि यदि 17 मई तक थाना अध्यक्ष के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई तो वह धरना-प्रदर्शन करेंगे। फिलहाल वायरल वीडियो को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं।

## विकास कार्य ठप होने पर सभासदों का फूटा गुस्सा, उच्चस्तरीय जांच की मांग

महमूदाबाद, सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगरपालिका परिषद महमूदाबाद के समस्त निर्वाचित सभासदों ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में पहुंचकर नगर पालिका प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताते हुए जांच की मांग उठाई। सभासदों ने आरोप लगाया कि उपचुनाव के लगभग 9 माह बीत जाने के बावजूद नगर के विभिन्न वार्डों में पेयजल, नाली, इंटरलॉकिंग, पथ प्रकाश तथा सफाई व्यवस्था जैसे मूलभूत विकास कार्य पूरी तरह बाधित पड़े हैं, जिससे आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सभासदों ने कहा कि कई बार बोर्ड बैठकों में विकास कार्य न होने को लेकर विरोध दर्ज कराया जा चुका है, लेकिन इसके बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। आरोप लगाया गया कि सरकार द्वारा विकास कार्यों के लिए आवंटित धनराशि को बोर्ड की सहमति के बिना मनमाने तरीके से खर्च किया जा रहा है। साथ ही बार-बार मांग करने के बावजूद बोर्ड को आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत नहीं किया जा रहा है। सभासदों का कहना है कि आय-व्यय का विवरण न दिए जाने से भारी वित्तीय अनियमितताओं की आशंका बढ़ रही है। उन्होंने मांग की कि सितंबर 2025 से अप्रैल 2026 तक हुए सभी भुगतानों एवं कराए गए कार्यों की निष्पक्ष जांच के लिए उच्चस्तरीय समिति गठित की जाए।सभासदों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई नहीं की गई तो सभी सभासद धरना-प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी पालिका प्रशासन एवं जिला प्रशासन की होगी।

## विकास कार्य ठप होने पर सभासदों का फूटा गुस्सा, उच्चस्तरीय जांच की मांग

महमूदाबाद, सीतापुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगरपालिका परिषद महमूदाबाद के समस्त निर्वाचित सभासदों ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में पहुंचकर नगर पालिका प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताते हुए जांच की मांग उठाई। सभासदों ने आरोप लगाया कि उपचुनाव के लगभग 9 माह बीत जाने के बावजूद नगर के विभिन्न वार्डों में पेयजल, नाली, इंटरलॉकिंग, पथ प्रकाश तथा सफाई व्यवस्था जैसे मूलभूत विकास कार्य पूरी तरह बाधित पड़े हैं, जिससे आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सभासदों ने कहा कि कई बार बोर्ड बैठकों में विकास कार्य न होने को लेकर विरोध दर्ज कराया जा चुका है, लेकिन इसके बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। आरोप लगाया गया कि सरकार द्वारा विकास कार्यों के लिए आवंटित धनराशि को बोर्ड की सहमति के बिना मनमाने तरीके से खर्च किया जा रहा है। साथ ही बार-बार मांग करने के बावजूद बोर्ड को आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत नहीं किया जा रहा है। सभासदों का कहना है कि आय-व्यय का विवरण न दिए जाने से भारी वित्तीय अनियमितताओं की आशंका बढ़ रही है। उन्होंने मांग की कि सितंबर 2025 से अप्रैल 2026 तक हुए सभी भुगतानों एवं कराए गए कार्यों की निष्पक्ष जांच के लिए उच्चस्तरीय समिति गठित की जाए। सभासदों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई नहीं की गई तो सभी सभासद धरना-प्रदर्शन करने को बाध्य होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी पालिका प्रशासन एवं जिला प्रशासन की होगी।

## निकली भव्य कलश यात्रा श्री विष्णु महायज्ञ का हुआ शुभारम्भ।

सकरन (सीतापुर) कैनविज टाइम्स संवाददाता। पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी थाना क्षेत्र सकरन के अंतर्गत ग्राम रसूलपुर (पीपा पुरवा )में बाबा विमलदास महाराज जी के आश्रम के निकट चतुर्थ श्री विष्णु महायज्ञ का शुभारम्भ कलश यात्रा निकाल कर किया गया, जो यात्रा यज्ञ स्थल पीपापुरवा से प्रारम्भ होकर सांडा स्थित पवित्र किवानी नदी के तुरंतेश्वरनाथ महादेव घाट तक गाजे -बाजे के साथ पुलिस सुरक्षा के बीच निकाली गई।कलश यात्रा में हजारों की संख्या में क्षेत्रीय श्रद्धालुओं ने भाग लिया। श्री विष्णु महायज्ञ के संरक्षक परम संत श्री श्री 1008श्री त्यागी जी महराज के संरक्षण में आयोजक फलहारी बाबा दिलीप जी महराज व बाबा रामकिशुन दास ने भक्तजनों से विश्व कल्याण के लिए 20मई तक चलने वाले यज्ञ में सत्संग श्रवण व यज्ञ में आहुति देने का आह्वान किया है। व्यवस्थापक व मुख्य यजमान राम सहारे यादव, शिवम् वर्मा, महेश मौर्या, सचिन मौर्या,राम बहादुर सिंह, रामशंकर सिंह, कढीले राजपूत, बबलू वर्मा, लेखराम वर्मा सहित समस्त यज्ञ समिति ने ग्राम व क्षेत्रवासियों से यज्ञ में शामिल होने का अनुरोध किया है।

## शंकरगंज में डम्फर की टक्कर से महिला की मौत

तिलोई अमेठी,थाना मोहनगंज क्षेत्र के रायबरेली अयोध्या राजमार्ग पर स्थित कस्बा शंकरगंज में पैदल सड़क पार कर रही एक महिला की डम्फर की टक्कर से मौत हो गई है। पुलिस ने अभियोग दर्ज करते हुये शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। थाना क्षेत्र के गांव फूला राज कुमार गुप्ता की पत्नी सावित्री अपने पुत्र शिवम व पुत्री हिमांशी के साथ अपने मायके पूरे बाबा रामदयाल बसंतपुर थाना जामों जा रही थी। शनिवार को रास्ते में शंकरगंज चौराहे पर पैदल सड़क पार करते समय तेज रफ्तार डम्फर गाड़ी संख्या यूपी 71 बीटी 6322 ने महिला सावित्री को जोरदार टक्कर मार दी।

# शिकायत की सुस्त गति, निष्पक्षता पर सवाल, भ्रष्टाचार के विरुद्ध पूर्व सांसद ने की थी एक्सईएन एमआई की शिकायत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और पूर्व सांसद रेखा वर्मा ने गत दिनों शासन सत्ता में ऊंची पहुंच व रसूख रखने वाले लघु सिंचाई विभाग के चर्चित एक्सईएन सुवेन्द्र कुमार के भ्रष्ट क्रियाकलापों की शिकायत एक पत्र के जरिये सूबे के सीएमयोगी आदित्यनाथ से की थी। प्रकरण की जांच डीडीओ व एक्सईएन आरईडी की दो सदस्यीय टीम कर रही है। गत दिवस मामले की जांच करने जांच टीम लघु सिंचाई विभाग के डिवीजन आफिस पहुंची जहां उसने तमाम जरूरी दस्तावेज तलब किए जो तत्समय टीम को नहीं मिले। टीम द्वारा लिखापढ़ी में एक्सईएन से यह अभिलेख न मांगा जाना जांच निष्पक्षता पर भी सवाल खड़े करता है। हालांकि डीडीओ ने जांच प्रक्रिया में होने की बात कही है। हैरत की बात यह है कि जब सत्तारूढ़ दल की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के शिकायती पत्र की जांच में इतना विलम्ब किया जा रहा है फिर आम आदमी के शिकायती पत्रों के साथ भला क्या होता होगा, स्वयं ही समझा जा सकता है। प्रकरण में विभाग के शीर्ष अफसरों की ढिलाई भी चर्चा में है और वह कहीं न कहीं एक्सईएन के भ्रष्ट कार्यों पर पर्दा डालने की अघोषित साजिश सी प्रतीत हो रही है। गंभीर आरोपों से घिरे रसूखदार एक्सईएन सुवेन्द्र कुमार के पास जहां चार-चार जनपदों का प्रभार है वहीं तमाम एक्सईएन प्रोन्नत हो कर भी वेटिंग में हैं। बताया जाता है कि एक्सईएन सुवेन्द्र कुमार अपने आवास पर चहेते ठेकेदारों के साथ गोपनीय बैठकें कर इस मामले को सुलटाने के उपाय तलाशने में लगे हैं। बता दें कि पूर्व सांसद रेखा वर्मा ने सीएम को पत्र लिख कर लघु सिंचाई विभाग के एक्सईएन सुवेन्द्र कुमार पर अपने अधीन सीतापुर व खीरी प्रखण्डों में अपने चहेते ठेकेदारों और उनकी फर्मों से गुणवत्ताविहीन हल्की बोरिंग पाइप सप्लाई करा कर व बोर करा कर भ्रष्टाचार को खुला आश्रय देने का आरोप लगाया था। पत्र में कहा गया था कि एक्सईएन सुवेन्द्र कुमार किसानों से भी अभद्र व्यवहार करते हैं जिन्होंने वित्तीय वर्ष 2025-26 में लखीमपुर खीरी की अपनी चहेती फर्म सुप्रीम इण्टरप्राइजेज को टेण्डर तिथि खत्म होने के बाद भी टेण्डर दे दिया




जिसके साक्ष्य सुप्रीम इण्टरप्राइजेज द्वारा लघु सिंचाई विभाग में जमा दस्तावेजों की पड़ताल करने से स्वयं मिल जाएगा। दस्तावेजों में सुप्रीम इण्टरप्राइजेज ने जो चरित्र प्रमाण पत्र संलग्न किया है वह टेण्डर तिथि समाप्त होने के बाद की तारीख का है। फिर भी एक्सईएन ने अपनी खाऊ कमाऊ नीति के तहत इस चहेती फर्म को नियम विरुद्ध टेण्डर दे दिया। सनद रहे कि एक्सईएन सुवेन्द्र कुमार मूल रूप से लखनऊ जिले में तैनात हैं जिनके पास सीतापुर का अतिरिक्त प्रभार है। हरदोई व लखीमपुर खीरी जिले लखनऊ और सीतापुर खण्ड के तहत आते हैं। पूर्व सांसद के अनुसार लखनऊ, हरदोई, सीतापुर व

**वांछित अभिलेख पाये बिना लौटी थी जांच को डिवीजन दफ्तर गई टीम**

**कई प्रोन्नत एक्सईएन वेटिंग में, साहब के पास चार-चार जिलों का प्रभार**

**प्रकरण पर विभाग के शीर्ष अफसरों की चुप्पी है चर्चा में**

**चहेते ठेकेदारों के साथ बैठकें कर मामले को सुलटाने की योजना बना रहे एक्सईएन**

लखीमपुर खीरी में एक्सईएन सुवेन्द्र कुमार मध्यम व गहरी बोरिंगों में किसानों को मिलने वाले समर्सिबल और एसेसरीज में अपनी चहेती फर्मों व ठेकेदारों की मिलीभगत से जर्बदस्त धांधली कर रहे हैं। हरदोई व लखनऊ में इन्होंने वित्तीय वर्ष 2025-26 में किसानों को समर्सिबल दिलाने के नाम पर अपनी करीबी फर्मों को प्रति समर्सिबल 95 हजार रूपये तक का भुगतान कराया है। हैरत की बात यह है कि यही समर्सिबल व एसेसरीज खुली बाजार में अधिकतम 70 हजार रूपये तक की कीमत पर आम किसानों को उपलब्ध हैं। ऐसे में एक्सईएन ने प्रति समरसिबल 25 से 30 हजार की खुली लूट की है। शिकायती पत्र की मानें तो एक्सईएन सुवेन्द्र कुमार ने अपनी चहेती फर्मों के पंजीकरण मामले में अधीक्षण अभियंता की पूर्व अनुमति के बिना मनमाने तरीके से घालमेल कर नियम कानूनों व शासनादेशों की धज्जियां उड़ा कर रख दी हैं। बताया जाता है कि इससे पूर्व के अपने तैनाती स्थल पर भी एक्सईएन सुवेन्द्र कुमार ऐसे ही क्रियाकलापों के चलते खासी चर्चा में रहे हैं। शासन सत्ता में अच्छा रसूख रखने वाले सुवेन्द्र कुमार के विरूद्ध यहां किसान संगठन ने भी शिकायत की है। विभाग व शासन में बेहतर पैठ रखने वाले एक्सईएन सुवेन्द्र कुमार के पास जहां चार-चार जनपदों का प्रभार है वहीं विभाग के तमाम प्रोन्नत एक्सईएन चार्ज पाने की प्रतीक्षा में है। यह यक्ष प्रश्न भी कम चर्चा में नहीं है।

# जमीनी विवाद में मारपीट व फायरिंग, 04 गिरफ्तार, लाइसेंसी बंदूक, देशी तमंचा, कारतूस बरामद



कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। थाना खुटार पुलिस ने जमीन विवाद को लेकर हुई मारपीट और फायरिंग करने के मामले में 04 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से पुलिस ने लाइसेंसी बंदूक, देशी तमंचा और कारतूस आदि बरामद किए हैं। थाना खुटार क्षेत्र के गांव प्रीतमपुर में शनिवार को खेत पर कब्जे को लेकर दो पक्षों में मारपीट के साथ फायरिंग की गई। जिसमें पिता-पुत्र समेत चार लोग घायल हो गए। इनमें एक व्यक्ति को छर्रे लगे। इस मामले में एक पक्ष के पिंटू कुमार की तहरीर पर गांव के राजेश, सुरेन्द्र, देवेश और विनोद पुत्रगण रामेश्वर दयाल तथा रामऔतार सहित अन्य 04-05 लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की गई। आरोप था कि उसके खेत में खड़ी उड़द की फसल को जबरन ट्रैक्टर से जोतने के लिए राजेश अपने भाईयों आदि के साथ पहुंच गए। विरोध करने पर मारपीट और फायरिंग की। इसमें पिंटू पक्ष के चार लोग घायल हो गए और एक के पेट मे छर्रे लगे हैं। इसी क्रम में पुलिस ने नामजद अभियुक्त राजेश, सुरेन्द्र, रामेश्वर दयाल और रामऔतार को गिरफ्तार किया। जिनके कब्जे से पुलिस ने घटना में प्रयुक्त एक नाली लाइसेंसी बन्दूक, बन्दूक की नाल में फंसा जिन्दा कारतूस, एक खोखा कारतूस, एक देशी तमंचा और एक जिन्दा कारतूस बरामद किया। पुलिस के अनुसार, पकड़े गए अभियुक्तों पर पहले से भी थाना खुटार में कई अपराधिक मामले दर्ज हैं। फिलहाल, पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए चारों अभियुक्तों को जेल भेज दिया है। अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना खुटार के एसआई सोहनलाल और पंकज कुमार के साथ मुख्य आरक्षी विद्यासागर आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा की मासिक बैठक



कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी । राष्ट्रीय अधिकार मोर्चा की मासिक बैठक रविवार को जिला कार्यालय लखीमपुर खीरी में संपन्न हुई। बैठक में संगठन विस्तार और आगामी कार्ययोजना पर मंथन हुआ। प्रदेश नेतृत्व की सहमति से जिला उपाध्यक्ष, महासचिव, मीडिया प्रभारी व कोषाध्यक्ष सहित कई पदों पर नवनियुक्तियों की घोषणा की गई। वक्ताओं ने संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने और जनहित के मुद्दे उठाने पर जोर दिया।

# लखीमपुर खीरी में अनुदेशकों को बड़ी सौगात, बढ़े मानदेय पर गूंजी तालियां राज्यमंत्री जेपीएस राठौर बोले, शिक्षा के प्रहरी हैं अनुदेशक

**राज्यमंत्री जेपीएस राठौर ने किया अनुदेशकों का सम्मान, अनुदेशकों के खातों में बढ़ा मानदेय हुआ अंतरित**

**मानदेय बढ़ने से अनुदेशकों में खुशी की लहर, सीएम के कार्यक्रम की हुई लाइव स्ट्रीमिंग**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखीमपुर खीरी । शहर के रॉयल पैराडाइज में रविवार को बेसिक शिक्षा विभाग के तत्वावधान में आयोजित ळअनुदेशक सम्मान एवं बढ़े हुए मानदेय वितरणङ्क कार्यक्रम ने उत्सव का माहौल बना दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ कारागार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर ने डीएम अंजनी कुमार सिंह और सीडीओ अभिषेक कुमार के साथ दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया।

कार्यक्रम की शुरुआत में सीएम के राज्य स्तरीय कार्यक्रम की लाइव स्ट्रीमिंग देखी और सुनी गई। सीएम के भाषण को सुनकर अनुदेशकों ने खूब तालियां बजाई। इस दौरान परिषदीय विद्यालयों की छात्राओं ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का सफल संयोजन बीएसए प्रवीण तिवारी ने किया। सम्मानित हुए अनुदेशक, खातों में पहुंचा बढ़ा मानदेय- राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर ने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की मौजूदगी में अनुदेशक रुचि वर्मा, शैलप्रिया, मंजू मिश्रा, कामता प्रसाद, परमजीत सिंह, रविंद्र सिंह राना, कन्हैयालाल राजवंशी, करन सिंह, राघवेंद्र प्रताप सिंह, नीरज कुमार को बेसिक शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रमाण पत्र एवं शॉल भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर शिक्षामित्रों को बढ़े हुए 17 हजार रुपये मानदेय के चेक भी प्रदान किए गए। साथ ही जिले के सभी 826 अनुदेशकों के खातों में बढ़ा हुआ मानदेय अंतरित कर दिया गया। अनुदेशक शिक्षा के प्रहरी, 17 हजार मानदेय से मजबूत होगा परिवार व शिक्षा व्यवस्था : राज्यमंत्री सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर ने कहा कि यह ऐतिहासिक पल है, जब सरकार अनुदेशकों और शिक्षामित्रों के बीच खुशियां लेकर पहुंची है। सरकार ने मानदेय बढ़ाकर उनके योगदान और सम्मान को नई पहचान देने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि अनुदेशक ऐसा कार्य करें कि वे व्यवस्था की मजबूरी नहीं, बल्कि आवश्यकता बन जाएं। बच्चों को केवल शिक्षा देना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनमें संस्कार और नैतिक मूल्यों का बीजारोपण करना भी शिक्षकों की बड़ी जिम्मेदारी है। शिक्षा और संस्कार के समन्वय से ही मजबूत समाज और बेहतर राष्ट्र का निर्माण संभव है। राज्यमंत्री ने कहा कि अनुदेशक वास्तव में शिक्षा व्यवस्था के प्रहरी हैं, जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी बेसिक शिक्षा को मजबूती देने का काम किया। अब अनुदेशकों को बढ़ा हुआ मानदेय सीधे उनके बैंक खातों में मिलेगा, जिससे उन्हें आर्थिक संबल प्राप्त होगा। उन्होंने बताया कि अब अनुदेशकों को 17 हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय मिलेगा। इससे उनके परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और वे अधिक उत्साह के साथ शिक्षण कार्य कर सकेंगे। डीएम अंजनी कुमार सिंह ने अनुदेशकों को बढ़े हुए मानदेय के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह निर्णय अनुदेशकों के जीवन में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार करेगा।

# उल्टा चोर कोतवाल को डांटे! भीखमपुर डाटपुर में खुद इंटलॉकिंग और खड़ंजों पर अवैध कब्जा कर दूसरों पर आरोप लगा रहे दबंग

एजेंसी



भीखमपुर खीरी। जनपद लखीमपुर खीरी के विकासखंड बांकेगंज के अंतर्गत आने वाले ग्राम भीखमपुर डाटपुर से एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसने 'उल्टा चोर कोतवाल को डांटे' वाली कहावत को पूरी तरह चरितार्थ कर दिया है। यहाँ केशवराम और भाईलाल उर्फ़ अन्नू द्वारा ग्रामीणों को भड़काकर खुद पूरे खड़ंजे और इंटरलाकिंग पर अवैध कब्जा जमाया गया है, लेकिन अपनी दबंगई और रसूख के बल पर वे दूसरों को प्रताड़ित करने और उन पर झूठे आरोप लगाने में मशगूल हैं।

**भीड़ तंत्र के दम पर प्रताड़ना, खुद बने बैठे हैं 'न्यायाधीश'**

स्थानीय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, भीखमपुर डाटपुर के ग्रामीणों ने सार्वजनिक रास्ते खड़ंजों और सड़कों को अपनी जागीर समझकर उस पर अवैध अतिक्रमण कर रखा है। खुद कानून की धज्जियां उड़ाने के बावजूद, ये लोग गाँव के ही कुछ सीधे-साधे व्यक्तियों पर अवैध कब्जे का ठीकरा फोड़ रहे हैं। हद तो तब हो गई जब ग्रामीणों ने कई बार भारी जमावड़ा (भीड़) इकट्ठा कर पीड़ित पक्ष को मानसिक और सामाजिक रूप से प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। दबंगई के दम पर माहौल को तनावपूर्ण बनाया जा रहा है ताकि कोई इनके खिलाफ आवाज उठाने की हिम्मत न कर सके।

**प्रशासन और माननीय को गुमराह करने की साजिश**

अपनी चोरी और सीनाजोरी को छिपाने के लिए इन अतिक्रमणकारियों ने एक नया पैंतरा अपनाया है। खुद खड़ंजों पर अवैध कब्जा करने वाले ये लोग अब पुलिस, स्थानीय विधायक और जिला प्रशासन के चक्कर काट रहे हैं। झूठी शिकायतें और मनगढ़ंत कहानियां गढ़कर शासन-प्रशासन की आंखों में धूल झोंकने की पुरजोर कोशिश की जा रही है, ताकि असली मुद्दा यानी 'सड़क पर इनका खुद का अवैध कब्जा' दबा रहे।

सवाल यह उठता है कि, जब पूरे गाँव की सड़कों पर खुद ग्रामीणों ने अतिक्रमण कर रखा है, तो वे किस हैसियत से दूसरों पर उंगली उठा रहे है पुलिस और प्रशासन की मौजूदगी के दावों के बीच, गाँव में भारी जमावड़ा लगाकर किसी को प्रताड़ित करने की छूट किसने दी क्या पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच करेंगे, या दबंगों की झूठी शिकायतों के आधार पर एकतरफा कार्रवाई होगी । बड़ा सवाल यह उठता है, देखना यह है कि लखीमपुर खीरी का जिला प्रशासन और बांकेगंज ब्लॉक के जिम्मेदार अधिकारी इस दोहरे मापदंड और दबंगई पर क्या रुख अपनाते हैं। क्या भीखमपुर गाव की खड़ंजो,इंटरलाकिंग को इस अवैध कब्जे से मुक्ति मिलेगी और पीड़ित पक्ष को न्याय मिलेगा? या फिर रसूखदारों का यह 'झूठ का खेल' यूँ ही चलता रहेगा?

## एमजीयूजी में नर्सिंग पाठ्यक्रमों की प्रवेश परीक्षा सकुशल संपन्न

गोरखपुर। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर (एमजीयूजी) में सत्र 2026-27 में प्रवेश हेतु रविवार को दो पालियों में नर्सिंग पाठ्यक्रमों (बीएससी नर्सिंग, पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग तथा एमएससी नर्सिंग) की प्रवेश परीक्षा सकुशल संपन्न हुई। दोनों पालियों को मिलाकर 4238 अभ्यर्थी (90 प्रतिशत) इस प्रवेश परीक्षा में सम्मलित हुए।

विश्वविद्यालय प्रशासन ने परीक्षा व्यवस्था को शुचितापूर्ण, पारदर्शी, व्यवस्थित और शांतिपूर्ण बनाए रखने के लिए संपूर्ण तैयारी की थी। प्रवेश परीक्षा केंद्रों (नर्सिंग संकाय भवन व आयुर्वेद संकाय भवन) पर सख्त समय पालन के साथ परीक्षार्थियों के पहचान सत्यापन किया गया। परीक्षा केंद्रों में अनुशासित व्यवहार और सुचारु संचालन हेतु पर्याप्त कर्मचारी तैनात किए गए थे। प्रवेश परीक्षा के दिन छात्रों तथा उनके अभिभावकों की सुविधा हेतु विश्वविद्यालय के मंदिर परिसर तथा अस्पताल परिसर के विभिन्न स्थानों पर बैठने की समुचित व्यवस्था की गई थी। अभिभावकों के लिए गुड़ एवं शीतल जल की विशेष व्यवस्था कर उन्हें सहज और आरामदायक वातावरण प्रदान किया गया। प्रवेश परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इस उद्देश्य से मार्गदर्शन कक्ष और सूचना केंद्र भी संचालित किए गए।

# जनपद में अनुदेशकों को बढे हुए मानदेय का डमी चेक देकर किया गया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**अनुदेशक केवल शिक्षक नहीं होते, बल्कि वे समाज के निर्माणकर्ता होते हैं : उद्यान मंत्री**

**उत्तर प्रदेश सरकार शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत : दिनेश प्रताप सिंह**

**मुख्यमंत्री के आयोजित कार्यक्रम का देखा गया सजीव प्रसारण**



रायबरेली। प्रदेश के अनुदेशकों के मानदेय बढ़ोतरी के उपलक्ष्य में अनुदेशक सम्मान समारोह व चेक वितरण कार्यक्रम का आयोजन लोक भवन, लखनऊ में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री उप्र योगी आदित्यनाथ ने मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इसी क्रम में जनपद में जनपद स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन गोपाल सरस्वती इण्टर कॉलेज में किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात विभाग, उप्र दिनेश प्रताप सिंह ने प्रतिभाग किया, कार्यक्रम में मा0 अध्यक्ष जिला पंचायत रंजना चौधरी, जिलाध्यक्ष भाजपा बुद्धिलाल पासी, मुख्य विकास अधिकारी अंजूलता उपस्थित रही। अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया व उनके उद्बोधन को सुना गया। जनपद स्तरीय कार्यक्रम में जनपद के 18 अनुदेशकों को बढ़े हुए मानदेय का डमी चेक वितरित किया गया, इसके साथ ही प्रत्येक विकास खण्ड के 02 एवं नगरीय क्षेत्र कुल 38 अनुदेशकों को उत्कृष्ठ कार्य करने हेतु प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मानदेय वृद्धि से जनपद के 547 अनुदेशक लाभान्वित हुए। उद्यान मंत्री ने इस अवसर पर अपने उद्बोधन में कहा कि आज का यह अवसर अत्यंत गौरवपूर्ण और प्रेरणादायक है। हम यहाँ उन अनुदेशकों का सम्मान करने के लिए एकत्रित हुए हैं, जिन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में अपनी निष्ठा, परिश्रम और समर्पण से समाज को एक नई दिशा दी है। अनुदेशक केवल शिक्षक नहीं होते, बल्कि वे समाज के निर्माणकर्ता होते हैं। आपने कठिन परिस्थितियों में भी अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए बच्चों के भविष्य को संवारने का जो कार्य किया है। उत्तर प्रदेश सरकार शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने अनुदेशकों के मानदेय में वृद्धि भी की और उनके सम्मान को उनकी चौखट तक पहुंचाने का भी कार्य किया है, इसी क्रम में आज यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मउद्यान मंत्री ने कहा कि अनुदेशकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है।

आप सभी ने ग्रामीण और दूरदराज क्षेत्रों में शिक्षा की ज्योति जलाए रखी, जिसके लिए आप बधाई और धन्यवाद के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि आज जब आपको सम्मानित किया जा रहा हैं, तो यह केवल एक पुरस्कार नहीं, बल्कि आपके समर्पण और सेवा के प्रति हमारी कृतज्ञता का प्रतीक है। यह सम्मान आपको आगे भी और बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को सम्मान दिलाने का कार्य हमारी सरकार ने किया है, इसके साथ ही आज मुख्यमंत्री द्वारा अनुदेशकों व उनके परिवार को 05 लाख रुपए तक की कैशलेश चिकित्सा सुविधा दिलाने की भी घोषणा की है, यह अनुदेशकों व उनके परिवार के लिए चिकित्सा सुविधा कवच है। जिलाध्यक्ष बुद्धिलाल पासी ने अपने सम्बोधन में कहा कि मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता है कि प्रदेश सरकार द्वारा अनुदेशकों के मानदेय में बढ़ोतरी कर सीधे 90000 से बढ़ाकर 17000 रूपये मानदेय किया गया है, अनुदेशकों ने अपने समर्पण, मेहनत और सेवा भाव से शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इससे पूर्व कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय डीह, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय बाला हरचंदपुर सहित विभिन्न विद्यालय के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। मंच का संचालन एसएस पाण्डेय द्वारा किया गया। धन्यवाद ज्ञापन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राहुल सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ, उपजिलाधिकारी सदर गौतम सिंह, जिला विकास अधिकारी अरुण कुमार, उपायुक्त एनआरएलएम सविता सिंह, शिवेन्द्र सिंह सहित सम्बन्धित अधिकारी, अनुदेशक आदि उपस्थित रहें।

## 92% अंक हासिल कर मुरादाबाद जनपद में पांचवां स्थान

संभल कैनविज टाइम्स संवाददाता। 92% अंक हासिल कर मुरादाबाद जनपद में पांचवां स्थान प्राप्त करने वाली बिलारी की प्रतिभाशाली बेटी निहारिका चौधरी को आज सपा कैम्प कार्यालय एम आई हाउस पर ळमोहम्मद इरफान एजुकेशनल अवार्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। निहारिका का सपना आईएएस अधिकारी बनकर देश सेवा करना है। ऐसी बेटियां समाज और देश का गौरव हैं। ईश्वर से उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं।

## हाजी मोहम्मद फहीम इरफान रुक्मणी क्रिकेट एकेडमी ने स्काईलाइन की टीम को 92 रन से हराया

मुरादाबाद । उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जिले में रुक्मणी क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए ब्रास सिटी यूथ क्रिकेट क्लब चैम्पियनशिप मुकाबले में रुक्मणी क्रिकेट एकेडमी ने स्काईलाइन की टीम को 92 रन से हराकर शानदार जीत दर्ज की। मैच में रुक्मणी के गेंदबाज अम्मार अहमद ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए पांच विकेट झटके और टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। अम्मार अहमद को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया डिस्ट्रिक्ट स्पोर्टर्स एसोसिएशन के सचिव व पूर्व रणजी खिलाड़ी विजय गुप्ता एडवोकेट ने बताया कि रविवार को टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी रुक्मणी क्रिकेट एकेडमी की शुरुआत अच्छी नहीं रही। बीच में बल्लेबाजों ने टीम को संभाल लिया। निर्धारित 30 ओवर में टीम 147 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। अलीम चौधरी ने 30 रन की उपयोगी पारी खेली, जबकि हरेंद्र कुमार ने 20 व मो. सुबहान ने 16 रन बनाए। टीम को अतिरिक्त के रूप में 32 रन मिले। स्काईलाइन की ओर से शोयब अली, अमरदीप और अंश पंडित ने कसी हुई गेंदबाजी करते हुए दो-दो विकेट हासिल किए। जवाब में बल्लेबाजी करते हुए स्काईलाइन की टीम शुरुआत से ही दबाव में रही। नियमित अंतराल पर विकेट गिरने से टीम संभल नहीं सकी। पूरी टीम 18.2 ओवर में 55 रन पर सिमट गई। इसमें सैय्यद फाज ने 15 और नाजिम पाशा ने 13 रन बनाए। टीम को अतिरिक्त के रूप में 19 रन मिले, लेकिन वह हार का अंतर कम नहीं कर सके। रुक्मणी क्रिकेट एकेडमी की ओर से अम्मार अहमद ने शानदार गेंदबाजी करते हुए पांच विकेट झटके। जबकि आयुष ने भी दो विकेट लेकर उनका अच्छा साथ निभाया। शानदार प्रदर्शन के लिए अम्मार अहमद को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

## जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो तब तक परिश्रम करते रहें : डा. नीरज विनोद खन्ना

मुरादाबाद । छत्रपति शिवाजी महाराज समिति द्वारा रविवार को एमआईटी इंस्टीट्यूट में मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में ईपीसीएच अध्यक्ष डॉ नीरज विनोद खन्ना कहा कि जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए तब तक पूरी लगन के साथ परिश्रम करते रहें। अंततः सफलता आपके कदम चूमेगी। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में एसपी ग्रामीण कुंवर आकाश सिंह, वरिष्ठ अधिवक्ता एडवोकेट सुधीर गुप्ता, आर्केटक्ट वाईपी गुप्ता, सीओ सिटी सुनीता दहिया, राजकुमार जादूगर, डा. केके मिश्रा, पुष्पेंद्र कुमार, डा. मुकेश अग्रवाल, संजय संयाल, डॉ जी कुमार सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। सम्मान समारोह के दौरान राजकुमार जादूगर द्वारा मैजिक शो से सभी का भरपूर मनोरंजन किया। मेधावी सम्मान समारोह में यूपीएससी, यूपीपीसीएस एवं सीए आदि प्रतिष्ठित परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर शहर का नाम रोशन करने वाले प्रतिभावान युवा रिषभ शर्मा, जीत गंगवार, डा. दीपशिखा एवं सीए शौर्य खुराना को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त सीबीएसई, आईसीएसई एवं यूपी बोर्ड से जुड़े शहर के 17 विद्यालयों के लगभग 140 मेधावी छात्र-छात्राओं को भी पुरस्कार एवं सम्मान देकर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम का समापन करते हुए समिति अध्यक्ष वीरेंद्र अरोड़ा ने सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें शिक्षा के माध्यम से समाज और राष्ट्र के विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर समिति के नरेंद्र सिक्का, मुदित उपाध्याय, शिबू पांडे, अनुज सिंह, विशाल गुप्ता, पवन कपूर, अरुण ठाकुर, सरदार इंद्रजीत सिंह, आकाश कुमार, भारत अरोड़ा, राहुल कुमार, नितेश सिंह, सुरेश सैनी, नितेश राजपूत, उमेश ठाकुर, प्रदीप ठाकुर, मयंक कुमार सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## पर्यटन मंत्री ने की जनसुनवाई, कहा शिकायतकर्ता दुबारा आया तो अधिकारी पर होगी कार्रवााई

फिरोजाबाद। उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के मंत्री जयवीर सिंह ने रविवार को अपने निज निवास सिरसागंज पर जनता दर्शन लगाकर जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ जनता की समस्याओं को सुना।

जनसुनवाई के दौरान पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने जनपद व गैर जनपदों से आए फरियादियों की शिकायतों को एक-एक कर सुना और शिकायतों को उपस्थित सम्बन्धित जिला स्तरीय अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने फरियादियों की शिकायतों को गम्भीरता से लेते हुए कुछ प्रकरणों में सम्बन्धित अधिकारियों से सीधे फोन पर वार्ता कर शिकायतों को निस्तारित कराया। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि गुणवत्तापूर्ण शिकायत निस्तारण की कार्रवाई के उपरांत शिकायतकर्ता को अवगत भी कराया जाए कि उनकी शिकायत निस्तारित हो गयी है। जनसुनवाई के दौरान अधिकतर शिकायतें भूमि विवाद, अतिक्रमण व कब्जा मुक्ति की आने पर पर्यटन मंत्री ने जिलाधिकारी द्वारा उपजिलाधिकारी सिरसागंज व पुलिस क्षेत्राधिकारी सिरसागंज को निर्देशित करते हुए कहा कि शनिवार को आयोजित होने वाले थाना दिवसों पर इस प्रकार के भूमि विवाद प्रकरणों को पुलिस व राजस्व की संयुक्त टीम बनाकर मौके पर भेजा जाए और जांच कर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। इसके लिए उन्होने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्वक निस्तारण की अनुपालन आख्या बनाकर उन्हें भी अवगत कराऐं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार जनता की समस्याओं के प्रति गम्भीर है, इसलिए अधिकारी जनता की समस्याओं को स्थानीय स्तर पर त्वरित गति से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करना सुनिश्चित करें। जनसुनवाई के दौरान अधिकतर शिकायतें भूमि, बिजली, पानी, राशन कार्ड, विद्युत विभाग के बिल, आवास योजना, आधार कार्ड, अतिक्रमण, पुलिस सम्बन्धित आदि शिकायतें प्राप्त हुई। जनसुनवाई के दौरान उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यदि शिकायकतकर्ता की शिकायत निस्तारित नहीं हुई और वह दोबारा हमारे पास आता है, तो सम्बन्धित अधिकारी के विरूद्ध कार्रवाई भी की जाएगी।

## फंदे पर लटका मिला युवक का शव, मुकदमा दर्ज

फिरोजाबाद । थाना शिकोहाबाद क्षेत्र अन्तर्गत रविवार को एक युवक का शव खेत पर बनी कोठरी के फंदे पर लटका मिला है। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लाई है और घटना की जांच कर रही है। थाना शिकोहाबाद क्षेत्र अन्तर्गत गांव नगला बिलौटीय निवासी अतिन (17) पुत्र अजय कुमार शनिवार रात खेत पर बनी कोठरी पर सोने के लिए गया था। रविवार को जब वह घर नहीं लौटा तो परिजनों को चिंता हुई। वह खेत पर बनी कोठरी पर पहुंचे तो अतिन का शव कमरे में फंदे पर लटका हुआ था। यह देख परिजन हैरान रह गए। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लेकर आई है।

# कटरा बजार मनरेगा में लूट है, लूट सको तो लूट

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




**मनरेगा में रोजगार के नाम पर ऐसी लूट मची कि इस महालूट के लिए लूट शब्द बेहद छोटा पड़ गया**

**विकास खण्ड कटरा बजार में मनरेगा में चल रहा फर्जी मस्टर रोल**

**मनरेगा योजना में धरातल पर नहीं हो रहा फ़ेस रेटीना घर-घर लग रही हाजिरी सिस्टम से खुल रही घोटाले की पोल**

गोण्डा ।केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मनरे गा विकासखंड कटरा बजार के कई ग्राम पंचाय तो में लूट का अड्डा बन गया है।भले ही उत्तर प्रदे श में योगी सरकार है,लेकिन मनरेगा में हो रहे भ्र ष्टाचार पर अंकुश लगाने में योगी सरकार विफल साबित हो रही है।योगी सरकार भले ही जीरो टॉर लें स नीति का ढोल पीट रही हो,लेकिन इसकी ज मीनी धरातल पर तस्वीरें साफ तौर से देखा सकता है,कि कैसे कथनी-करनी में अन्तर हैं।केंद्र सरकार की महत्वा कांक्षी योजना महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योज ना में लाखों मजदूर काम कर अपना जीवन यापन कर रहे हैं।उनके जीवन यापन में यह योजना मह त्वपूर्ण भूमिका निभाती है,लेकिन अब यह योजना पूरी तरह भ्रष्टाचार की भेंट चढ़कर रह गई है।विका स खण्ड कटरा बजार की कई ग्राम पंचायत में मन रेगा योजना में बड़े पैमाने पर फर्जी वाड़ा देखने को मिल रहा है। जी हां कटरा बजार ब्लॉक के कुछ ढीठ ग्राम प्रधान समेत अन्य जिम्मे दार अधिकारी व कर्मचारी अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं?,जिससे की कटरा बाजार विकास खंड क्षेत्र में लगा तार मनरेगा योजना को पलीता लगाने का काम जारी है।बताते चलें कि कटरा ब जार विकास खंड की 13 ग्राम पंचायतों में मनरेगा योजना के तहत चकरोड,भूमि समतली करण बंधा निर्माण,तालाब सौंदर्याकरण समेत 18 कार्य वर्त मान में संचालित हैं।मनरेगा की वेबसाइट के अनु सार इन कार्यों में कुल 320 मजदूरों की प्रतिदिन हाज़िरी लग रही है।प्रति श्रमिक 252 रूपए के हि साब से प्रतिदिन भारी धनरा शि रोजगार के नाम पर खर्च की जा रही है।ग्राम पंचायत उर्दी गोंडा में एक कार्य के लिए तीस श्रमिकों को दिखाया गया है। उड़िला में एक कार्य के लिए 63 श्रमिकों को धरातल पर दिखाया गया है लेकिन जो फ़ेस रेटिना हुआ है वह घर-घर किया गया है और धरातल पर एक भी श्रमिक मौजूद नहीं है।सिर्फ फ़ेस रेटिना के सहारे फोटो अपलोड की जा रही है।इसी तरह पि सैया, कटुआ नाला,तिलका, मंगरुहीं, जयराम जोत में सिर्फ काग जो में 90 श्रमिकों की हाजिरी काग जों में लगाई गई है। 44% सेल्सियस कड़ाके की धूप गर्मी में ज ब लोग पेड़ के छांव या अपने घरों में बैठे थे तब म नरेगा में रोजगार के नाम पर खुले आम मनरेगा में फर्जीवाड़ा चल रहा है।सबसे विचि त्र बात यह है कि चल रहे कार्य पर कहीं भी डि स्प्ले बोर्ड लगा नहीं दिखाई दे रहा है,जबकि शास न का आदेश है कि कराए जा रहे कार्यों पर डिस्प्ले बोर्ड पहले लगाया जाएं।

### एमएमएस सिस्टम से खुल रही भ्रष्टाचार की पोल, मनरेगा योजना में एमएमएस सिस्टम से भ्रष्टाचार

की पोल खुलती हुई दिखाई दे रही है।मेटों के द्वारा मस्टरोल नंबर में कहां से मजदूरों के फोटो खींच क र उसके स्क्रीन शॉट के फोटो को एमएमएस सिस्ट म में अपलोड कर शत प्रतिशत उपस्थिति दर्ज कर फर्जीवाड़ा किया जा रहा है।जबकि मौके पर एक भी मजदूर उपस्थित नहीं है।यह सब खेल ब्लॉक पर बैठे जनप्रतिनिधियों से लेकर प्रधान और रोज गार सेवक की मिलीभगत से चल रहा है।रोजगार सेवक की मिली भगत से कुछ ऐसे लोगों को मजदू र बना दिया है जिसका मनरेगा जॉब कार्ड बना ही नहीं है।एमएमएस सिस्टम में उसके स्थान पर अन्य मजदूर खड़ा कर फर्जी फोटो एमएमएस सिस्टम में अपलोड कर दिया।यह तो एक उदारण है। ऐसे में अगर इसकी जांच कराई जाए तो तिलका ग्राम पं चायत में कई घोटले उजागर हो सकते हैं।

### एमएमएस एप के विशेष निर्देश की उड़ी धज्जियां

एमएमएस एप के विशेष निर्देश के अनुसार मेट के द्वारा प्रतिदिन सुबह 11 बजे से पहले सभी श्रमि कों की उपस्थिति एवं कार्यस्थल की फोटो एमएम एस एप के माध्यम से लेकर मनरेगा सॉफ्टवेयर प र फ़ेस रिटीना की फोटो अपलोड की जाएगी। का र्य स्थल पर ही दोनों समय समय की फोटो अप लोड की जाती है लेकिन यहाँ पर मनरेगा सॉफ्ट वेयर पर अपलोड की जा रही वि शेष निर्देशों की धज्जियां उड़ाई जा रही है। यही न हीं मेटों द्वारा दूसरी पारी का फोटो अपलोड नहीं किया जा रहा है।

# गोंडा रेलवे स्टेशन पर अवैध वेंडरों का बोलबाला, कर देते हैं चेकिंग अभियान फ़ेल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोंडा । रेलवे स्टेशन पर इस समय अवैध वेंडरों का बोलबाला है।वेंडर समान को दोगुने दाम पर यात्रि यों को बेचते हैं।प्रशासन के नाक के नीचे से इनका धंधा फल-फूल रहा है।बता दें कि गोंडा रेलवे स्टेश न पर प्रतिदिन जनसेवा, जननायक,गरीब रथ, सहि त पैसेंजर ट्रेन लगभग सैकड़ो अप-डाउन करती हैं और अधिकरिओ का आवागमन भी होता है लेकि न तब भी अवैध वेंडर आरपीएफ की मिलीभगत से पूरे स्टेशन पर आराम से पूड़ी-सब्जी,ऑमलेट, फल,चाय, भूजा और मानक के विपरीत पानी आ दि बेचते हैं।प्रशासन की नाक के नीचे यह गोरखधं धा चल रहा है। ना जाने क्यों रेल प्रशासन इसकी सुध तक नहीं लेता है।लंबे रूट की ट्रेनें अमृत भार त एक्सप्रेस, ओखा, जनसाधारण, जनसेवा एक्सप्रे स, शाहिद, कुर्ला, पनवेल, आम्रपाली, गरीबरथ एक्स प्रेस जैसी दर्जनों ट्रेनें वेंडरों के निशाने पर रहती हैं। इन ट्रेनों में वेंडर आराम से दोगुने दाम पर यात्रियों को सामान बेचते हैं और विरोध करने पर मारपीट तक करने लगते हैं। बता दें कि ये वेंडर आउटर से ट्रेनों में सवार होते हैं। रेलवे के कमर्शियल विभाग आरपीएफ और जीआरपी द्वारा प्रति दिन चेकिंग अभियान चलाया जाता है,लेकिन एक भी अवैध वेंडर नहीं पकड़ा जाता।

## अमेठी में बीस मई को कार्यकर्ता सम्मेलन को सम्बोधित करेंगे राहुल गांधी

अमेठी । केंद्रीय कंग्रेस कार्यालय स्थित राजीव गांधी सभागार में सांसद किशोरी लाल शर्मा की अध्यक्षता में कंग्रेस पार्टी के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई जिसमें आगामी बीस मई को नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के एक दिवसीय अमेठी भ्रमण एवं कार्यकर्ता सम्मेलन को सफल बनाने की रुपरेखा तय की गई।अमेठी के सांसद किशोरी लाल शर्मा ने नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुये कहा कि यह केवल एक राजनीतिक कार्यक्रम नही बल्कि अमेठी और गांधी परिवार के वर्षों पुराने आत्मीय,पारिवारिक रिश्ते का जीवंत प्रतीक बनता जा रहा है। यहां की जनता ने हमेशा गांधी परिवार को अपने परिवार का सदस्य माना है और यही अपनापन इस सम्मेलन की तैयारियों में साफ झलक रहा है। कंग्रेस के जिला प्रवक्ता अनिल सिंह ने बताया कि आगामी बीस मई को नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के आगमन को सफल बनाने की कमान स्वयं संभाले हुये हैं। सांसद व वरिष्ठ नेताओं के नेतृत्व में हर स्तर पर व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की जा रही है ताकि कार्यक्रम भव्य और सुव्यवस्थित हो सके।

# रास्ते से कब्जा हटाने पहुंची प्रशासनिक टीम लौटी वापस

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



गोंडा । जिले की सदर तहसील के हारीपुर ग्राम पंचा यत में आज रविवार दोपहर दो बजे बुलडोजर के साथ अवैध अतिक्रमण हटाने पहुंची राजस्व टीम और पुलिसकर्मियों को विरोध के चलते खाली हा थ लौटना पड़ा है।नगर मजिस्ट्रेट गोंडा के आदेश पर आबादी में बने रास्ते पर किए गए अतिक्रमण को हटवाने के लिए टीम मौके पर पहुंची थी।सदर नायब तहसीलदार चंदन कुमार और नगर कोत वाल बिंदेश्वरी मणि त्रिपाठी बुलडोजर के साथ अ तिक्रमण हटाने पहुंचे थे।टीम ने जैसे ही अतिक्रम ण हटाने की प्रक्रिया शुरू की,उन्हें विरोध का साम ना करना पड़ा। रामखेलावन, जिन पर अतिक्रमण का आरोप है, ने कार्रवाई का विरोध करते हुए तर्क दिया कि उनका मामला दीवानी न्यायालय में विचा राधीन है और स्टे की तारीख लगी है। इस दौरान स्थानीय ग्राम प्रधान भी मौके पर पहुंच गए और उन्होंने भी कार्रवाई का विरोध करते हुए न्यायालय में मामला होने की बात कही है।इसके बाद राजस्व टीम बुलडोजर के साथ बिना कार्रवाई किए मौके से वापस लौट गई। यह कार्रवाई अखिलेश कुमार वर्मा द्वारा नगर मजिस्ट्रेट के यहां दायर एक वाद के बाद की जा रही थी। वर्मा ने मांग की थी कि गाटा संख्या 142 खा जो कि आबादी की जमीन है और उस पर एक रास्ता बना हुआ है,उसे रामखे लावन ने अवैध रूप से अतिक्रमित कर रोक दिया है।नगर मजिस्ट्रेट ने सुनवाई के बाद वर्ष 2024 में अवैध अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया था।हालां कि,लगभग दो साल बीत जाने के बाद भी उनके आदेश का अनुपालन नहीं हो पाया है,रामखेलावन ने बताया कि उनका मामला न्यायालय में चल रहा है।उन्होंने कहा कि आज जब अधिकारी कार्रवाई करने आए तो उन्होंने अपने कागजात दिखाए औ र विरोध किया,जिसके बाद वे वापस चले गए।राम खेलावन ने जल्द ही स्टे मिलने की उम्मीद जताई।

नायब तहसीलदार चंदन कुमार ने बताया कि मौके पर भारी संख्या में लोग एकत्रित हो गए थे।विवाद की स्थिति उत्पन्न होने की आशंका के चलते अति क्रमण हटाने की कार्रवाई नहीं हो पाई।उन्होंने आ श्वासन दिया कि न्यायालय के आदेश का अनुपाल न जल्द ही कराया जाएगा।टीम नगर मजिस्ट्रेट के आदेश के अनुपालन में ही मौके पर गई थी।

# डंपर की टक्कर से ऑटो सवार पति-पत्नी समेत 03 की मौत, 04 घायल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



शाहजहांपुर। थाना कंाट क्षेत्र में डंपर की टक्कर से ऑटो सवार पति-पत्नी समेत तीन की मौत हो गई। जबकि चार लोग गंभीर घायल हो गए। हादसे के बाद डंपर चालक मौके से भाग गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने डंपर को कब्जे में लिया है और फरार डंपर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

रविवार सुबह करीब 11 बजे जलालाबाद की ओर से एक ऑटो बरेली मोड़ की ओर जा रहा था। इस ऑटो में महिलाओं व बच्चे समेत सात लोग सवार थे। इसी दौरान थाना कंाट क्षेत्र के कमलनैनपुर तिराहे के पास पीछे से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने ऑटो को टक्कर मार दी। हादसे में थाना जलालाबाद क्षेत्र के मोहल्ला यूसुफजई निवासी 45 वर्षीय कल्लू और उनकी 40 वर्षीय पत्नी गुड़िया तथा थाना कंाट क्षेत्र के गांव बबकपुर निवासी सनी कुमार की 28 वर्षीय पत्नी राम क्षत्रिय की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जबकि कल्लू का 15 वर्षीय पुत्र अयान, सनी कुमार का 04 वर्षीय पुत्र कृष्णा, थाना जलालाबाद क्षेत्र के नयागांव निवासी कृष्ण कुमार की पुत्री मुस्कान और थाना आरसी मिशन क्षेत्र के मिश्रीपुर निवासी अनूप कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर डंपर छोडकर चालक फरार हो गया। रोड पर चीख-पुकार मच गई और जाम लगा गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है, जहां उनका उपचार किया जा रहा है। वहीं, पुलिस ने डंपर को कब्जे में लिया और शवों का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। सीओ सिटी पंकज पंत ने बताया कि डंपर को कब्जे में ले लिया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## युवा अधिकार पंचायत में 219 युवाओं ने थामा कंाग्रेस का हाथ

कानपुर। बढ़ती बेरोजगारी, महंगी शिक्षा और रद्द हो रही प्रतियोगी परीक्षाओं से युवा परेशान हैं। कंाग्रेस पार्टी युवाओं की आवाज बनकर उनके अधिकारों के लिए लगातार संघर्ष करती रहेगी। यह बातें रविवार को एआईसीसी सदस्य और कार्यक्रम संयोजक विकास अवस्थी ने युवा अधिकार पंचायत के दौरान कही। गोविंद नगर क्षेत्र में महानगर कंाग्रेस द्वारा ल्लयुवा अधिकार पंचायतङ्क का आयोजन किया गया। कार्यक्रम जिलाध्यक्ष पवन गुप्ता की अध्यक्षता में हुआ, जबकि एआईसीसी सदस्य एवं किदवई नगर कोऑर्डिनेटर विकास अवस्थी ने संयोजन और संचालन किया। कार्यक्रम संयोजक विकास अवस्थी ने बताया कि वर्तमान सरकार की नीतियों से नाराज होकर 219 युवाओं ने कंाग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। ढोल-नगाड़ों और कंाग्रेस समर्थक नारों के बीच बड़ी संख्या में पहुंचे युवाओं ने कंाग्रेस की विचारधारा में विश्वास जताते हुए संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम स्थल पर युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। इस दौरान एनएसयूआई अध्यक्ष मोहित सविता, प्रभाकर पाण्डेय, अनुराग पाल और ऋषि तिवारी ने भी युवाओं की समस्याओं और मौजूदा परिस्थितियों पर अपने विचार रखे।

## तेज रफ्तार बाइक की भिड़ंत में युवक मौत



गोंडा कैनविज टाइम्स संवाददाता । जिले के लखकटरा तिराहे से बस्ती जाने वा ले हाईवे पर शनिवार देर शाम हुए सड़क हादसे में घायल एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई घटना के बाद पुलिस ने मृतक के परिजनों की शि कायत पर आरोपी बाइक चालक के खिलाफ मुक दमा दर्ज कर लिया है।क्षेत्र के जफरापुर गांव के डेली पुरवा के रहने वाले अब्दुल खालिक ने बता या की उनके छोटे भाई नियाज अहमद 27 शनिवा र को बाइक से लोलपुर गांव की ओर जा रहे थे। शाम करीब चार बजे इस्माइलपुर गांव के उच्च प्रा थमिक विद्यालय के पास सामने से आ रही तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने उनकी बाइक को जोरदा र टक्कर मार दी।टक्कर इतनी तेज थी कि नियाज सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।घ टना की जानकारी मिलते ही परिजन मौके पर पहुं चे और घायल युवक को अयोध्या के निजी अस्प ताल ले गए।वहां हालत गंभीर होने पर चिकित्स कों ने उन्हें लखनऊ रेफर कर दिया,लेकिन रास्ते में ही नियाज ने दम तोड़ दिया।पुलिस ने शव को क ब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।था ना प्रभारी अभय सिंह ने बताया कि मृतक के भाई की तहरीर के आधार पर लोलपुर लमती निवासी राम गोपाल के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

## कम्प्यूटर प्रशिक्षण के लिए संस्थाओं से आवेदन आमंत्रित

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता । जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी मंजरी भारद्वाज ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 अन्तर्गत गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले अन्य पिछड़े वर्ग के युवक-युवतियों को निःशुल्क ‘ओ’ लेवल/ट्रिपल सी (सी.सी.सी.) कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए नीलीट से मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान विभागीय वेबसाइट बैकवर्डवेलफ़ेअर डाट यूपी डाट एनआईसी डाट इन एवं ओबीसीकम्प्यूटरट्रेनिंग डाट यूपीएसडीसी डाट जीओवी डाट इन पर दिये गये लिंक पर 25 मई से 03 जून 2026 तक आनलाइन आवेदन किये जा सकते हैं। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी ने बताया कि इच्छुक प्रशिक्षण संस्थानों को मान्यता से सम्बन्धित अभिलेखों व आधारभूत ढांचे का विवरण उक्त वेबसाइट पर अपलोड करने के साथ ही समस्त अभिलेखों की हार्डकापी निदेशालय पिछड़ा वर्ग कल्याण, इन्दिरा भवन, लखनऊ तथा विकास भवन स्थित जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी के कार्यालय को उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। अन्य किसी भी माध्यम से आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकात है।

## ओ लेवल ट्रिपल सी कम्प्यूटर प्रशिक्षण के लिए आवेदन आमंत्रित

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता । जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी मंजरी भारद्वाज ने बताया कि शैक्षणिक वर्ष 2026-27 अन्तर्गत पिछड़े वर्ग के शिक्षित बेरोज़गार युवक-युवतियों को निःशुल्क ‘ओ’ लेवल/ट्रिपल सी (सी.सी.सी.) कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रदान किया जाना है। इच्छुक अभ्यर्थी विभागीय वेबसाइट ओबीसी कम्प्यूटर ट्रेनिंग डाट यूपीएसडीसी डाट जीओवी डाट इन लिंक पर 16 जून से 10 जुलाई 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। सुश्री भारद्वाज ने अभ्यर्थियों को सुझाव दिया है कि आनलाइन आवेदन के पश्चात पूर्ण आवेदन-पत्र समस्त संलग्नकों सहित विकास भवन स्थित जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, बहराइच के कार्यालय में 10 जुलाई 2026 की सॉय 05:00 बजे तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

## श्रद्धालुओं एवं दर्शनार्थियों के लिए जारी की गई एड़वाईज़री

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता । जनपद बाराबंकी में प्रसिद्ध पौराणिक तीर्थस्थल श्री लोधेश्वर महादेवा मंदिर में 17 मई से 16 जून 2026 तक आयोजित होने वाले आगामी महादेवा मेला में रविवार एवं सोमवार को श्रद्धालुओं के अत्यधिक संख्या में आने की सम्भावना के दृष्टिगत श्रद्धालुओं एवं दर्शनार्थियों की सुरक्षा एवं सुगमता तथा पाण्टून सेतु की सुरक्षा हेतु लोक निर्माण विभाग व भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों द्वारा दिये गये सुझावों के दृष्टिगत जिला प्रशासन बहराइच द्वारा सभी श्रद्धालुओं/दर्शनार्थियों एवं आमजनमानस से अपील की गई है कि ऐसे वाहनों से ही मेले में आयें, जो पाण्टून सेतु पर यातायात हेतु अनुमन्य हैं। पाण्टून सेतु पर मोटरसाइकिल, कार, एम्बुलेन्स एवं स्कूल वैन, जो पूर्व से चल रहे हैं, उन वाहनों के अतिरिक्त अन्य भारी वाहनों का आवागमन पूर्ण रूप से प्रतिबन्धित है तथा ट्रैक्टर-ट्रॉली/बैलगाड़ी/डी.सी.एम. बस आदि वाहनों से सवारियों का आवागमन भी पूर्ण रूप से प्रतिबन्धित है। यह जानकारी देते हुए अपर जिलाधिकारी अमित कुमार ने बताया कि पाण्टून सेतु पर वाहनों की अधिकतम गति सीमा 20 किमी प्रति घंटा निर्धारित की गई है, इससे तेज गति से वाहन चलाना एवं ओवरटेक करना पूर्णतः प्रतिबन्धित है। पाण्टून पुल पर क्षमता से अधिक लोगों को एक साथ रुकने या सेल्फी लेने की भी अनुमति नहीं है।

# पुवायां विधायक की दोहरे टोल टैक्स से निजात दिलाने की मांग, दिया ज्ञापन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



शाहजहांपुर। पुवायां विधायक चेतराम ने क्षेत्र के लोगों को दोहरे टोल टैक्स से निजात दिलाने की मांग को लेकर डीएम धर्मेन्द्रप्रताप सिंह को ज्ञापन दिया है। ज्ञापन में कहा गया कि उनके विधानसभा पुवायां क्षेत्र में बण्डा से पुवायां के मध्य एनएच-730ए सबली गांव के पास एक टोल प्लाजा बना है। दूसरा विकास खण्ड खुटार रोड पर एनएच-730 हिटौटा पर भी टोल प्लाजा बना है। खुटार और बण्डा के लोगों का आएदिन जनपद मुख्यालय पर आना जाना बना रहता है। जिससे उन्हें नये शुरू हुए महनन्दपुर में टोल प्लाजा पर भी टोल अदा करना पड रहा है। विकास खण्ड बण्डा व खुटार के लोगों को सबली व हिटौटा टोल प्लाजा पर टोल अदा करने के बाद भी महमनन्दपुर में टोल का भुगतान करना पड़ रहा है। जिससे बण्डा और खुटार वासियों पर टोल की दोहरी मार पड़ रही है। इससे क्षेत्रीय जनता में काफी आक्रोश व्याप्त है। मांग की गई कि एनएचएआई के अधिकारियों से वार्ता कर निर्देशित किया जाए कि बण्डा, खुटार के क्षेत्रवासियो से एक ही टोल पर टोल अदा कराया जाए और एक ही विधानसभा में पड़ने वाले दूसरे टोल प्लाजा को टैक्स मुक्त किया जाए।

# खेलों में प्रतिभाग करने से खिलाड़ी मानसिक और शारीरिक रूप से रहते हैं स्वस्थ : शतानंद शर्मा

मुरादाबाद । उत्तर प्रदेश में मुरादाबाद डिस्ट्रिक्ट ताइक्वांडो स्पोर्ट्स एसोसिएशन की ओर से कंाठ रोड स्थित समर वैली स्कूल में दो दिवसीय समर कप ताइक्वांडो प्रतियोगिता का भव्य शुभारम्भ रविवार को हुआ। जिसमें 10 जिलों के लगभग 800 से अधिक खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं। इस अवसर पर प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि के रूप में सह जिला विद्यालय निरीक्षक शतानंद शर्मा ने कहा कि खेलों में प्रतिभाग करने से खिलाड़ी मानसिक और शारीरिक रूप दोनों से स्वस्थ रहते हैं। प्रतियोगिता का शुभारम्भ सर्वप्रथम एडीआईओएस शतानंद शर्मा, विद्यालय के निदेशक करन मनचंदा, अक्षरा मनचंदा, प्रधानाचार्य विशाल उपाध्याय ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। जिला ताइक्वांडो स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सचिव शाहवेज़ अली ने बताया कि इस स्तर की प्रतियोगिता मुरादाबाद जिले में पहली बार आयोजित हुई है जिसमें ताइक्वांडो खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर का मंच देखने को मिला। सभी फाइट इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम पर कराई गईं। पहले दिन रविवार को फ्रेशर कैटेगरी की फाइट्स हुई, जिसमें सभी स्कूलों के नए खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया व सोमवार 18 मई को प्रोफ़ेशनल कैटेगरी की फाइट्स होंगी, जिसमें सभी विद्यालय, क्लब एवं एकेडमी आदि के खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। विजेता टीम को 5100 व उपविजेता टीम को 2500 नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा। प्रतिभाग करने वाले स्कूलों के खिलाड़ी स्कूलों में शिरडी साईं पब्लिक स्कूल, मॉडर्न पब्लिक स्कूल, एम आई टी वर्ल्ड स्कूल, ब्राइट फ्यूचर पब्लिक स्कूल बिलारी, एस बी एस स्कूल बिलारी, विल्सोनिया स्कॉलर होम, मिलेनियम वर्ल्ड स्कूल, बोनी ऐनी पब्लिक स्कूल, महिलाल पब्लिक स्कूल, गोया वर्ल्ड स्कूल सम्भल, एस. आर. इंटरनेशनल स्कूल बरेली, दा मिल्लत स्कूल कंाठ, आर एस डी एकेडमी स्कूल, जीडी गोयनका स्कूल काशीपुर, अमरोहा ताइक्वांडो क्लब, मेस्को पब्लिक स्कूल अमरोहा, डी.विन ताइक्वांडो एकेडमी, खान ताइक्वांडो एकेडमी, थापा ताइक्वांडो एकेडमी, आकांक्षा विद्यापीठ स्कूल, एसएसवी ताइक्वांडो क्लब, आरडीएम स्कूल पाकबड़ा, एडम एंड एवज स्कूल, शिरडी साईं विंग 2, साईं ताइक्वांडो एकेडमी, आदि स्कूलों के लगभग 800 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया।

# जीएफएस टीम का समर्पण समरेंद्र एवं रोहित ने निभाई अहम भूमिका

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा की अलख जगाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे ज्ञानदीप अभियान का 30वां सप्ताह उत्साह और सफलता के साथ संपन्न हुआ। घर सुल्तानपुर फाउंडेशन द्वारा संचालित इस अभियान के अंतर्गत निषाद बस्ती, बल्लीपुर में बच्चों को निरंतर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जा रही है। अभियान के तहत बच्चों को उनकी कक्षा और शैक्षणिक स्तर के अनुरूप हिंदी, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान जैसे विषयों की व्यवस्थित और सरल शिक्षा दी गई। शिक्षकों ने पढ़ाई को रोचक एवं व्यावहारिक तरीके से प्रस्तुत कर बच्चों की समझ और सीखने की क्षमता को मजबूत बनाने का प्रयास किया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों में शिक्षा के प्रति उत्साह, जिज्ञासा और आत्मविश्वास देखने को मिला। फाउंडेशन का उद्देश्य ग्रामीण अंचलों के बच्चों को बेहतर शिक्षा से जोड़ना, उनके बौद्धिक विकास को बढ़ावा देना तथा उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित करना है।इस अवसर पर ज्ञानदीप टीम के साथी समरेंद्र सिंह एवं रोहित मिश्रा का विशेष सहयोग और समर्पण देखने को मिला। शिक्षक समरेंद्र सिंह ने बच्चों का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें शिक्षा के महत्व को समझाया और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। ग्रामीण शिक्षा के क्षेत्र में फाउंडेशन की यह पहल लगातार सकारात्मक बदलाव का माध्यम बन रही है और समाज में शिक्षा के प्रति नई जागरूकता पैदा कर रही है।

# वीरेश्वर धाम के वार्षिक भण्डारा में जनप्रतिनिधियों के साथ हजारों भक्तों ने ग्रहण किया प्रसाद

कैनविज टाइम्स संवाददाता



तिलोई अमेठी। विकास क्षेत्र तिलोई की ग्राम पंचायत जमुरवां के गांव पूरे हरपाल वैश्य स्थित प्राचीनतम वीरेश्वर धाम के वार्षिक भण्डारा में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के साथ ही हजारों की संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन समिति द्वारा अतिथियों को अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया।क्षेत्र के गांव पूरे हरपाल वैश्य स्थित प्राचीनतम वीरेश्वर धाम में प्राण प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ पर श्रीराम चरित मानस पाठ समापन के उपरांत विशाल भण्डारा आयोजित किया गया। विशाल भण्डारा में समाज सेवी रोहित सिंह रजनपुर ने वीरेश्वर धाम में दर्शन पूजन करते हुये हनुमान मंदिर निर्माण के लिये वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ शिलान्यास किया। समाज सेवी रोहित सिंह ने मंदिर के निर्माण एवं जीर्णोद्धार के लिये कमेटी के अध्यक्ष डॉ सुरेन्द्र बहादुर सिंह को इक्यावन हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करते हुये भविष्य में हरसंभव सहयोग करने की बात कही। वार्षिक भण्डारा में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के साथ ही हजारों की संख्या में नागरिकों ने पूड़ी सब्जी और बूंदी का प्रसाद ग्रहण किया। डॉ सुरेन्द्र बहादुर सिंह ने अतिथियों को पुष्पगुच्छ अंगवस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत किया। इस मौके पर प्रदेश सरकार के चिकित्सा शिक्षा एवं स्वास्थ्य राज्यमंत्री के सुपुत्र कुंवर मृगांकेश्वर शरण सिंह, भूपेन्द्र प्रताप सिंह, राजीव शुक्ला,भानु प्रताप सोनकर, रामसुख, रामू सोनकर,अम्बिका शरण सिंह, राम सिंह, राजीव सिंह, अवध राज सिंह, धीरेन्द्र प्रताप सिंह बघेल, सत्येंद्र सिंह, राहुल पाठक, मलखान सिंह, जितेंद्र बहादुर सिंह, अनिल सिंह, जय सिंह, विजय सिंह, सूर्यमणि ओझा सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

# सीओ ने सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिये चलाया वाहन चेकिंग अभियान



कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी,जनपद में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिये क्षेत्राधिकारी तिलोई एवं यातायात प्रभारी द्वारा विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की गई।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी.के निर्देशन में,अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी यातायात/तिलोई दिनेश कुमार मिश्र के नेतृत्व में यातायात निदेशालय उत्तर प्रदेश द्वारा जारी निर्देशों के क्रम में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं नशे की हालत में वाहन चलाने वालों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही हेतु जनपद अमेठी में विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया।अभियान के दौरान क्षेत्राधिकारी यातायात,तिलोई दिनेश कुमार मिश्र द्वारा थाना क्षेत्र मोहनगंज स्थित टोल प्लाजा शंकरगंज पर प्रभारी यातायात व प्रभारी निरीक्षक गौरीगंज की संयुक्त टीम द्वारा बाबूगंज टोल प्लाजा पर एवं जनपद के थानों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत प्रमुख मार्गों एवं सार्वजनिक स्थानों पर सघन वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गई तथा ट्रक चालकों, भारी वाणिज्यिक वाहनों, प्राइवेट स्लीपर बसों, ईको कैब,वैन तथा अन्य वाहनों की विशेष रूप से जांच की गई।चेकिंग के समय ब्रेथ एनालाइजर के माध्यम से वाहन चालकों की जांच कर शराब पीकर वाहन चलाने, यातायात नियमों का उल्लंघन करने एवं संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्त पाये जाने वालों के विरुद्ध नियमानुसार प्रवर्तनात्मक कार्यवाही की गयी।अभियान के दौरान वाहन चालकों को निर्धारित गति सीमा का पालन करने, सीट बेल्ट लगाने, शराब पीकर वाहन न चलाने एवं सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक किया गया।

# विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन युवाओं ने दिखाई मानव सेवा की मिसाल

लंभुआ/सुल्तानपुर। इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी सुल्तानपुर द्वारा लंभुआ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित विशाल रक्तदान शिविर मानव सेवा, सामाजिक समर्पण और जनजागरूकता का प्रेरणादायी उदाहरण बन गया। यह आयोजन रक्त जीवन सुरक्षित समिति के अध्यक्ष देवेंद्र मिश्र की स्वर्गीय माता श्रीमती सुभद्रा देवी जी की प्रथम पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि स्वरूप आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्राधिकारी लंभुआ ऋतिक कपूर एवं जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. आर.के. कन्नौजिया रहे। वहीं सीएचसी अधीक्षक डॉ. राघवेंद्र सिंह की देखरेख में आयोजित इस शिविर में बड़ी संख्या में युवाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य लोगों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान कर मानवता की सेवा का संदेश दिया। रक्तदान करने वालों में देवेंद्र मिश्र, श्रीमती सरिता मिश्रा, नीरज द्विवेदी, अरुण द्विवेदी, जय शंकर त्रिपाठी, दिव्यांश त्रिपाठी, सूरज मिश्रा, दुर्गेश कुमार मिश्रा, पीयूष मिश्रा, आशुतोष सिंह, पंकज कौशल, विकास सिंह, विनोद सिंह, ध्रुव सिंह, डॉ. चंद्रभान सिंह, अति ऋषि सिंह, प्रांजल शुक्ला, जय प्रकाश शुक्ला (सचिव रेड क्रॉस) सहित स्वयं सीएचसी प्रभारी डॉ. राघवेंद्र सिंह ने भी रक्तदान कर समाज को प्रेरित किया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन डॉ. डी.एस. मिश्रा ने सभी रक्तदाताओं को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने रक्तदान को महादान बताते हुए समाज के अधिकाधिक लोगों से इस पुण्य कार्य में सहभागिता करने की अपील की।

अपने संबोधन में डॉ. डी.एस. मिश्रा ने कहा रक्तदान केवल किसी व्यक्ति को रक्त देना नहीं, बल्कि किसी परिवार को नया जीवन देना है। मानवता की सबसे बड़ी सेवा वही है जिसमें किसी अनजान व्यक्ति की सांसें बचाई जा सकें। रक्त का कोई कृत्रिम विकल्प आज तक नहीं बन पाया है, इसलिए प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए। युवाओं की भागीदारी समाज के उज्ज्वल और संवेदनशील भविष्य का संकेत है। यदि हमारे रक्त की कुछ बूंदें किसी मां की आंखों के आंसू रोक दें, किसी बच्चे को उसका पिता वापस दिला दें या किसी रोगी को नया जीवन दे दें, तो इससे बड़ा पुण्य कोई नहीं हो सकता। उन्होंने युवाओं से आगे आकर रक्तदान अभियान से जुड़ने तथा समाज में जागरूकता फैलाने का आह्वान किया।

## एआरपी संघ अमेठी के विवेक मिश्रा जिलाध्यक्ष तो अनुज शुक्ला बने उपाध्यक्ष

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद मुख्यालय स्थित संगम रेस्टोरेंट में एआरपी संघ अमेठी की संगठनात्मक एवं शैक्षिक जनपद संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष पुष्पेन्द्र कुमार दुबे एवं अयोध्या मंडल अध्यक्ष ईशान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला समन्वयक प्रशिक्षण श्री गोविंद शुक्ला तथा जिला समन्वयक निपुण आशुतोष श्रीवास्तव द्वारा की गई।संगोष्ठी के दौरान संगठन की मजबूती, शैक्षिक गुणवत्ता संवर्धन तथा आगामी गतिविधियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। तत्पश्चात लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत एआरपी संघ अमेठी की जनपदीय कार्यकारिणी का गठन किया गया।निर्वाचन अधिकारी एवं पर्यवेक्षकों की देखरेख में गठित नई कार्यकारिणी में विवेक मिश्रा को अध्यक्ष, अम्बरीश यादव को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अनुज शुक्ला एवं आशीष श्रीवास्तव को उपाध्यक्ष, चन्दन शुक्ल को महामंत्री, शिवेन्द्र प्रताप सिंह को कोषाध्यक्ष तथा आदित्य नारायण शुक्ला को मीडिया प्रभारी मनोनीत किया गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने संगठन हित में कार्य करने तथा शिक्षकों की समस्याओं के समाधान हेतु सदैव तत्पर रहने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न विकास क्षेत्रों से आये एआरपी की सक्रिय सहभागिता रही।

## भव्य कवि सम्मेलन और मेधावी छात्र-छात्राओं और का होगा सम्मान

सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। कटका बाजार स्थित जगदीश्वर मैरिज लॉन में आगामी आयोजन को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। कटका क्लब के अध्यक्ष डॉ. सौरभ के जन्मदिवस के अवसर पर एक भव्य सांस्कृतिक एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ दोपहर 1 बजे से होगा। कार्यक्रम की शुरुआत संस्कृत प्रस्तुति से होगी, जिसके बाद भव्य कवि सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। साथ ही यूपी बोर्ड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त शिक्षा, समाज सेवा, साहित्य और पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले 51 विशिष्ट जनों को सम्मान देकर उनकी सेवाओं का अभिनंदन किया जाएगा। इस गरिमामयी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मां कामाख्या धाम के पीठाधीश्वर एवं अंतरराष्ट्रीय कथावाचक इंद्रेश कौशिक जी महाराज तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में अंतरराष्ट्रीय कथावाचक मनीष चंद्र त्रिपाठी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक एवं साहित्यकार ऋषभदेव शुक्ला, सर्वेश कांत वर्मा, राजकुमार मिश्रा, कांति सिंह, शीतला प्रसाद पांडेय सहित दर्जनों गणमान्य नागरिक और सामाजिक कार्यकर्ता सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं। डॉ. सौरभ मिश्र विनम्र के जन्मदिवस पर आयोजित यह कार्यक्रम शिक्षा, साहित्य, संस्कृति और समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तित्वों को सम्मानित कर समाज में सकारात्मक संदेश देने का कार्य करेगा। यह आयोजन निश्चित रूप से क्षेत्र के लिए एक यादगार और प्रेरणादायक अवसर साबित होगा।

## नशे के व्यापार पर पूरी तरह लगेगा प्रतिबंध : प्रभारी निरीक्षक

कुड़वार सुल्तानपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। एसपी द्वारा स्थानांतरण किए जाने के बाद स्थानीय थाने पर प्रभारी निरीक्षक के रूप में पहुंचे प्रवीण कुमार यादव ने स्थानीय पत्रकारों से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान उन्होंने कहा कि थाना क्षेत्र में चल रहे नशे के कारोबार को पूरी तरह बन्द कराकर उससे जुड़े लोगों को मुख्य धारा में लाने का प्रयास किया जाएगा।साथ ही क्षेत्र के अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करते हुए गौकशी पर कठोर कार्यवाही की जाएगी। रविवार को पत्रकारों से वार्ता करते हुए प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि थाना क्षेत्र में जहां जहां नशे का कारोबार होता है उन स्थानों को चिन्हित किया जा रहा है जल्द ही उस धंधे की सप्लाई चेन को ध्वस्त कर उससे जुड़े लोगों को मुख्य धारा में लाने का प्रयास किया जाएगा।अवैध शराब बनाने वालों को भी समझा बुझाकर उन्हें दूसरे कारोबार किए प्रेरित किया जाएगा।थाना क्षेत्र में गौकशी पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगी। गौकशी की जानकारी मिलने पर कठोर कार्यवाही की जाएगी।उन्होंने बताया कि थाना क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटर,लुटेरों सहित अन्य अपराधियों को चिन्हित किया जा रहा है।उनकी गतिविधियों के अनुसार उनके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।उन्होंने बताया कि किसी भी पीड़ित व्यक्ति को किसी के बहकावे में आने की जरूरत नहीं वह सीधे थाना प्रभारी के पास पहुंचकर अपनी समस्या बता सकता है।अगर किसी भी मामले में कोई बिचौलिया सामने आया तो उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी।मीडिया को आश्वस्त किया कि हर छोटी बड़ी जानकारी आपसे साझा की जाएगी।किसी भी तरह का कम्यूनिकेशन गैप नहीं रहेगा।चौथे स्तम्भ का सम्मान किया जाएगा।

## गोमती उद्गम स्थल मार्ग के चौड़ीकरण कार्य का शुभारंभ, 11.61 करोड़ की सौगात

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पूरनपुर क्षेत्र के ग्राम माधोटांडा में आस्था और पर्यटन से जुड़े एक महत्वपूर्ण विकास कार्य का शुभारंभ किया गया विधायक बाबूराम पासवान द्वारा स्वीकृत कराए गए गोमती उद्गम स्थल माधोटांडा पूरनपुर मुख्य मार्ग से मंदिर तक पहुंच मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य का विधि-विधान से नारियल तोड़कर शुभारंभ किया गया वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत होने वाले इस कार्य की कुल लंबाई 1.831 किलोमीटर है, जबकि इसकी स्वीकृत लागत ?11 करोड़ 61 लाख बताई गई है यह मार्ग गोमती उद्गम स्थल और मंदिर तक पहुंचने वाले श्रद्धालुओं, पर्यटकों तथा स्थानीय लोगों के लिए सुगम आवागमन का प्रमुख साधन बनेगा बताया गया कि सड़क के चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण से क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, जिससे स्थानीय व्यापार और अर्थव्यवस्था को भी नई गति मिलने की उम्मीद है क्षेत्रवासियों ने इस परियोजना को पूरनपुर और माधोटांडा के लिए बड़ी सौगात बताया इस अवसर पर पूर्व प्रधान राजेश सिंह, समाजसेवी संदीप खंडेलवाल, निर्भय सिंह, राममूर्ति सिंह, हिमांशु गुप्ता, विनय कटियार, तेजराम पासवान, पिंकी सिंह, सुशील सिंह, सुजान सिंह, विकल्प सिंह तथा जेई नवनीत सक्सेना सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे है।

## सीओ कार्यालय के पास युवकों पर हमला, लोहे की रॉड और लाठी-डंडों से बेरहमी से पीटा

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। क्षेत्र में दिनदहाड़े दो युवकों पर लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से हमला किए जाने का मामला सामने आया है घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया पीड़ित पक्ष ने आरोपियों के खिलाफ थाना पूरनपुर में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है ग्राम सिमरिया ता महाराजपुर निवासी मुश्ताक अहमद ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उनके पुत्र मोहम्मद इमरान और अरहान (नाबालिग) बीती 6 मई को दोपहर करीब 3 बजे ब्लॉक रोड स्थित सीओ कार्यालय के पास से गुजर रहे थे आरोप है कि वहां पहले से घात लगाए बैठे अशफाक, इरफान पुत्रगण इदरीश, रेहान पुत्र अशफाक और सावान पुत्र इरफान निवासी मोहल्ला नूरी नगर, पूरनपुर देहात ने दोनों भाइयों को रोक लिया और गाली-गलौज शुरू कर दी विरोध करने पर आरोपियों ने एक राय होकर मोहम्मद इमरान और अरहान पर हमला बोल दिया आरोप है कि अशफाक ने लोहे की रॉड से इमरान पर वार किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया इसके बाद सभी आरोपियों ने दोनों युवकों को लाठी-डंडों से बेरहमी से पीटा मारपीट में इमरान लहूलुहान हो गया जबकि अरहान को भी कई चोटें आईं घटना के दौरान सड़क से गुजर रहे राहगीरों में शकील अहमद और राकेश कुमार ने बीच-बचाव कर दोनों युवकों को आरोपियों से बचाया पीड़ित पक्ष का कहना है कि यदि समय रहते लोग नहीं पहुंचते तो आरोपित जानलेवा घटना को अंजाम दे सकते थे बताया गया।

# केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद व राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को वितरित किए गए स्मार्टफोन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।सरकार की कार्यशैली में पारदर्शिता और तकनीकी सशक्तिकरण को प्राथमिकता देते हुए बाल विकास विभाग में कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं मुख्य सेविकाओं को स्मार्टफोन उपलब्ध कराने की महत्वाकांक्षी योजना को सफलतापूर्वक धरातल पर उतारा गया इसी क्रम में जनपद पीलीभीत में आयोजित कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय राज्यमंत्री वाणिज्य एवं उद्योग तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी जितिन प्रसाद एवं राज्यमंत्री गन्ना विकास एवं चीनी मिलें संजय सिंह गंगवार द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को स्मार्टफोन वितरित किए गए कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि सरकार ने जो संकल्प लिया था, उसे पूरी प्रतिबद्धता के साथ पूरा किया है प्रदेशभर की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के लिए उच्च गुणवत्ता वाले स्मार्टफोन उपलब्ध कराना एक बड़ा मिशन था, जिसे सरकार ने सफलतापूर्वक पूर्ण किया इसका परिणाम है कि आज आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां डिजिटल रूप से और अधिक सक्षम बन रही हैं स्मार्टफोन की विशेषताओं की जानकारी देते हुए बताया गया कि इनमें 5क्क नेटवर्क सुविधा के साथ उत्कृष्ट कैमरा उपलब्ध कराया गया है, जिससे कार्यकत्रियां पोषण ट्रैकर सहित विभिन्न ऑनलाइन सेवाओं का कार्य सुगमता से कर सकेंगी साथ ही अब उन्हें शासकीय कार्यक्रमों एवं गतिविधियों के फोटोग्राफ भेजने के लिए किसी अन्य पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा वे स्वयं कार्यक्रमों की तस्वीरें लेकर कुछ ही सेकेंड में परियोजना एवं जिला स्तरीय अधिकारियों तक पहुंचा सकेंगी जनपद में कुल 1985 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं मुख्य सेविकाओं को स्मार्टफोन वितरित किए जाने हैं। कार्यक्रम में प्रत्येक परियोजना से चयनित कार्यकत्रियों को आमंत्रित कर स्मार्टफोन प्रदान किए गए मंच से केंद्रीय राज्यमंत्री जितिन प्रसाद एवं राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकत्री सावित्री देवी, पूनम, चंद्र देवी, राजेश्वरी देवी, ममता देवी, सावित्री, मंजू जैन, सविता, संगीता, ममता तथा मुख्य सेविका रुचि को अपने कर कमलों से स्मार्टफोन वितरित किए गए इस अवसर पर जिला अध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य, पूर्व विधायक किशनलाल राजपूत, जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह, नवागत मुख्य विकास अधिकारी सतीश प्रसाद मिश्रा, जिला कार्यक्रम अधिकारी युगल किशोर सांगुड़ी सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे है।

# राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की बैठक में कर्मचारियों की समस्याओं पर हुई चर्चा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत। विकास भवन स्थित गोमती सभागार में उ0 प्र 0 राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद, जनपद पीलीभीत की जिला कार्यकारिणी की बैठक जिलाध्यक्ष संजय कुमार तोमर की अध्यक्षता में आयोजित की गई बैठक में जनपद के विभिन्न विभागों एवं कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारियों ने प्रतिभाग कर कर्मचारियों की सेवा संबंधी समस्याओं और उनके निराकरण को लेकर अपने विचार व्यक्त किए बैठक में महिला शिक्षक संघ की जिलाध्यक्ष अनीता तिवारी ने महिलाओं को जनगणना कार्य से मुक्त किए जाने की मांग उठाई वहीं शिवशंकर मौर्य ने कर्मचारियों से एकता और अखंडता बनाए रखते हुए अपने अधिकारों एवं हितों की रक्षा के लिए संगठित रहने की अपील की डा. देवेन्द्र अस्थाना ने संगठन के कार्यों की सराहना करते हुए स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत संविदा कर्मचारियों को पिछले तीन माह से वेतन न मिलने पर नाराजगी व्यक्त की और परिषद से मुख्य चिकित्सा अधिकारी से वार्ता कर समस्या का समाधान कराने की मांग की संयुक्त मंत्री विभा मिश्रा ने संगठन की मजबूती और एकता पर जोर दिया ग्राम पंचायत अधिकारी रोशनी वर्मा ने पंचायत राज विभाग में कर्मचारियों के वेतन एवं अन्य देयों के भुगतान लंबित होने का मुद्दा उठाते हुए संगठन से समाधान कराने का अनुरोध किया दिव्यांग अधिकारी संघ के जिलाध्यक्ष रामकिशोर ने भी संगठनात्मक एकता को आवश्यक बताया प्रतिरूप उपाध्यक्ष धर्मपाल सिंह ने सफाई कर्मचारियों की वेतन विसंगतियों, द्वितीय एसीपी तथा मृतक कर्मचारियों के आश्रितों को देयकों का भुगतान सुनिश्चित कराने की मांग रखी बैठक में विश्वराज ग्राम विकास अधिकारी, मो. रिजवान ग्राम पंचायत अधिकारी, राजकुमार पासवान, हशीमुद्दीन खां, राजवीर सिंह और हरिपाल सिंह सहित विभिन्न संगठनों के सैकड़ों कर्मचारी उपस्थित रहे इस दौरान ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ की जिला कार्यकारिणी का भी गठन किया गया बैठक की शुरुआत में जिलाध्यक्ष संजय कुमार तोमर ने ग्राम पंचायत अधिकारी अनिल कुमार, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संजय कुमार सिंह एवं सेवाकाल में दिवंगत हुए सफाई कर्मचारी की स्मृति में दो मिनट का मौन रखवाया उन्होंने कर्मचारियों से संगठन को मजबूत बनाने और विभिन्न विभागों की लंबित समस्याओं के समाधान हेतु एकजुट रहने की अपील की साथ ही आश्वासन दिया कि कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई कराई जाएगी कार्यक्रम का संचालन रामकिशोर द्वारा किया गया, जबकि अंत में सुधीर कुमार ने सभी उपस्थित कर्मचारियों का आभार व्यक्त करते हुए बैठक समाप्ति की घोषणा की है।

# अनुदेशकों को बढ़े मानदेय का बटा चेक, किया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। कलेक्ट्रेट परिसर के नवीन सभागार में अनुदेशक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विधान परिषद अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष सुशील त्रिपाठी, जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह, मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार सिंह अपर जिलाधिकारी राकेश सिंह ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और अतिथि स्वागत के साथ हुई। जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह ने अपने संबोधन में बताया कार्यक्रम राज्य सरकार द्वारा अनुदेशकों के मानदेय में की गई वृद्धि के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था। प्रदेश स्तर पर अनुदेशक को सम्मानित किया जा रहा हैं जिसके क्रम में यह आयोजन जिला स्तर पर किया गया है। उन्होंने जानकारी दी कि जिले में कला शिक्षा, स्वास्थ्य एवं शारीरिक शिक्षा, कार्यानुभव शिक्षा के अंतर्गत कंप्यूटर शिक्षा, गृहशिल्प, कृषि शिक्षा और उद्यान एवं फसल संरक्षण के उच्च प्राथमिक विद्यालय में कुल 446 अंशकालिक अनुदेशक कार्यरत जिन्हें इस अवसर पर सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान कुछ चयनित अनुदेशक को मंच पर बुलाकर सम्मानित किया गया और उन्हें प्रतीकात्मक रूप से डेमो चेक भी प्रदान किए गए। इस अवसर पर मौजूद एमएलसी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने अनुदेशकों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि वे शिक्षा व्यवस्था की मजबूत कड़ी हैं और उनके प्रयासों से प्राथमिक शिक्षा को मजबूती मिल रही है। भाजपा एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजनों से अनुदेशकों का मनोबल बढ़ता है और उन्हें बेहतर कार्य करने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस कार्यक्रम से सकारात्मक संदेश जाएगा और जिले की शिक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाने में मदद मिलेगी। जिला अध्यक्ष सुशील त्रिपाठी ने कहा कि अनुदेशकों के लंबे संघर्ष और त्याग का परिणाम हैं योगी सरकार ने अनुदेशकों को सम्मानित किया, शिक्षा के क्षेत्र में विशेष भूमिका, जैसे शिल्पकार के रूप में बच्चों को भविष्य के लिए तैयार करता हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। आयोजन के दौरान अनुदेशकों में उत्साह देखने को मिला और उन्होंने सरकार के इस कदम की सराहना की। यह कार्यक्रम अनुदेशकों के सम्मान और प्रोत्साहन के लिए एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, शिक्षक गण और बड़ी संख्या में अनुदेशक मौजूद रहे।

## ग्राम प्रधान पर प्राणघातक हमला करने वाले चार युवक गिरफ्तार

तिलोई अमेठी । थाना मोहनगंज पुलिस ने ढोढनपुर के ग्राम प्रधान और उनके भाई पर प्राणघातक हमला करने वाले चार युवकों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने पकड़े गये चारों युवकों को जेल भेज दिया है।थाना क्षेत्र के कस्बा शाहमऊ में दिनदहाड़े बेखौफ लोगों द्वारा ढो ढनपुर के ग्राम प्रधान अब्दुल कादिर एवं उनके भाई मोइनुददीन पुत्रगण मोहब्बत पर गुरुवार को लोहे की पाइप और राड से हमलाकर लहुलुहान कर दिया था। पुलिस ने चार नामजद और चार अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्जकर लिया था।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध व अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में कोतवाली प्रभारी राकेश कुमार सिंह मय हमराह द्वारा प्रधान पर जानलेवा हमले के आरोपी मोहम्मद तहरीम पुत्र नसीम, मोहम्मद तसलीम उर्फ नासिर पुत्र नसीम निवासीगण ग्राम सिंहपुर मजरे ढोढनपुर थाना मोहनगंज,सकलैन पुत्र तौफीक निवासी तामामऊ थाना जायस, नदीम पुत्र सईद निवासी नगदैय्यापुर थाना जायस को गिरफ्तार किया गया। इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी राकेश कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवकों के खिलाफ पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## सम्पादकीय

# चौतरफा महंगाई

बृहस्पतिवार को जारी सरकारी आंकड़ों से पता चला कि एक माह के भीतर ही थोक महंगाई दर दुगनी हो गई है। जो कि पिछले 42 महीनों के उच्चतम स्तर पर जा पहुंची है। अब शुक्रवार को पेट्रोल व डीजल तथा सीएनजी के दामों में वृद्धि ने आम आदमी को व्यथित कर दिया। जाहिर है पेट्रोल-डीजल के दामों में वृद्धि से न केवल यातायात महंगा हो जाता है बल्कि मालभाड़ा बढ़ने से हर चीज के दामों में उछाल आ जाता है। वहीं रोजमर्रा का सामान बनाने वाली कंपनियां दुहाई दे रही हैं कि पेट्रोलियम पदार्थों के दामों में वृद्धि से उनकी उत्पादन लागत में दस से बीस फीसदी की वृद्धि हुई है। फलतः इन कंपनियों ने छूट व प्रचार खर्च में कटौती करके भंडारण क्षमता व आपूर्ति शृंखला को मजबूत करना प्राथमिक लक्ष्य बनाया है। अतः देश की एफएमसीजी रोजमर्रा के सामान की लागत बढ़ने व मुनाफ़े पर बढ़ते दबाव को कम करने के लिये चरणबद्ध तरीके से वस्तुओं के दाम बढ़ाने की तैयारी कर रही हैं। यह भी हकीकत है कि पिछली तिमाही में ये एफएमसीजी पहले ही तीन से पांच प्रतिशत की वृद्धि वस्तुओं की कीमतों में कर चुकी हैं। फलतः आम उपभोक्ता को अभी और महंगाई को झेलने के लिए तैयार रहना चाहिए। यह भी एक हकीकत है कि रुपये के गिरते मूल्य ने भी कीमतें बढ़ाने का दबाव बनाया है। कंपनियां अपना मुनाफा बनाये रखने के लिये कीमतें बढ़ाने और पैकेटबंद उत्पादों की मात्रा घटाने की रणनीति पर काम कर रही हैं। आशंका जतायी जा रही है कि पेट्रोल व डीजल के दामों में तीन-तीन रुपये की वृद्धि के बाद टेलीकॉम कंपनियां रिचार्ज प्लान बढ़ा सकती हैं। उनका दावा है कि मोबाइल टॉवर को चलाने में आने वाला 40 फीसदी खर्च सिर्फ पेट्रोल और बिजली पर होता है। यह खर्चा टैरिफ बढ़ाकर ग्राहकों पर डाला जा सकता है। वहीं सरकारी तेल कंपनियां कह रही हैं कि होर्मुज स्ट्रेट बाधित होने से कच्चे तेल की कीमतों में भारी वृद्धि के बाद उन्होंने मामूली वृद्धि पेट्रोल व डीजल के दामों में की है। निश्चित रूप से पश्चिम एशिया संकट के चलते उपजे हालात ने बताया है कि भारत को ऊर्जा सुरक्षा नीति पर गंभीरता से विचार करना चाहिए। प्रधानमंत्री द्वारा ईंधन की खपत को कम करने के आह्वान के कुछ दिन बाद ही पेट्रोल, डीजल व सीएनजी के दामों में बढ़ोतरी की गई है। यह बढ़ोतरी चार साल से अधिक समय में पहली बार की गई है। निस्संदेह, खाड़ी संकट से उपजे हालात में कीमतों में यह वृद्धि अनिवार्य लग रही थी। माना जा रहा है कि पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु आदि राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव के चलते ही सरकार ने यह कदम देर से उठाया है। चुनाव परिणाम आने के बाद जब हैदराबाद में प्रधानमंत्री ने देशवासियों से ईंधन खपत में कटौती करने का आगाह किया था, तो संकेत माना गया कि पेट्रोलियम पदार्थों के दामों में वृद्धि हो सकती है। सरकार ने तेल विपणन कंपनियों को हो रहे भारी नुकसान की ओर इशारा करते हुए मूल्य वृद्धि का बचाव किया है। रिपोर्ट बताती है कि देश के सार्वजनिक क्षेत्र के रिटेलर्स रोजाना एक हजार करोड़ का नुकसान उठा रहे हैं,जबकि कच्चे तेल की कीमत सौ डॉलर प्रति बैरल थी। निस्संदेह, पहले ही मुद्रास्फीति व स्थिर आय से जूझ रहे नागरिकों को सरकार की यह दलील गले नहीं उतरेगी। वैसे भी चुनावी रणनीति के मद्देनजर संचालित आर्थिक निर्णय सार्वजनिक विश्वास में कमी लाते हैं। जाहिर बात है कि करोड़ों मध्यम वर्गीय परिवार, किसान व छोटे व्यवसाय चलाने वाले लोगों के लिए बढ़ी ईंधन दरें जल्दी ही भोजन, परिवहन और आवश्यक वस्तुओं को महंगा बना देती हैं। फिक्र की बात यह है कि भारत की आयातित कच्चे तेल पर निर्भरता अर्थव्यवस्था को भू राजनीतिक झटकों के प्रति संवेदनशील बना देती है। रूस से मिलने वाला सस्ता कच्चा तेल हमें अस्थायी राहत ही प्रदान करता है। लेकिन यह मार्ग भी प्रतिबंधों, शिपिंग रुकावटों और कूटनीतिक दबावों के प्रति संवेदनशील बना हुआ है। यह संकट भारत को दीर्घकालीन ऊर्जा रणनीति बनाने के लिये बाध्य करता है। हमारी प्राथमिकता सार्वजनिक परिवहन विस्तार, इलेक्ट्रिक वाहनों का प्रयोग व नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग बढ़ाने की होनी चाहिए।

# प्रधानमंत्री के अनुरोध में छिपा सबका हित

**प्रधानमंत्री ने अपने काफिले के वाहनों की तादाद घटाई तो 'महाजनो येन गता स पंथाः' की रीति-नीति पर काम करते हुए उनके मंत्रियों ने भी उस पर अमल प्रारंभ कर दिया है। गृहमंत्री, रक्षामंत्री ने भी अपने काफिले की गाड़ियों की संख्या घटा दी है। भाजपा शासित राज्यों उत्तर, प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, ओडिशा और असम आदि राज्यों के मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों के काफिलों में भी वाहनों की संख्या घट गई है। एकाध न्यायाधीश तो साइकिल चलाकर न्यायालय पहुंचे हैं। इन संदेशों के गहरे निहितार्थ हैं, जिन्हें समझे जाने की जरूरत है। प्रधानमंत्री का देशवासियों से आग्रह है कि संभव हो तो कुछ समय के लिए अपनी विदेश यात्रा टाल दें। इससे जहां देश के विदेशी मुद्रा भंडार और आर्थिक सुरक्षा को मजबूती मिलेगी बल्कि विकसित भारत के उसके सपनों के पंख कमजोर नहीं होंगे। इसके विपरीत विपक्ष का तर्क है कि सरकार को यह कदम पहले ही उठाना चाहिए था। आज की तिथि में ऐसा करने का क्या औचित्य है? उनका सवाल कुछ हद तक वाजिब भी है लेकिन यह समय सवाल पूछने का नहीं, अनुरोध की गंभीरता को समझने का है। मध्य-पूर्व संकट के मद्देनजर देश की अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले प्रभावों के मद्देनजर प्रधानमंत्री द्वारा उठाया गया यह कदम बेहद मायनेखेज है।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिका-ईरान युद्ध के मद्देनजर कुछ बड़े और कड़े फैसले लिए हैं। उन्होंने देशवासियों से आग्रह किया है कि वे वाहनों के लिए जरूरत के अनुरूप डीजल-पेट्रोल का सीमित उपयोग करें और कम-से-कम एक साल तक सोना न खरीदें। सार्वजनिक वाहनों से यात्रा करें। मेट्रो और रोडवेज बसों, सिटी बसों जैसे सार्वजनिक वाहनों का इस्तेमाल अधिक करें। उन्होंने अपने मंत्रियों से भी कुछ इसी तरह का आग्रह किया है। उन्होंने अधिकारियों से भी अनुरोध किया है कि वे भी डीजल-पेट्रोल की खपत कम करने की दिशा में काम करें। सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से भी उन्होंने लगभग इसी तरह का अनुरोध किया है। एक बार नहीं, अनेक बार किया है ताकि कोई उनके अनुरोध को हल्के में न ले। भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने इस दिशा में काम करना आरंभ भी कर दिया है। प्रधानमंत्री ने अपने काफिले के वाहनों की तादाद घटाई तो 'महाजनो येन गता स पंथाः' की रीति-नीति पर काम करते हुए उनके मंत्रियों ने भी उस पर अमल प्रारंभ कर दिया है। गृहमंत्री, रक्षामंत्री ने भी अपने काफिले की गाड़ियों की संख्या घटा दी है। भाजपा शासित राज्यों उत्तर, प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, ओडिशा और असम आदि राज्यों के मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों के काफिलों में भी वाहनों की संख्या घट गई है। एकाध न्यायाधीश तो साइकिल चलाकर न्यायालय पहुंचे हैं। इन संदेशों के गहरे निहितार्थ हैं, जिन्हें समझे जाने की जरूरत है। प्रधानमंत्री का देशवासियों से आग्रह है कि संभव हो तो कुछ समय के लिए अपनी विदेश यात्रा टाल दें। इससे जहां देश के विदेशी मुद्रा भंडार और आर्थिक सुरक्षा को मजबूती मिलेगी बल्कि विकसित भारत के उसके सपनों के पंख कमजोर नहीं होंगे। इसके विपरीत विपक्ष का तर्क है कि सरकार को यह कदम पहले ही उठाना चाहिए था। आज की तिथि में ऐसा करने का क्या औचित्य है? उनका सवाल कुछ हद तक वाजिब भी है लेकिन यह समय सवाल पूछने का नहीं, अनुरोध की गंभीरता को समझने का है। मध्य-पूर्व संकट के मद्देनजर देश की अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले प्रभावों के मद्देनजर प्रधानमंत्री द्वारा उठाया गया यह कदम बेहद मायनेखेज है। भले ही यह निर्णय देर से लिया गया हो लेकिन 'जब जागे तभी सबेरा।' इस निर्णय को दिखावे का विषय नहीं बनना चाहिए वरन देश के हर आम और खास नागरिक को इस दिशा में सोचना चाहिए और तदनुरूप कार्य व्यवहार करना चाहिए। वैसे भी जो राष्ट्र अर्थ संयम के सिद्धांतों का पालन नहीं करता, वह दुखी रहता है। आय और व्यय के बीच संतुलन तो होना ही चाहिए। इतने गंभीर विषय पर राजनीति करना देश को संकट के दलदल में झोंकने जैसा है? यह किसी से छिपा नहीं है कि अमेरिकी राष्ट्रपति तक साइकिल चलाकर अपने फार्म हाउस जाते रहे हैं फिर भारत में बेवजह राजनीतिक अहमन्यता का प्रदर्शन क्यों? दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था वाले देश के मुखिया को अगर ऊर्जा के समुचित इस्तेमाल की नसीहत देनी पड़ रही है तो इसका मतलब है कि खतरा बड़ा है और देशवासियों ने अपने विवेक से काम नहीं लिया तो पानी सिर से ऊपर बह सकता है। देश को इसकी बड़ी कीमत चुकानी पड़ सकती है। अमेरिका-ईरान युद्ध का असर भारत ही नहीं, दुनिया के तमाम देशों पर पड़ा है, यह किसी से छिपा नहीं है। होर्मुज जलडमरूमध्य क्षेत्र से भारतीय तेल टैंकरों का आना कठिन हो रहा है। दूसरी ओर अमेरिका ने भी नाकेबंदी कर रखी है। गनीमत थी कि भारत के कुछ टैंकर आ गए थे लेकिन अगर युद्ध लंबा खिंचता है तो भारत के पास जो भी ईंधन है, उसी से काम चलाना होगा। ऐसे में संयम बरतने के अलावा कोई अन्य विकल्प है भी नहीं। वैसे भी ईरान-अमेरिका के बीच युद्ध समाप्त होने के फिलहाल कोई आसार नहीं हैं। युद्ध विराम के जुबानी प्रपंच के बीच दोनों देशों ने ऐ दूसरे पर टपुट हमले भी किए हैं, उसे युद्ध नहीं तो और क्या कहा जाएगा? अमेरिका और ईरान की अपनी-अपनी नाकेबंदी के वैश्विक प्रभाव भी किसी से छिपे नहीं हैं। अमेरिका में पेट्रोल का वैसे तो कोई संकट नहीं है लेकिन वहां भी पेट्रोल की कीमत में 7.5 प्रतिशत का इजाफा हो गया है। ब्रिटेन में डीजल की कीमत 33 प्रतिशत बढ़ गई हैं। घर को उष्ण बनाए रखने के लिए एलपीजी का उपयोग लगभग बंद कर दिया गया है। दक्षिण कोरिया में नहाने में शॉवर के न्यूनतम उपयोग, सप्ताहांत में ही वाशिंग मशीन चलाने और सरकारी दफ्तरों में लिफ्ट बंद करने जैसी कुछ व्यवस्थाएं लागू की गई हैं। चीन, फ्रांस, स्पेन, इटली जैसे देशों में भी पेट्रोल-डीजल और गैस के दाम बढ़ा दिए गए हैं। भारत में अभी पेट्रोल के दाम में 3 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी करनी पड़ गई है। अमेरिका और ईरान की तनातनी कम नहीं हुई तो अन्य क्षेत्रों में भी मुद्रासफीति की सुरसा अपने मुंह फैला सकती है। दरअसल, इस निर्णय को सरकार की विवशता के तौर पर ही लिया जाना चाहिए। इसमें जनता को बेवजह परेशान करने की मानसिकता तलाशना, वास्तविकता से मुंह मोड़ने जैसा है। प्रधानमंत्री मोदी की इस बात में दम है कि भारत में कच्चे तेल के बड़े कुएं न होने की वजह से तेल आयात करना हमारी विवशता है। युद्ध के कारण और कच्चा तेल लगातार महंगा होने के चलते भारत की तेल कंपनियों को 30 हजार करोड़ रुपये प्रतिमाह नुकसान सर्वविदित है। हर रोज का औसत घाटा 1600 करोड़ रुपये के आसपास है। सरकार ने पेट्रोल-डीजल पर जो टैक्स कम किया था, उससे ही सरकार को हर माह 14 हजार करोड़ रुपये का नुकसान हो रहा है। सच तो यह है कि भारत विदेश से 93 लाख करोड़ रुपये का डीजल- पेट्रोल और गैस का आयात कर रहा है। देश का वार्षिक व्यापार घाटा भी 11.3 लाख करोड़ रुपये का है। इस सत्य से इनकार नहीं किया जा सकता कि अमेरिकी टैरिफ और अमेरिका-ईरान युद्ध के चलते भारत के आर्थिक और कारोबारी हालात बिगड़े हैं। ऐसे में प्रधानमंत्री मोदी का संयमित खर्च का अनुरोध काबिलेगौर भी है और जरूरत के अनुरूप भी है। देश का मुखिया होने के नाते अपनों को समय रहते सचेत करने की उनकी जिम्मेदारी भी बनती है। इसे अन्यथा लिया जाना या फिर बात का बतंगड़ बनाना किसी भी लिहाज से उचित नहीं है। उन्होंने तो यहां तक कहा है कि देशवासी अपने भोजन में तेल की मात्रा घटाएं। ऐसा करने से वे स्वस्थ भी रहेंगे और देश पर भी खाद्य तेल आयात करने का बोझ भी कम होगा। भारत के दर्जन भर जहाज, टैंकर फिलहाल होर्मुज जलडमरूमध्य के पास समुद्र में फंसे हैं। हमलों में भारत के कुछ नाविक मारे गये हैं और कुछ घायल भी हुए हैं। ईरान और अमेरिका धमकियां दे रहे हैं और होर्मुज जलमार्ग का नाजायज फायदा उठा रहे हैं। रही बात सोने के आयात की तो भारत ने 2025-26 में 6.40 लाख करोड़ रुपये का सोना आयात किया था। विदेश यात्राओं पर भारतीय नागरिक लगभग 3.65 लाख करोड़ रुपये हर वर्ष खर्च करते हैं। इन पर थोड़ी भी रोक लगेगी तो भी विदेशी मुद्रा तो बचेगी ही। 2025-26 में भारत ने कच्चे तेल के आयात पर 10. 35 लाख करोड़ रुपये खर्च किए। चूंकि ईरान युद्ध के कारण कच्चा तेल 50 फीसदी महंगा हो गया है, लिहाजा अब हमें तेल के आयात पर करीब 17 लाख करोड़ रुपये खर्च करने पड़ेंगे। यह बोझ देश की अर्थव्यवस्था पर ही पड़ेगा। विश्व बैंक भी मानता है कि युद्ध के कारण 2026 में ऊर्जा की कीमतें 24 फीसदी तक बढ़ सकती हैं। ऐसे में प्रधानमंत्री की अपील पर अमल करने में ही देश का कल्याण है। किसी के झांसे में आने की बजाय देशवासी अपने हितों पर खुद मंथन करें। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने मंत्रिमंडलीय सहयोगियों से सप्ताह में कम से कम एक दिन सार्वजनिक वाहन का उपयोग करने का आह्वान किया है और उन्हें शासन में मितव्ययिता,ऊर्जा संरक्षण और जनप्रेरक आचरण की नई कार्य संस्कृति विकसित करने का संदेश दिया है। उन्होंने मंत्रियों से अपने काफिले को 50 प्रतिशत तक कम करने का भी आह्वान किया है। मुख्यमंत्री ने अगले छह माह तक राज्य सरकार के सभी मंत्रियों एवं वरिष्ठ अधिकारियों को अपरिहार्य परिस्थितियों को छोड़कर विदेश यात्राओं से परहेज करने के निर्देश दिए हैं। जिन किन्हीं राज्यों में इस तरह की पहल पर काम हो रहा है, उसकी जितनी भी सराहना की जाए, कम है। इसमें संदेह नहीं कि मौजूदा हालात में ईंधन संरक्षण केवल आर्थिक आवश्यकता नहीं, बल्कि राष्ट्रीय दायित्व भी है। एक जनप्रतिनिधि का आचरण ही जनता के लिए सबसे बड़ा संदेश होता है। मंत्री, अधिकारी अपने आचरण पर डटे रहे तो जनता उनसे आगे बढ़कर ऊर्जा संरक्षण और देश की आर्थिक सुरक्षा पर अपना ध्यान केंद्रित करेगी। इसमें रंच मात्र संदेह नहीं है। विपक्ष प्रधानमंत्री पर ' पर उपदेश कुशल बहुतेरे' वाला आरोप लगा रहा था लेकिन प्रधानमंत्री ने अपने निर्णय को सर्वप्रथम खुद पर लागू किया है और इसके बाद उसे अपने सहयोगियों और देशवासियों के विवेक पर छोड़ दिया है। कुछ लोग उनकी विदेश यात्रा पर सवाल कर रहे हैं लेकिन सोचना होगा कि जब वाकई संवाद की जरूरत है, ऐसे में घर बैठे तमाशा देखना क्या उचित होगा। सवाल इस बात का भी है कि हमें इस मुद्दे पर अमल कर अपने देश को आगे ले जाना है या दिखावे की सामाजिक संस्कृति को आगे बढ़ाना है। नीति भी कहती है कि धनार्जन और धन का संरक्षण यत्नपूर्वक किया जाना चाहिए। 'धनात धर्मः ततः सुखम।' धन रहेगा तभी धर्म भी होगा और धर्म रहेगा तभी सुख भी मिलेगा। अब यह हमें तय करना है कि हमें ऊर्जा संरक्षण को महत्व देना है या उसके अंधाधुंध मनमाने उपयोग को। फैसला हमारा है कि हम इस बावत केवल कुछ दिनों का दिखावा करेंगे या अपने जीवन व्यवहार में भी अर्थ संयम और ऊर्जा संरक्षण की जरूरतों को सतत अहमियत देंगे। **–सियाराम पांडेय 'शांत'**

# इतिहास की जीवित धरोहरः संग्रहालयों में संजोया सभ्यता का सच

**सुरेश सिंह बैस "शाश्वत"**

**भारत जैसे विविधताओं से भरे देश में संग्रहालयों का महत्व और भी बढ़ जाता है। यहाँ की सांस्कृतिक, धार्मिक और ऐतिहासिक विरासत इतनी व्यापक है कि उसे संजोना और संरक्षित करना एक बड़ी जिम्मेदारी है।**

समय की धारा में बहुत कुछ बह जाता है, लेकिन जो बचा लिया जाता है—वही इतिहास बनता है। अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस हमें उन धरोहरों के महत्व का बोध कराता है, जिन्हें संग्रहालयों में सहेजकर आने वाली पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रखा गया है। संग्रहालय केवल पुरानी वस्तुओं का भंडार नहीं, बल्कि मानव सभ्यता की यात्रा के जीवंत दस्तावेज हैं। जब हम किसी संग्रहालय में प्रवेश करते हैं, तो वह केवल एक भवन में प्रवेश करना नहीं होता, बल्कि अतीत के उन अनगिनत पलों से रूबरू होना होता है, जिन्होंने हमारे वर्तमान को आकार दिया है। प्राचीन मूर्तियाँ, ऐतिहासिक दस्तावेज, कलाकृतियाँ, शिलालेख, हथियार और जीवनशैली से जुड़ी वस्तुएँ ये सब मिलकर हमें यह समझने में मदद करती हैं कि हम कहाँ से आए हैं और किस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। भारत जैसे विविधताओं से भरे देश में संग्रहालयों का महत्व और भी बढ़ जाता है। यहाँ की सांस्कृतिक, धार्मिक और ऐतिहासिक विरासत इतनी व्यापक है कि उसे संजोना और संरक्षित करना एक बड़ी जिम्मेदारी है। दिल्ली का राष्ट्रीय संग्रहालय, कोलकाता का भारतीय संग्रहालय, भोपाल का मानव संग्रहालय ये सभी स्थान केवल पर्यटक आकर्षण नहीं, बल्कि ज्ञान और संस्कृति के केंद्र हैं, जो हमें हमारी जड़ों से जोड़ते हैं। इस डिजिटल युग में, जब सूचनाएँ स्क्रीन तक सीमित होती जा रही हैं, संग्रहालय हमें वास्तविकता से जोड़ने का कार्य करते हैं। किसी ऐतिहासिक वस्तु को अपनी आँखों से देखना, उसकी बनावट और उसकी कहानी को समझना यह अनुभव किसी भी डिजिटल माध्यम से कहीं अधिक प्रभावशाली होता है। हालांकि, यह भी सच है कि समय के साथ संग्रहालयों को भी आधुनिक बनना होगा। डिजिटल तकनीक, इंटरैक्टिव डिस्प्ले और वर्चुअल टूर जैसे माध्यमों को अपनाकर वे नई पीढ़ी को आकर्षित कर सकते हैं। अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य यह भी है कि समाज में सांस्कृतिक जागरूकता बढ़े और लोग अपनी विरासत के प्रति संवेदनशील बनें। अक्सर देखा जाता है कि लोग संग्रहालयों को केवल पर्यटन स्थल मानते हैं, जबकि वास्तव में वे शिक्षा और शोध के महत्वपूर्ण केंद्र होते हैं।स्कूलों और कॉलेजों में संग्रहालय भ्रमण को बढ़ावा देना चाहिए, ताकि युवा पीढ़ी इतिहास को किताबों से बाहर निकलकर वास्तविक रूप में समझ सके। इसके साथ ही, संग्रहालयों के सामने कई चुनौतियाँ भी हैं,जैसे संरक्षण के लिए पर्याप्त संसाधनों की कमी, पुरानी होती तकनीक, और लोगों की घटती रुचि। इन समस्याओं का समाधान तभी संभव है, जब सरकार, समाज और निजी संस्थान मिलकर इस दिशा में काम करें। सांस्कृतिक धरोहरों का संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है। संग्रहालय हमें यह सिखाते हैं कि समय चाहे कितना भी बदल जाए, हमारी जड़ें और हमारी पहचान हमारे अतीत में ही निहित हैं।अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस हमें यह संकल्प लेने का अवसर देता है कि हम अपनी विरासत को सहेजेंगे, उसका सम्मान करेंगे और उसे आने वाली पीढ़ियों तक सुरक्षित पहुंचाएंगे।

बीते कल की गूंज है, हर वस्तु में इतिहास,
संग्रहालयों में बसता, सभ्यता का विश्वास।
जो जड़ों से जुड़ते हैं, वही बढ़ते आगे,
धरोहर को संजोना ही, भविष्य का प्रकाश।।

## सेहत मंत्र

# नीम की पत्तियों से मिलते हैं कई फायदे

आयुर्वेद की दुनिया में नीम एक बेहद लोकप्रिय व महत्वपूर्ण औषधीय जड़ी-बूटी है, जिसे लगभग पिछले 5000 सालों से उपचार के दौरान इस्तेमाल किया जाता रहा है। नीम इतना गुणकारी है कि न केवल इसकी पत्तियां, बल्कि पेड़ के बीज, जड़ों और छाल में भी औषधीय गुण पाए जाते हैं। नीम सेहत और सौंदर्य दोनों के लिए ही गुणकारी है। नीम के पत्तों में एंटी?बैक्टीरियल गुण होते हैं यही वजह है कि यह संक्रमण, जलन और त्वचा की किसी भी तरह की समस्याओं पर यह जादू की तरह काम करता है। यह बैक्टीरिया को नष्ट करता है, प्रतिरक्षा प्रणाली को उत्तेजित करता है और तेजी से चिकित्सा को प्रोत्साहित करता है। इसके अलावा इसमें एंटी-एजिंग गुण भी पाए जाते हैं। इतना ही नहीं, नीम में विटामिन और फैटी एसिड त्वचा की लोच में सुधार करते हैं और झुर्रियों और महीन रेखाओं को कम करते हैं। नीम के पत्ते घाव को बेहद जल्द ठीक करते हैं। बस आप इसकी पत्तियों का पेस्ट बनाएं और घाव या कीड़े के काटने पर प्रभावित स्थान पर लगाएं। अगर आपको रूसी की समस्या है तो आप नीम की कुछ पत्तियां लेकर उसे पानी में उबालें। अब इस पानी को ठंडा होने दें। अपने बालों को शैम्पू से धोने के बाद इस पानी से साफ़ करें। अगर आपको आंखों में जलन हो रही है तो नीम की कुछ पत्तियों को उबालें, पानी को पूरी तरह से ठंडा होने दें और फिर अपनी आंखों को धोने के लिए इसका इस्तेमाल करें। यह आंखों में किसी भी तरह की जलन, थकान या लालिमा में मदद करेगा। कान के जुड़ी समस्याओं को भी नीम आसानी से ठीक कर सकता है। बस आप नीम के कुछ पत्तों को मसलकर उसमें थोड़ा शहद मिलाएं। किसी भी कान के फोड़े का इलाज करने के लिए इस मिश्रण की कुछ बूंदों का उपयोग करें। नीम के पत्ते त्वचा के लिए बेहद चमत्कारी माने जाते हैं। इसके लिए नीम के पत्तों के पेस्ट के साथ हल्दी मिलाएं। इसका उपयोग खुजली, एक्जिमा, रिंग कीड़े और कुछ हल्के त्वचा रोगों के लिए भी किया जा सकता है। कुछ नीम के पत्तों को क्रश करें और अपनी इम्युनिटी बढ़ाने के लिए उन्हें एक गिलास पानी के साथ लें।

## धर्म मंत्र

# कालाष्टमी व्रत से होते हैं सभी कष्ट दूर

ज्येष्ठ महीने के कृष्ण पक्ष की अष्टमी को कालाष्टमी के रूप में माना जाता है। इसे भैरव जयंती के रूप में भी मनाया जाता है तो आइए हम आपको कालाष्टमी के महत्व तथा पूजा-विधि के बारे में बताते हैं। कालभैरव को शिव का पांचवा अवतार माना गया है। इनके दो रूप है पहला बटुक भैरव जो भक्तों को अभय देने वाले सौम्य स्वरूप में जाना जाता है। लेकिन काल भैरव का रूप बटुक भैरव से अलग माना जाता है। उन्हें अपराधिक प्रवृतियों पर नियंत्रण करने वाले भयंकर दंडनायक के रूप में जाना जाता है। ऐसी मान्यता है कि कालाष्टमी का व्रत रखने वाले व्यक्ति के जीवन से बहुत सी परेशानियां दूर हो जाती है। साथ ही कालाष्टमी के व्रत से जीवन में यश तथा कीर्ति प्राप्त होती है। काल भैरव की उत्पत्ति को लेकर कई कथाएं प्रचलित हैं। इनमें से एक कथा के अनुसार एक बार ब्रह्मा जी शिव भगवान का वेश धारण उनके गणों को भी साथ लेकर अशिष्ट टिप्पणी की। उसके बाद शिव जी बहुत क्रुद्ध हुए और वहां विशाल प्रचंड काया उत्पन्न हुई जिसने ब्रह्मा जी का संहार के लिए उन्हें दौड़ाया। उस काया ने अपने नाखून से ब्रह्मा जी के शीर्ष को काट दिय। उसके बाद शिव जी ने उसे काया को शांत किया। यह वीभत्स काया जिस दिन प्रकट हुई उस दिन अष्टमी थी। उस काया का नाम बाद में भैरव पड़ा। भैरव को बाद में काल भैरव तथा बटुक भैरव के नाम से पूजा जाने लगा। ब्रह्मा जी एक शीर्ष काटने के भैरव के ऊपर ब्रह्म हत्या का आरोप लगा। जिसके कारण वह बहुत दिनों तक जंगल में विचरण करते रहे। उसके बाद उन्हें काशी में जाकर मुक्ति मिली।

## पर्यटन



# गुजरात के कच्छ में करें इतिहास और आधुनिकता के दर्शन एक साथ

गुजरात घूमने आये हैं और कच्छ का दौरा नहीं किया तो समझिये कि आपकी गुजरात यात्रा अधूरी रह गयी। एक समय भूकंप के चलते बर्बाद हो चुका कच्छ अपने पैरों पर खड़ा है और बड़ी संख्या में प्रतिवर्ष पर्यटकों को आकर्षित करता है। यहाँ राज्य पर्यटन विभाग की ओर से हर वर्ष कच्छ महोत्सव आयोजित किया जाता है जिसमें बड़ी संख्या में लोग उमड़ते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात का मुख्यमंत्री रहते कच्छ महोत्सव की शुरुआत की थी जिससे इस इलाके में पर्यटन व्यवसाय से जुड़े लोगों को काफी लाभ हुआ और क्षेत्र का विकास भी हुआ। गुजरात के सबसे बड़े जिले कच्छ का जिला मुख्यालय भुज है। कच्छ का अधिकांश हिस्सा रेतीला है। जखाऊ, कांडला और मुन्द्रा यहां के मुख?य बंदरगाह हैं। कच्छ जिले में अनेक ऐतिहासिक इमारतें, मंदिर, मस्जिद और हिल स्टेशन आदि पर्यटन स्थलों को देखा जा सकता है। कच्छ को प्राचीन सिन्धु संस्कृति का हिस्सा माना जाता है। माना जाता है कि सन्‌ 1270 में कच्छ एक स्वतंत्र देश था लेकिन 1815 में यह ब्रिटिश साम्राज्य के अधीन हो गया क्योंकि रजवाड़े के रूप में कच्छ के तत्कालीन महाराजा ने ब्रिटिश सत्ता स्वीकार कर ली थी। सन्‌ 1947 में जब देश आजाद हुआ तो तत्कालीन 'महागुजरात' राज्य का एक जिला बना कच्छ। कच्छ की यात्रा देखिये कैसे आगे बढ़ती है। महागुजरात से अलग होकर सन्‌ 1950 में कच्छ भारत का एक राज्य बना। 1 नवम्बर सन्‌ 1956 को यह मुंबई राज्य के अंतर्गत आया। सन्‌ 1960 में भाषा के आधार पर मुंबई राज्य का महाराष्ट्र और गुजरात में विभाजन हो गया तथा कच्छ गुजरात का एक हिस्सा बन गया। कच्छ में देखने लायक कई स्थान है जिसमें कच्छ का सफ़ेद रण आजकल पर्यटकों को लुभा रहा है। इसके अलावा मांडवी समुद्रतट भी सुंदर आकर्षण है। भुज में कच्छ के महाराजा का आइना महल, प्राग महल, शरद बाग़ पैलेस एवं हमीरसर तलाव मुख्य आकर्षण है तथा मांडवी में स्थित विजय विलास पैलेस जो समुद्रतट पर स्थित है वह भी देखने लायक है। भद्रेश्वर जैन तीर्थ और कोटेश्वर में महादेव का मंदिर और नारायण सरोवर जो पवित्र सरोवरों में से एक है, वो भी घूमने लायक है।

# रोडवेज परिसर का प्यासा सच वाटर कूलर बंद, यात्रियों की परेशानी चालू

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। भीषण गर्मी में जहां सरकार और प्रशासन यात्रियों को राहत देने के बड़े-बड़े दावे करता है वहीं रोडवेज परिसर में लगा वाटर कूलर खुद प्यासा नजर आ रहा है। हालात ऐसे हैं कि यह कूलर आये दिन या तो खराब रहता है या फिर कर दिया जाता है अब यह तकनीकी खराबी है या किसी की आर्थिक रणनीति। यह अपने आप में एक बड़ा यक्ष प्रश्न बन चुका है। रोडवेज परिसर के अंदर कैंटीन संचालित है और यात्रियों का कहना है कि अगर वाटर कूलर नियमित रूप से चलता रहे तो दूर-दराज से आने वाले यात्रियों को मुफ्त में ठंडा पानी मिल जाएगा। ऐसे में बोतलबंद पानी और कैंटीन की बिक्री पर असर पड़ना तय है। अब सवाल यह उठता है कि आखिर हर बार खराबी का शिकार सिर्फ वही मशीन क्यों होती है जो यात्रियों को मुफ्त राहत देती है। यात्रियों का कहना है कि गर्मी में घंटों बस का इंतजार करना पड़ता है लेकिन ठंडा पानी नसीब नहीं होता। मजबूरी में लोगों को महंगे दामों पर पानी खरीदना पड़ता है। रोडवेज परिसर में लगे वाटर कूलर की हालत देखकर ऐसा लगता है मानो वह यात्रियों की सुविधा के लिए नहीं, सिर्फ शोपीस के तौर पर लगाया गया हो। इस मामले में जब इटख्र से वार्ता की गई तो उन्होंने कहा जब मैं रहता हूं तब तो कूलर ठीक ही रहता है हो सकता है खराब हो गया हो दिखवाता हूं। अब सवाल यह है कि क्या कूलर भी अधिकारियों की मौजूदगी देखकर ही काम करता है? और जैसे ही जिम्मेदार अधिकारी परिसर से बाहर जाते हैं मशीन भी छुट्टी पर चली जाती है। यात्रियों में इस व्यवस्था को लेकर भारी नाराजगी है। लोगों का कहना है कि रोडवेज परिसर में यात्रियों की बुनियादी सुविधाओं को लेकर गंभीरता दिखाई जानी चाहिए। वरना मुफ्त ठंडे पानी पर पहरा और यात्रियों की जेब पर हमला यही व्यवस्था की नई पहचान बन जाएगी। जरूरत इस बात की है कि संबंधित अधिकारी केवल दिखवाने तक सीमित न रहें। बल्कि यह भी जांच करें कि आखिर बार-बार वाटर कूलर खराब होने के पीछे तकनीकी कारण हैं या फिर किसी की ठंडी कमाई का गर्म खेल।

## मुर्गी के लालच में पिंजरे में कैद हुआ तेंदुआ, रेंजर टीम ले गई अपने साथ

बिजनौर । जनपद बिजनौर की चांदपुर रेंज के इस्माइलपुर गांव स्थित डायट परिसर में रविवार सुबह एक खूंखार तेंदुआ वन विभाग द्वारा लगाए गए पिंजरे में कैद हो गया। बताया जा रहा है कि तेंदुआ मुर्गी के शिकार के लालच में पिंजरे के अंदर घुसा था। तेंदुए के पकड़े जाने के बाद क्षेत्र के लोगों ने राहत की सांस ली। ग्रामीणों और स्कूल प्रशासन के अनुसार, पिछले कई दिनों से डायट परिसर और आसपास के इलाके में तेंदुए की आवाजाही देखी जा रही थी। इससे स्थानीय लोगों और स्कूल स्टाफ में दहशत का माहौल बना हुआ था। मामले की सूचना वन विभाग को दी गई थी, जिसके बाद विभाग ने परिसर में पिंजरा लगाया था। वन विभाग के अनुसार रविवार तड़के तेंदुआ शिकार की तलाश में निकला था। पिंजरे में रखी मुर्गी की गंध पाकर वह अंदर घुस गया और कैद हो गया। सुबह जब ग्रामीणों ने पिंजरे में तेंदए को देखा तो मौके पर भीड़ जुट गई। वन रेंजर दुष्यंत सिंह ने बताया कि पकड़ा गया तेंदुआ वयस्क है और उसकी उम्र करीब 6 से 7 वर्ष आंकी गई है। उन्होंने कहा कि मेडिकल परीक्षण कराने के बाद अधिकारियों के निर्देशानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# पूजा की ज्योति से कमरे में लगी आग

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बल्दीराय सुलतानपुर। तहसील बल्दीराय के कस्बा बल्दीराय में रविवार की सुबह 9:30 बजे व्यवसायी कंस राज जायसवाल के आवास के ऊपर तल के कमरे में अचानक आग लग गई देखते देखते आग की लपके दो कम रो को अपने चपेट में ले लिया आग से दो कमरो में रखा कीमती कपड़ा जल कर राख हो गया । बताया जाता है कि घर की महिलाए पूजा करने के बाद अखन्ड ज्योति जला कर नीचे तल पर चली गई पूजा की जल रही अखंड ज्योति से अचानक कमरे में आग लग गई। आग को ग्रामीणो ने बड़ी मशक्त के बाद बुझाई परिजनो के मुताबिक घर के सभी सुरक्षित है

## गंगा पुल से युवक ने लगाई छलांग, मछुआरों ने बचाई जान

मीरजापुर। चुनार कोतवाली क्षेत्र के बालूघाट स्थित गंगा पुल से रविवार अपराह्न करीब चार बजे एक युवक ने अचानक गंगा नदी में छलांग लगा दी। घटना से पुल पर अफरा-तफरी मच गई। मौके पर मौजूद मछुआरों की सतर्कता से युवक की जान बच गई।

युवक की पहचान लवकुश विश्वकर्मा (20) पुत्र रामनरेश विश्वकर्मा निवासी बसंत पट्टी दादीपुर थाना रोहनिया, वाराणसी के रूप में हुई है। बताया गया कि वह साइकिल से गंगा पुल पर पहुंचा था। साइकिल खड़ी करने के बाद उसने अचानक नदी में छलांग लगा दी। पुल के नीचे गंगा में मछली पकड़ रहे नाविक गुड्डू साहनी और भरत साहनी ने युवक को डूबता देखा तो तत्काल नाव लेकर मौके पर पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद उसे सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इसके बाद रंजीत साहनी की मदद से युवक को चुनार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। अस्पताल में चिकित्सक डॉ. सभाजीत एवं वार्ड ब्वॉय मोहन लाल ने युवक का प्राथमिक उपचार किया। सूचना मिलने पर कस्बा चौकी प्रभारी अखिलेश यादव तथा उपनिरीक्षक रमेश कुमार मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी परिजन को दी। चिकित्सकों ने युवक की रीढ़ की हड्डी में चोट होने की आशंका जताते हुए उसे मंडलीय अस्पताल रेफर कर दिया। घटना को लेकर क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना रहा।

# पं. गणेश शंकर विद्यार्थी की प्रतिमा को लेकर विधायक अमिताभ बाजपेयी ने खून से लिखा संदेश

कानपुर। उत्तर प्रदेश के कानपुर में पं. गणेश शंकर विद्यार्थी की प्रतिमा अब तक स्थापित न किए जाने पर विधायक अमिताभ बाजपेयी ने अपने रक्त से ल्लमूर्ति कहां है और कब लगेगी ? लिखकर विरोध दर्ज कराया। उन्होंने कहा कि कानपुर के महापुरुष का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और जरूरत पड़ी तो बड़ा जनआंदोलन किया जाएगा। यह बातें रविवार को आर्यनगर से समाजवादी विधायक अमिताभ बाजपेई ने कही।

विधायक अमिताभ बाजपेयी आज माल रोड स्थित उस चबूतरे पर पहुंचे, जहां पं. गणेश शंकर विद्यार्थी की प्रतिमा स्थापित होनी है। वह अपने संकल्प के तहत नंगे पैर और बिना शर्ट के वहां पहुंचे और अपने रक्त से संदेश लिखकर विरोध जताया।



उन्होंने कहा कि प्रतिमा स्थापना के लिए पूरा चबूतरा और शेड तैयार है लेकिन अब तक प्रतिमा नहीं लगाई गई। विधायक ने कहा कि यह केवल प्रतिमा का मामला नहीं, बल्कि कानपुर की अस्मिता, स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास और शहर की पहचान का प्रश्न है। उन्होंने कहा कि पं. गणेश शंकर विद्यार्थी ने देश और समाज के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया था। उनकी प्रतिमा को महीनों तक उसके स्थान से दूर रखना पूरे शहर का अपमान है।

अमिताभ बाजपेयी ने बताया कि वह पहले भी जिलाधिकारी से मिल चुके हैं। एडीएम सिटी द्वारा मौके का निरीक्षण भी किया गया था लेकिन इसके बावजूद प्रतिमा की स्थापना नहीं कराई गई। उन्होंने कहा कि पूर्व में नरोना चौराहा और माल रोड पर धरना-प्रदर्शन कर मेट्रो प्रशासन को पत्र सौंपा गया था, जिसमें एक माह के भीतर प्रतिमा स्थापित करने का आश्वासन दिया गया था। अब तक केवल ढांचा तैयार हुआ है।

विधायक ने मांग की कि पं. गणेश शंकर विद्यार्थी की प्रतिमा तत्काल सम्मानपूर्वक स्थापित की जाए। पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई हो तथा माल रोड स्थित मेट्रो स्टेशन का नाम ल्लपं. गणेश शंकर विद्यार्थी स्टेशनङ्क रखा जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि जल्द कार्रवाई न होने पर जनता के सहयोग से बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

इस दौरान नीरज सिंह, हरी ओम पांडे, पार्षद रजत बाजपेयी, चंकी गुप्ता, विकास गुप्ता, चेतन पांडे, आशीष पांडे, संस्कार खरे, हर्ष नागवंशी, प्रथम और आकाश समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# स्व जनगणना में आम जनमानस को जागरुक कर रही आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां : सीडीपीओ

### सिंहपुर में आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को योजनाओं के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी । बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय सिंहपुर में क्षेत्र की आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की बैठक सीडीपीओ की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें समस्त कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं को स्व जनगणना कराया गया तथा विभागीय योजनाओं के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। बाल विकास परियोजना अधिकारी धर्मेन्द्र कुमार गौतम ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को सम्बोधित करते हुये कहा कि विभाग में अब नेफ़ेड द्वारा वितरित चने की दाल, रिफाइंड तेल एवं गेहूं दलिया के स्थान पर लाभार्थियों को सात प्रकार की नवीन एवं पौष्टिक रेसिपी उपलब्ध कराई जायेगी। उन्होंने कहा कि इन नई रेसिपियों का उद्देश्य बच्चों, गर्भवती एवं धात्री माताओं को अधिक संतुलित, स्वादिष्ट एवं पोषण युक्त आहार उपलब्ध कराना है जिससे कुपोषण में कमी लाने में सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना का सफल संचालन के लिये कोई भी पात्र लाभार्थी न छूटे अन्यथा की दशा में सम्बंधित की जिम्मेदारी तय की जायेगी।बाल विकास परियोजना अधिकारी श्री धर्मेंद्र गौतम ने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र लाभार्थी तक पहुंचाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने समस्त आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को निर्देशित किया कि स्व जनगणना अभियान में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करते हुये आमजन को भी पोर्टल के माध्यम से स्वयं जनगणना करने हेतु प्रेरित करें।उन्होंने कहा कि बच्चों, गर्भवती एवं धात्री माताओं के बेहतर स्वास्थ्य के लिए पौष्टिक आहार एवं नवीन पुष्टाहार रेसिपी का उपयोग अत्यंत आवश्यक है साथ ही प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों का समयबद्ध पंजीकरण एवं पोषण ट्रैकर पर शत-प्रतिशत फीडिंग सुनिश्चित की जाए, जिससे योजनाओं का लाभ पारदर्शी एवं प्रभावी रूप से लाभार्थियों तक पहुंच सके।इस अवसर पर प्रधान सहायक भानु दत्त शुक्ला, मुख्य सेविका ज्योति सिंह, शालिनी सिंह,अर्चना देवी, अर्चना भारती, वंदना, कमलेश सिंह, बीसी रंजीत कुमार एवं परियोजना सिंहपुर की समस्त आंगनवाड़ी कार्यकत्रियां मौजूद रही।

## चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता पर अभद्र टिप्पणी को लेकर नगर पालिका में आक्रोश, सभासदों ने की कठोर कार्रवाई की मांग

पूरनपुर।नगर पालिका परिषद अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता के खिलाफ सोशल टिप्पणी और कथित धमकी भरे शब्दों के प्रयोग का मामला तूल पकड़ता जा रहा है नगर पालिका परिषद के सभासदों एवं समर्थकों में इस घटना को लेकर भारी रोष व्याप्त है सभासदों ने इसे न केवल जनप्रतिनिधि का अपमान बताया, बल्कि सामाजिक सौहार्द और कानून व्यवस्था को प्रभावित करने वाला गंभीर मामला भी करार दिया है प्राप्त जानकारी के अनुसार सचिन महाजन पुत्र राजन महाजन द्वारा चेयरमैन शैलेन्द्र गुप्ता के विरुद्ध कथित रूप से अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया आरोप है कि टिप्पणी के दौरान उन्हें मिट्टी में मिला देने जैसी धमकी दी गई तथा जातिसूचक शब्दों का भी इस्तेमाल किया गया इस घटना के सामने आने के बाद नगर पालिका परिषद के कई सभासदों ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे लोकतांत्रिक मर्यादाओं के विरुद्ध बताया सभासदों का कहना है कि किसी निर्वाचित जनप्रतिनिधि के खिलाफ इस प्रकार की भाषा का प्रयोग निंदनीय है और यदि समय रहते कठोर कार्रवाई नहीं की गई तो इससे असामाजिक तत्वों के हौसले बढ़ेंगे उन्होंने कहा कि सार्वजनिक जीवन से जुड़े व्यक्तियों पर इस प्रकार की टिप्पणियां समाज में गलत संदेश देती हैं तथा कानून व्यवस्था पर भी सवाल खड़े करती हैं।नगर पालिका परिषद के कई सभासदों ने संयुक्त रूप से प्रशासन से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए उनका कहना है कि धमकी और जातिसूचक शब्दों का प्रयोग सामाजिक वैमनस्य फैलाने का कार्य करता है, जिसे किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता सभासदों ने प्रशासन से आग्रह करते हुए कहा कि मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी की गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए, ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति जनप्रतिनिधियों अथवा किसी भी नागरिक के खिलाफ इस प्रकार की अभद्र एवं आपत्तिजनक भाषा का प्रयोग करने का दुस्साहस न कर सके फिलहाल यह मामला नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है और लोग प्रशासन की आगामी कार्रवाई पर नजर बनाए हुए हैं।

## बाढ़ व कटाव से बचाव को लेकर सरकार सतर्क, मंत्री संजय सिंह गंगवार ने किया संवेदनशील क्षेत्रों का निरीक्षण

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। राज्यमंत्री गन्ना विकास एवं चीनी मिलें उधप्रध संजय सिंह गंगवार ने क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह के साथ संभावित बाढ़ की स्थिति को देखते हुए नौकुंड एवं बेरीखेड़ा गांव में नदी कटाव प्रभावित क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान मंत्री ने नदी के कटाव से गांवों को सुरक्षित रखने हेतु की जा रही व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए उन्होंने कटाव प्रभावित स्थलों का अवलोकन करते हुए संभावित खतरे वाले क्षेत्रों को चिन्हित कर समयबद्ध एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने पर जोर दिया राज्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीणों की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और बाढ़ व कटाव जैसी आपदाओं से बचाव हेतु सभी जरूरी इंतजाम समय रहते पूरे किए जाएंगे उन्होंने अधिकारियों को सतर्कता एवं समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश भी दिए इसके उपरांत मंत्री द्वारा ब्रह्मचारी घाट का निरीक्षण कर घाट क्षेत्र की स्थिति, नदी के जलस्तर तथा सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को घाट निर्माण एवं सौंदर्यकरण के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर, तहसीलदार सदर, नायब तहसीलदार,अधिशासी अधिकारी नगर पालिका पीलीभीत सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित रहे हैं।

## सिमरिया ता महाराजपुर को मिली खेलों की नई पहचान केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने किया नवनिर्मित मल्टीपर्पज हॉल का निरीक्षण

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील क्षेत्र के ग्राम सिमरिया ता महाराजपुर के खिलाड़ियों के लिए बड़ी सौगात के रूप में खेलो इंडिया योजना अंतर्गत निर्मित एवं युवा कल्याण एवं प्रादेशिक सेवा दल विभाग द्वारा संचालित नवनिर्मित मल्टीपर्पज हॉल अब क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को नई उड़ान देगा पीलीभीत के सांसद एवं भारत सरकार के केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने मल्टीपर्पज हॉल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया इस दौरान क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी एवं अधिकारीगण भी मौजूद रहे निरीक्षण के दौरान बताया गया कि इस अत्याधुनिक मल्टीपर्पज हॉल में क्षेत्र के खिलाड़ी निशुल्क अभ्यास कर सकेंगे आधुनिक खेल संसाधनों से सुसज्जित यह हॉल ग्रामीण प्रतिभाओं को बेहतर मंच प्रदान करेगा, जिससे युवा राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकेंगे केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए लगातार कार्य कर रही है खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है, ताकि गांवों से निकलने वाली प्रतिभाएं देश का नाम रोशन कर सकें क्षेत्रवासियों ने इसे खेल जगत के लिए ऐतिहासिक पहल बताते हुए कहा कि अब संसाधनों के अभाव में किसी खिलाड़ी का सपना अधूरा नहीं रहेगा डिजिटल इंडिया और फिट इंडिया अभियान के तहत यह पहल युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करेगी इस अवसर पर विधायक बाबूराम पासवान,विधान परिषद सदस्य सुधीर गुप्ता, क्षेत्रीय कार्यकारिणी सदस्य रजनीश पाण्डेय, जिला महामंत्री महादेव गाईन, जिला कार्यकारिणी सदस्य रितुराज पासवान, मनोज मिश्रा सहित कई गणमान्य लोग एवं अधिकारी उपस्थित रहे है।

## पूरनपुर की प्रतिभाओं का भव्य सम्मान:मेधावी छात्रों और डिजिटल क्रिएटर्स को मिला गौरवपूर्ण मंच

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। शैलेन्द्र गुप्ता के नेतृत्व में पूरनपुर नगर एक ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण पल का साक्षी बना, जब नगर की मेधावी छात्र-छात्राओं एवं उभरते हुए डिजिटल क्रिएटर्स के सम्मान में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षा, प्रतिभा और रचनात्मकता को बढ़ावा देना तथा नई पीढ़ी को प्रेरित करना रहा कार्यक्रम में नगर के विभिन्न प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों स्वामी एजुकेशनल कॉम्प्लेक्स, भसीन इंटरनेशनल स्कूल, सरस्वती विद्या मंदिर, सनातन धर्म इंटर कॉलेज, सेंट जोसेफ स्कूल, लकी चिल्ड्रेन स्कूल एवं टट्टटकसरस्वती विद्या मंदिर के हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित नगर पालिका अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता ने सभी प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि –

ल्लशिक्षा और रचनात्मकता ही नए और सशक्त पूरनपुर की असली पहचान हैं नगर की यह प्रतिभाएं आने वाले समय में पूरे देश में पूरनपुर का नाम रोशन करेंगी समारोह का एक विशेष आकर्षण नगर के उन युवा इंस्टाग्राम क्रिएटर्स का सम्मान रहा, जो सोशल मीडिया के माध्यम से अपनी प्रतिभा, रचनात्मकता और सकारात्मक संदेशों से पहचान बना रहे हैं सभी क्रिएटर्स को शील्ड देकर सम्मानित किया गया तथा उनके कार्यों की सराहना की गई इस गरिमामयी अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में सुधीर गुप्ता, बाबूराम पासवान एवं हर्ष गुप्ता उपस्थित रहे इसके अलावा नगर पालिका के सभासदगण, क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, छात्र-छात्राएं एवं उनके अभिभावकों की बड़ी संख्या ने कार्यक्रम में सहभागिता की मंच संचालन का दायित्व डॉ. सुगंध अग्रवाल ने अत्यंत प्रभावशाली एवं व्यवस्थित ढंग से निभाया, जिसकी उपस्थित लोगों ने सराहना की पूरा कार्यक्रम उत्साह, सम्मान और प्रेरणा से ओत-प्रोत रहा विद्यार्थियों के चेहरों पर सम्मान पाने की खुशी साफ दिखाई दी, वहीं अभिभावकों ने भी इस पहल को नगर के लिए अत्यंत सकारात्मक कदम बताया कार्यक्रम के अंत में सभी सफल छात्र-छात्राओं एवं डिजिटल क्रिएटर्स को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई यह समारोह न केवल प्रतिभाओं के सम्मान का मंच बना, बल्कि पूरनपुर में शिक्षा और रचनात्मकता को नई दिशा देने वाला प्रेरणादायी आयोजन भी सिद्ध हुआ है।

## रायबरेली जनपद का नवयुवक तमंचा के साथ गिरफ्तार

अमेठी । थाना फुरसतगंज पुलिस ने आपरेशन चक्रव्यूह अभियान के तहत एक तमंचा और एक जिंदा कारतूस के साथ एक गैर जनपद के युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध व अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे आपरेशन चक्रव्यूह अभियान के क्रम में रविवार को थाना फुरसतगंज पुलिस द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान वीरेन्द्र कुमार पाल पुत्र मंशाराम निवासी ग्राम मौहारी पुरवा मजरे बेतौरा थाना डीह जनपद रायबरेली उम्र पच्चीस वर्ष को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में युवक के कब्जे एक तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष नंद हौसिला यादव ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

## दो ट्रकों की आमने-सामने टक्कर में चालक की मौत

बिजनौर। उत्तर प्रदेश के जनपद बिजनौर में थाना शहर कोतवाली बिजनौर में बैराज रोड पर रविवार सवेरे दो ट्रकों की आमने-सामने टक्कर हुई टक्कर में चालक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक यह घटना मेरठ-पौड़ी हाईवे पर स्थित बैराज रोड पर हुई। मृतक चालक की पहचान फतेहपुर, जनपद बरेली निवासी रविंद्र पुत्र लालाराम के रूप में हुई है। रविंद्र जम्मू से माल लेकर कानपुर जा रहा था। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, चालक को नींद की झपकी आने के कारण यह हादसा होने की आशंका जताई जा रही है। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों ट्रकों के अगले हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए।

पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से ट्रक में फंसे चालक को बाहर निकाला। तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। दूसरा ट्रक चालक हादसे के बाद मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में जुट गई है। हादसे के कारण बैराज रोड पर कुछ समय के लिए यातायात बाधित रहा। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर यातायात को सुचारू कराया। पुलिस मामले की जांच कर रही है और फरार चालक की तलाश जारी है।

## आगरा एक्सप्रेस-वे पर खड़े ट्रक से भिड़ी बस, कई घायल

उन्नाव। उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले में बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर रविवार सुबह करीब छह बजे एक डबल डेकर बस की खड़े ट्रक से भिड़ंत हो गई। घटना किमी-237 की है। बस चंडीगढ़ से आजमगढ़ जा रही थी। पुलिस के अनुसार बस चालक को झपकी आने के कारण बस अनियंत्रित होकर ट्रक से जा भिड़ी। टक्कर से बस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

भिड़ंत के चलते बस में सवार कुल 23 यात्री घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली इंस्पेक्टर अखिलेश चंद्र पाण्डेय पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। सभी घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बांगरमऊ ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल सात लोगों को जिला अस्पताल उन्नाव रेफर कर दिया गया। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को घटनास्थल से हटाकर अपने कब्जे में ले लिया है। हादसे में सुरक्षित बचे यात्रियों को अन्य वाहनों से उनके गंतव्य के लिए रवाना कर दिया गया।

पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह ने बताया कि स्मार्ट बस होने के कारण कोई जनहानि नहीं हुई है। पुलिस तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई करेगी। घायलों में अमेठी के चंद्रमणि शुक्ला, आजमगढ़ के नारायण दत्त, सुल्तानपुर के देवेंद्र द्विवेदी, सीवान के श्रीपाल सिंह, लखनऊ की श्वेता पांडे, आजमगढ़ के श्रीकांत यादव और सौरभ त्रिपाठी, जौनपुर के सचिन सिंह, आजमगढ़ के संतोष, सुल्तानपुर के श्रद्धा पांडे, संजय पांडे और मुन्नी देवी, तथा गाजियाबाद के आयुष मिश्रा सहित कुल 23 लोग शामिल हैं।

# चेन्नई बनाम हैदराबाद: बल्लेबाजी में अच्छा प्रदर्शन करने वाली टीम के पास होगा मौका

एजेंसी




चेन्नई। अब तक अधिकतर मैचों में अपने बल्लेबाजों के दम पर जीत हासिल करने वाली चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और सनराइजर्स हैदराबाद की टीम सोमवार को यहां जब इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में आमने-सामने होगी तो बल्लेबाजी विभाग में अच्छा प्रदर्शन करने वाली टीम की जीत की संभावना अधिक रहेगी। प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए इन दोनों टीम के लिए यह मैच बेहद महत्वपूर्ण है। हैदराबाद हालांकि चेन्नई की तुलना में बेहतर स्थिति में है। उसके 12 मैच में 14 अंक है और अभी वह अंक तालिका में तीसरे स्थान पर है। चेन्नई की टीम के 12 मैच में 12 अंक हैं और वह छठे स्थान पर है। जैसे कि उसके बल्लेबाजी कोच माइकल हसी ने कहा था, उनके लिए अब बाकी बचे दोनों मैच फाइनल जैसे हो गए हैं। चेन्नई के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों ने अब तक जब भी अच्छा प्रदर्शन किया तब टीम को जीत मिली। ऐसे में उसकी संभावना बरकरार रखने के लिए संजू सैमसन, रुतुराज गायकवाड, उर्विल पटेल और कार्तिक शर्मा को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ पिछले मैच में इनमें से केवल कार्तिक ने ही अच्छा प्रदर्शन किया था। उनके अलावा शिवम दुबे ने अंतिम ओवरों में आक्रामक पारी खेली थी लेकिन उसके गेंदबाज 188 रन के लक्ष्य का बचाव नहीं कर पाए थे। तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज ने इससे पहले अपनी विकेट लेने की योग्यता का अच्छा नमूना पेश किया था लेकिन पिछले मैच में उन्होंने केवल 2.4 ओवर में 63 रन लुटा दिए थे। उनका इकोनोमी रेट 23.62 रहा जो टी20 क्रिकेट में कम से कम 15 गेंद करने वाले गेंदबाज का सबसे खराब प्रदर्शन है। उन्हें शीघ्र अपनी लय हासिल करनी होगी। जहां तक सनराइजर्स की बात है तो कभी उसकी बल्लेबाजी टूर्नामेंट में सबसे मजबूत नजर आती है लेकिन कभी वह फिसड्डी साबित हो जाती है जैसा कि पिछले मैच में हुआ। गुजरात टाइटंस के खिलाफ 169 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए उसकी पूरी टीम 86 रन पर आउट हो गई थी। सनराइजर्स को उस शर्मनाक प्रदर्शन को भुलाकर जल्द से जल्द अपने पुराने तेवर दिखाने होंगे। इसके लिए जरूरी है कि अभिषेक शर्मा, ट्रैविस हेड और इशान किशन अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखें। अब तक लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाले हेनरिक क्लासेन भी पिछले मैच में नहीं चल पाए थे।

# खुद पर दबाव बनाने से मैं खोखला इंसान बन गया था: एलन

एजेंसी

कोलकाता। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के बल्लेबाज फिन एलन ने कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के शुरू में उन्होंने खुद पर बहुत ज्यादा दबाव डाल दिया था जिससे वह 'खोखला' इंसान बन गए थे लेकिन अब वह अपने खेल का पूरा आनंद ले रहे हैं। एलन ने कोलकाता में खेले गए टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 33 गेंदों में नाबाद 100 रन की तूफानी पारी खेली थी। लेकिन इसके बाद आईपीएल में उनका बल्ला नहीं चला और उन्होंने पांच पारियों में केवल 81 रन बनाए। इसके बाद केकेआर ने उन्हें गुजरात टाइटन्स, राजस्थान रॉयल्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ तीन मैचों के लिए अंतिम एकादश में नहीं रखा। न्यूजीलैंड के इस बल्लेबाज ने शनिवार को गुजरात के खिलाफ 35 गेंद पर 93 रन की तूफानी पारी खेली और अपनी टीम की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। एलन ने मैच



के बाद संवाददाताओं से कहा, ''टूर्नामेंट की शुरुआत में मैं खुद पर अच्छा प्रदर्शन करने का बहुत ज्यादा दबाव डाल रहा था। उस दौरान मैं शायद थोड़ा खोखला इंसान बन गया था और यह सब मेरी अपनी गलती थी। उन्होंने कहा, ''मुझे क्रिकेट खेलना बहुत पसंद है। मुझे बल्लेबाजी करना बहुत पसंद है और तब मैं इसका उतना आनंद नहीं ले पा रहा था जितना मुझे लेना चाहिए था क्योंकि मैं खुद पर बहुत ज्यादा दबाव डाल रहा था। अंतिम एकादश में वापसी करने के बाद एलन ने चार पारियों में 240 रन बनाए हैं, जिसमें 47 गेंदों में नाबाद शतक भी शामिल है। उन्होंने कहा कि अंतिम एकादश से बाहर रहने के दौरान उन्हें स्पष्ट मानसिकता के साथ खेलने की प्रेरणा मिली। उन्होंने कहा, ''कुछ मैचों में नहीं खेलने से मुझे वाकई बहुत फायदा हुआ। इस दौरान मुझे काफी कुछ सीखने को मिला। अगर मैं तनावमुक्त हूं और अपने खेल का पूरा आनंद ले रहा हूं तो मैं गेंद पर अधिक ध्यान देता हूं और बेहतर स्थिति में होता हूं। एलन ने 21 वर्षीय अंगकृष रघुवंशी को 'स्टारबॉय' करार दिया जो 44 गेंदों में 82 रन बनाकर नाबाद रहे। उन्होंने कहा, '''स्टारबॉय। वह शानदार खिलाड़ी है। मुझे लगता है कि वह अपने खेल को और बेहतर बना रहा है। वह कुछ बेहतरीन शॉट खेल सकता है। वह अपने कौशल का अच्छा नमूना पेश कर रहा है। एक युवा खिलाड़ी इतनी निरंतरता दिखा रहा है और यह भारतीय क्रिकेट के लिए बहुत अच्छा है। इस जीत से केकेआर की प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीदें अभी भी जीवंत हैं। एलन ने कहा, '''मुझे लगता है कि एक टीम के रूप में हमने इस पूरे टूर्नामेंट में जो सबसे अच्छा काम किया है, वह है संयम बनाए रखना।

# 'आईपीएल के सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी' हैं नारायण : रायुडू

एजेंसी

कोलकाता। पूर्व भारतीय क्रिकेटर अंबाती रायुडू का मानना है कि सुनील नारायण उनके हिसाब से आईपीएल के सर्वकालिक सबसे बेहतरीन खिलाड़ी हैं। यह बयान तब आया जब नारायण ने गुजरात टाइटंस (जीटी) के ख़िलाफ़ अपने चार ओवरों में 29 रन देकर 2 विकेट लिए और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की आईपीएल 2026 में 29 रन की जीत में अहम भूमिका निभाई। उनके प्रदर्शन के बाद रायुडू की बात से असहमत होना मुश्किल था। नारायण साल दर साल केकेआर के लिए मैच जिताते आए हैं और ऐसा नहीं लगता कि उनका रुकने का कोई इरादा है। ईएसपीएन क्रिकइंफो के टाइमआउट शो में, नारायण को उनके 200वें आईपीएल मैच में प्लेयर ऑफ़ द मैच चुने जाने के बाद रायुडू ने कहा, गेंद से मैच विनर, बल्ले से भी मैच विनर। आईपीएल में कई महान खिलाड़ी आए हैं, लेकिन यह खिलाड़ी हमेशा सबसे अलग दिखता है। मेरे लिए यह सूची में सबसे ऊपर है। संजय बांगर, जो रायुडू के साथ बैठे थे, उतने भावुक नहीं दिखे, लेकिन उन्होंने भी नारायण को आईपीएल इतिहास के अपने टॉप पांच खिलाड़ियों में रखा और उन्हें लीग का लीजेंड बताया। बांगर ने कहा, इस लीग में कई महान खिलाड़ियों ने खेला है, लेकिन लंबा करियर भी मायने रखता है। उन्हें अपने गेंदबाज़ी ऐक्शन पर कई बार सवालों का सामना करना पड़ा, लेकिन उन्होंने उसी ओवरस्पिन के साथ सफलता हासिल करने का नया तरीका खोज लिया, जिसके लिए वे जाने जाते हैं। साथ ही, उन्होंने गेंद को दोनों तरफ़ टर्न कराने की क्षमता भी बरक़रार रखी। यही चीज़ बल्लेबाज़ों के मन में भारी संदेह पैदा करती है। मुझे लगता है कि यही खूबियां उन्हें लीग का लीजेंड बनाती हैं। नारायण आईपीएल में सबसे ज़्यादा विकेट लेने वालों की सूची में केवल युज़वेंद्र चहल (230 विकेट) और भुवनेश्वर कुमार (220 विकेट) से पीछे हैं। उनके नाम 205 विकेट दर्ज हैं। वह आईपीएल में सबसे ज़्यादा मैच खेलने वाले विदेशी खिलाड़ी भी हैं। 2012 से वह लगातार सिर्फ़ केकेआर के लिए खेल रहे हैं। उसी साल केकेआर ने पहली बार ऋख्र ख़िताब जीता था और नारायण ने 5.47 की इकॉनमी से 24 विकेट लिए थे। 2014 में केकेआर ने दूसरी बार ट्रॉफ़ी जीती तो नारायण फिर से केंद्र में रहे। उन्होंने 6.35 की इकॉनमी से 21 विकेट लिए। एक दशक बाद, 2024 में केकेआर ने तीसरी बार ख़िताब जीता और नारायण ने 6.69 की इकॉनमी से 17 विकेट हासिल किए। इस सीज़न में उनकी इकॉनमी 6.79 है। इन सभी सीज़नों में उनकी इकॉनमी कभी भी आठ रन प्रति ओवर से ऊपर नहीं गई। यही वजह थी कि शनिवार का 7.25 का स्पेल भी बांगर को सामान्य लगा।

# सात्विक-चिराग ने चार चैंपियनशिप प्वाइंट बचाए, थाईलैंड ओपन में उपविजेता रहे

एजेंसी

बैंकॉक। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार भारतीय जोड़ी ने रविवार को यहां खेले गए फाइनल में चार चैंपियनशिप प्वाइंट बचाए लेकिन आखिर में उन्हें थाईलैंड ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष युगल में उपविजेता बनकर संतोष करना पड़ा। विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज सात्विक और चिराग को इंडोनेशिया के लियो रॉली कार्नांडो और डेनियल मार्टिन से 53 मिनट तक चले मैच में 12-21 23-25 से हार का सामना करना पड़ा। सात्विक और चिराग ने यहां 2019 और 2024 में खिताब जीता था। वे पहले गेम में लय से बाहर दिखे लेकिन दूसरे गेम में दबाव में अपनी मानसिक दृढ़ता का परिचय देते हुए मैच को निर्णायक गेम तक ले जाने के करीब पहुंच गए थे। यह भारतीय जोड़ी पिछले साल चाइना मास्टर्स और हांगकांग ओपन में भी उपविजेता रही थी। यह सात्विक और




चिराग के खिलाफ इंडोनेशियाई जोड़ी की पहली जीत भी है। इससे पहले इन दोनों जोड़ियों के बीच खेले गए सभी चार मैच भारतीय जोड़ी ने जीते थे। चिराग को शुरुआत में अपनी सर्विस में संघर्ष करना पड़ा, जिससे भारतीय टीम 1-4 से पिछड़ गई और फिर स्कोर 7-9 हो गया। इसके बाद लियो और डेनियल ने चार अंकों की बढ़त बना ली। भारतीय खिलाड़ियों की गलतियों का फायदा उठाकर इंडोनेशिया की जोड़ी 17-12 से आगे हो गई। इसके बाद उसे आठ गेम प्वाइंट मिले। सात्विक ने एक रिटर्न को नेट में उलझा दिया जिससे लियो और डेनियल ने पहला गेम अपने नाम कर दिया। दूसरे गेम में जबरदस्त मुकाबला देखने को मिला। डेनियल के आक्रामक स्मैश से इंडोनेशियाई टीम 5-3 से आगे हो गई। एक शानदार सर्व की बदौलत भारतीय टीम 5-5 की बराबरी पर वापसी करने में कामयाब रही और इसके बाद उसने 7-5 से मैच में पहली बार बढ़त बना ली। इंडोनेशियाई टीम ने स्कोर 9-9 से बराबर कर लिया, लेकिन चिराग के एक शानदार शॉट और विरोधी खिलाड़ियों के एक गलत रिटर्न ने भारतीय जोड़ी को इंटरवल तक दो अंकों की बढ़त दिला दी। खेल दोबारा शुरू होने पर इंडोनेशियाई खिलाड़ियों ने स्कोर को फिर से 11-11 कर दिया। इसके बाद स्कोर 14-14 से 19-19 पर बराबरी पर था। इंडोनेशिया की टीम ने इसके बाद अपना पहला चैंपियनशिप प्वाइंट हासिल किया। सात्विक और चिराग ने इसे बचाकर स्कोर 20-20 कर दिया। भारतीय जोड़ी ने इसके बाद तीन और चैंपियनशिप प्वाइंट बचाए लेकिन लियो और डेनियल पांचवें चैंपियनशिप प्वाइंट पर खिताब जीतने में सफल रहे।

# एफपीआई ने मई में अबतक पूंजी बाजार से निकाले 23,545 करोड़ रुपये

एजेंसी




मुंबई। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफपीआई) ने घरेलू पूंजी बाजार में मई के महीने में अबतक 23,545 करोड़ रुपये की शुद्ध बिकवाली की है। यह लगातार तीसरा महीना है जब एफपीआई बिकवाल बने हुए हैं। इससे पहले मार्च में उन्होंने रिकॉर्ड 1,26,991 करोड़ रुपये और अप्रैल में 70,786 करोड़ की शुद्ध निकासी की थी। शुद्ध निकासी बाजार में लगायी गयी पूंजी और बाजार से निकाली गयी पूंजी का अंतर होता है। केंद्रीय डिपॉजिटरी सेवा से प्राप्त जानकारी के अनुसार, मई में इक्विटी में एफपीआई का निवेश 27,048 करोड़ रुपये कम हुआ। वहीं, अन्य उपकरणों में उन्होंने शुद्ध रूप से लिवाली की है। डेट में उन्होंने 2,429 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया है। इसमें सामान्य सीमा के तहत एफपीआई ने अपना निवेश कम किया है जबकि स्वैच्छिक रिटेंशन रूट (वीआरआर) और पूर्ण पहुंच रूट (एफएआर) के तहत उन्होंने निवेश बढ़ाया है। हाइब्रिड उपकरणों में एफपीआई का शुद्ध निवेश 931 करोड़ रुपये रहा। म्यूचुअल फंड में एफपीआई का निवेश 143 करोड़ रुपये रहा। इसमें इक्विटी आधारित म्यूचुअल फंड में उन्होंने 134 करोड़ रुपये का निवेश किया। मौजूदा कैलेंडर वर्ष में अबतक एफपीआई ने भारतीय पूंजी बाजार से 2,12,546 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की है। फरवरी को छोड़कर बाकी सभी महीनों में उनका निवेश घटा है।

# वीडियोकॉन समूह की दो कंपनियों के लिए अलग-अलग चलेगी दिवाला प्रक्रिया : एनसीएलएटी

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) ने वीडियोकॉन समूह की दो कंपनियों वीडियोकॉन इंडस्ट्रीज लि. और वीडियोकॉन ऑयल वेंचर्स लि. की दिवाला समाधान प्रक्रिया अलग-अलग चलाने के फैसले को बरकरार रखा है। इसके साथ ही एनसीएलएटी ने राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) के उस आदेश को रद्द कर दिया है, जिसमें दोनों मामलों को एक साथ जोड़ने का निर्देश दिया गया था। एनसीएलएटी ने अपने अंतिम आदेश में कहा कि दोनों कंपनियों के ऋणदाताओं का मानना है कि कॉरपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया (सीआईआरपी) स्वतंत्र रूप से संचालित की जाए, क्योंकि दोनों कंपनियों के कारोबार की प्रकृति अलग है और उनके पुनरुद्धार के लिए अलग-अलग विशेषज्ञता की आवश्यकता है। न्यायमूर्ति योगेश खन्ना और अजय दास मेहरोत्रा की पीठ ने कहा कि वीडियोकॉन इंडस्ट्रीज उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में कार्यरत है, जबकि वीडियोकॉन ऑयल वेंचर्स तेल एवं गैस कारोबार से जुड़ी कंपनी है। ऐसे में किसी एक इकाई के लिए दोनों प्रकार के कारोबार को प्रभावी ढंग से खड़ा करना व्यावहारिक नहीं होगा। पीठ ने अपने 14 मई, 2026 को पारित 40 पृष्ठ के आदेश में कहा, ्लएक ही इकाई के पास इतने विविध प्रकार के कारोबार को फिर खड़ा करने की विशेषज्ञता नहीं हो सकती। न्यायाधिकरण ने कहा कि दिवाला एवं ऋणशोधन अक्षमता संहिता (आईबीसी) का उद्देश्य केवल ऋणदाताओं के बकाये का समाधान करना नहीं, बल्कि संबंधित कंपनी को चालू स्थिति में बनाए रखना भी है। इसलिए कर्जदाताओं की समिति (सीओसी) ने अपने व्यावसायिक विवेक का उपयोग करते हुए दोनों कंपनियों के लिए अलग-अलग सीआईआरपी चलाने का निर्णय लिया था और इस निर्णय में हस्तक्षेप नहीं किया जाना चाहिए। आदेश में कहा गया कि अलग-अलग प्रक्रिया से ऐसे खरीदारों को मौका मिलेगा जिनके पास संबंधित कारोबार का अनुभव और विशेषज्ञता हो तथा वे परिसंपत्तियों का बेहतर प्रबंधन करते हुए कारोबार को फिर खड़ा कर सकेंगे। इस मामले में भारत पेट्रोलियम की अनुषंगी कंपनी बीपीआरएल ने 'पहले इनकार के अधिकार' (आरओएफआर) का उपयोग करते हुए वीडियोकॉन ऑयल वेंचर्स का अधिग्रहण किया था। इस अधिग्रहण को जून, 2024 में एनसीएलटी की मंजूरी मिल चुकी है, जबकि वीडियोकॉन इंडस्ट्रीज की सीआईआरपी अब भी लंबित है। इससे पहले एनसीएलटी ने 12 फरवरी, 2020 को वीडियोकॉन समूह के प्रवर्तक वेणुगोपाल धूत की याचिका स्वीकार करते हुए वीडियोकॉन ऑयल वेंचर्स, वीडियोकॉन हाइड्रोकार्बन होल्डिंग्स, वीडियोकॉन एनर्जी ब्राजील और वीडियोकॉन इंडोनेशिया नंकन इंक की परिसंपत्तियों को वीडियोकॉन इंडस्ट्रीज की परिसंपत्ति मानने का निर्देश दिया था।

# बलरामपुर चीनी का अपने जैव-प्लास्टिक संयंत्र से 2,000 करोड़ रुपये के राजस्व का लक्ष्य

एजेंसी

नयी दिल्ली। चीनी कंपनी बलरामपुर चीनी मिल्स को उत्तर प्रदेश में लगाए जा रहे अपने नए जैव-प्लास्टिक संयंत्र से सालाना करीब 2,000 करोड़ रुपये के राजस्व की उम्मीद है। कंपनी की एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस संयंत्र के चालू वित्त वर्ष की तीसरी यानी अक्टूबर- दिसंबर तिमाही में शुरू होने की संभावना है। कंपनी 3,000 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश से 80,000 टन सालाना क्षमता का पॉली लैक्टिक एसिड (पीएलए) संयंत्र स्थापित कर रही है। यह संयंत्र बायोडिग्रेडेबल प्लास्टिक के उत्पादन पर केंद्रित होगा। बायोडिग्रेडेबल से आशय मिट्टी आदि में आसानी से सड़ने, गलने वाले सामान से है। कंपनी की कार्यकारी निदेशक अवंतिका सरावगी ने पीटीआई-भाषा के साथ साक्षात्कार में कहा कि संयंत्र चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में संचालन शुरू कर देगा। उन्होंने कहा कि पूर्ण क्षमता पर यह संयंत्र करीब 2,000 करोड़ रुपये का वार्षिक राजस्व उत्पन्न कर सकता है। पिछले वित्त वर्ष में कंपनी का कुल राजस्व लगभग 6,300 करोड़ रुपये रहा था। नए पीएलए संयंत्र का पूरा वित्तीय प्रभाव 2027-28 में दिखाई देगा। सरावगी ने बताया कि परियोजना स्थल पर निर्माण कार्य तेज गति से चल रहा है। कंपनी फिलहाल आयातित पीएलए के जरिये उत्पाद विकास और बाजार विश्लेषण भी कर रही है। उन्होंने कहा कि बायोडिग्रेडेबल प्लास्टिक की बढ़ती मांग को देखते हुए संयंत्र के शुरू होते ही पूरी क्षमता पर संचालन का भरोसा है। फरवरी में कंपनी को लखनऊ छावनी बोर्ड से पहला संस्थागत ऑर्डर मिला था, जिसके तहत कंपनी को हरित बायोप्लास्टिक उत्पादों की आपूर्ति करनी है। पीएलए बायोप्लास्टिक गन्ना, मक्का स्टार्च और अन्य पौधों आधारित कच्चे माल से तैयार किया जाता है।

# वैश्विक कारकों से मिलेगी शेयर बाजार को दिशा

एजेंसी

मुंबई। घरेलू शेयर बाजारों में बीते सप्ताह रही गिरावट के बाद आने वाले सप्ताह में निवेशकों की नजर वैश्विक कारकों पर रहेगी। वैश्विक स्तर पर अमेरिका और ईरान के बीच शांति वार्ता फिलहाल दोबारा शुरू होती नहीं दिख रही है। इससे दुनिया भर में शेयर बाजार दबाव में हैं। विशेषकर होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर समाधान नहीं निकलने से वैश्विक व्यापार प्रभावित हो रहा है। निवेशकों के लिए यह एक बड़ा कारक है। अगले सप्ताह सेंसेक्स की कंपनियों आईटीसी और एनटीपीसी के अलावा तेल एवं गैस सेक्टर की चार बड़ी कंपनियों इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन, इंद्रप्रस्थ गैस और गेल के तिमाही और वार्षिक परिणाम आने वाले हैं। इन आंकड़ों से पता चलेगा कि पश्चिम एशिया संकट के पहले एक महीने में इन कंपनियों पर कितना प्रभाव पड़ा। पिछले सप्ताह बीएसई का सेंसेक्स 2,090.2 अंक (2.70 प्रतिशत) लुढ़ककर 75,237.99 अंक पर आ गया। सोमवार और मंगलवार को बाजार में बड़ी गिरावट देखी गयी जबकि बुधवार और गुरुवार को लिवाली का जोर रहा। शुक्रवार को सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिवस पर एक बार फिर बिकवाली हावी रही। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक 532.65 अंक यानी 2.20 प्रतिशत की साप्ताहिक गिरावट के साथ सप्ताहांत पर 23,643.50 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी मिडकैप-50

**शेयर समीक्षा**



सूचकांक में 2.01 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक में 4.56 प्रतिशत की गिरावट रही। सेंसेक्स की कंपनियों में बीते सप्ताह टाइटन का शेयर 7.64 प्रतिशत लुढ़क गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज में 6.92 प्रतिशत, महिंद्रा एंड महिंद्रा में 6.21, इटरनल में 5.97, भारतीय स्टेट बैंक में 5.55, एचसीएल टेक्नोलॉजीज में 5.50, टीसीएस में 5.47 और इंफोसिस में 5.16 प्रतिशत की गिरावट रही। बजाज फिनसर्व का शेयर 4.90 प्रतिशत, बजाज फाइनेंस का 4.69, इंडिगो का 4.64, अल्ट्राटेक सीमेंट का 3.84, बीईएल का 3.65 प्रतिशत, मारुति सुजुकी का 3.64, ट्रेंट का 3.36 और पावर ग्रिड का 2.56 प्रतिशत उतर गया। एक्सिस बैंक का शेयर 1.93 फीसदी, एनटीपीसी का 1.80, एचडीएफसी बैंक का 1.72, एलएंडटी का 1.66, आईसीआईसीआई बैंक का 1.59 और हिंदुस्तान यूनीलिवर का 0.74 प्रतिशत की साप्ताहिक गिरावट में रहा। अच्छे तिमाही परिणाम के कारण भारती एयरटेल का शेयर सप्ताह के दौरान 3.80 प्रतिशत उछल गया। अडानी पोर्ट्स में 2.01, सन फार्मा में 1.77, कोटक महिंद्रा बैंक में 1.72, टाटा स्टील में 1.10 और आईटीसी में 0.68 प्रतिशत की तेजी रही।

# सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से नौ कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 3.12 लाख करोड़ रुपये घटा

एजेंसी

नयी दिल्ली। पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव, कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल और रुपये में कमजोरी के कारण बीते सप्ताह स्थानीय शेयर बाजार में भारी बिकवाली देखने को मिली। इसके चलते देश की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से नौ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से 3.12 लाख करोड़ रुपये की गिरावट दर्ज की गई। सबसे ज्यादा नुकसान रिलायंस इंडस्ट्रीज को हुआ। सप्ताह के दौरान बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 2,090.2 अंक यानी 2.7 प्रतिशत टूट गया, जबकि निफ्टी में 532.65 अंक यानी 2.2 प्रतिशत की गिरावट आई। शीर्ष 10 कंपनियों में केवल भारती एयरटेल का बाजार पूंजीकरण बढ़ा, जबकि अन्य के मूल्यांकन में गिरावट आई। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 1,34,445.77 करोड़ रुपये घटकर 18,08,420.81 करोड़ रह गया। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का मूल्यांकन 52,245.3 करोड़ रुपये घटकर 8,88,862.32 करोड़ रुपये पर आ गया। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) की बाजार हैसियत 47,415.04 करोड़ रुपये घटकर 8,19,062.65 करोड़ रुपये रह गई। बजाज फाइनेंस का मूल्यांकन 27,892.28 करोड़ रुपये घटकर 5,66,717.74 करोड़ रुपये पर आ गया। एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 20,630.01 करोड़ रुपये घटकर 11,82,069.25 करोड़ रुपये रहा। आईसीआईसीआई बैंक की बाजार हैसियत 14,290 करोड़ रुपये घटकर 8,92,385.39 करोड़ रुपये रह गई। लार्सन एंड टुब्रो का मूल्यांकन 9,078.87 करोड़ रुपये घटकर 5,37,542.34 करोड़ रुपये पर आ गया। हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार पूंजीकरण 3,970.8 करोड़ रुपये घटकर 5,33,592.18 करोड़ रुपये रह गया। भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) का बाजार मूल्यांकन?2,182.12 करोड़ रुपये घटकर 5,05,367.32 करोड़ रुपये रहा। इस रुख के उलट भारती एयरटेल का बाजार पूंजीकरण 42,470.13 करोड़ रुपये बढ़कर 11,60,525.16 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। इसके बाद क्रमशः एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, बजाज फाइनेंस, लार्सन एंड टुब्रो, हिंदुस्तान यूनिलीवर और एलआईसी का स्थान रहा।

# टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में भी गुजरात देश का नेतृत्व करेगा : शाह

एजेंसी

अहमदाबाद। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रविवार को अहमदाबाद में 'मिलियन माइंड्स टेक पार्क' तथा 'गणेश रियल एस्टेट मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट' का लोकार्पण करते हुए कहा कि जिस प्रकार गुजरात ने आजादी के समय से देश को दिशा दी है, उसी प्रकार अब तकनीक और नवाचार के क्षेत्र में भी गुजरात पूरे देश का नेतृत्व करेगा।

अमित शाह ने कहा कि गुजरातियों के स्वभाव में विकास और प्रगति रची-बसी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में गुजरात अब केवल उत्पादन आधारित राज्य नहीं रहेगा, बल्कि सेवा, ज्ञान और आधुनिक तकनीक आधारित अर्थव्यवस्था का वैश्विक केंद्र बनेगा। उन्होंने कहा कि आज लोकार्पित किए गए दोनों प्रकल्प राज्य के




युवाओं को नए अवसर प्रदान करेंगे और गुजरात को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि यह तकनीकी नगर अहमदाबाद-गांधीनगर उच्च विकास पट्टी में लगभग 65 एकड़ क्षेत्र में विकसित किया जा रहा है, जहां उच्च स्तरीय कार्यालय, आवासीय सुविधाएं, व्यापारिक परिसर तथा आतिथ्य सेवाओं से जुड़ी व्यवस्थाएं विकसित की जाएंगी। इस परियोजना के माध्यम से 70 हजार से अधिक युवाओं को उच्च कौशल आधारित रोजगार मिलने की संभावना है। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता, यंत्रमानव तकनीक, अर्धचालक निर्माण तथा आधुनिक अनुसंधान जैसे क्षेत्रों में गुजरात तेजी से आगे बढ़ रहा है। यह परियोजना राज्य में नई तकनीक, अनुसंधान और नवाचार को मजबूत आधार प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में गुजरात सेवा क्षेत्र में देश के अग्रणी राज्यों में शामिल होगा। उन्होंने 'गणेश रियल एस्टेट मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट' को आधुनिक शहरी विकास और निर्माण क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि यहां नई तकनीक आधारित शिक्षा और वैश्विक मानकों के अनुरूप प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे कुशल मानव संसाधन तैयार होंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने कहा कि गुजरात अब ज्ञान, नवाचार और तकनीक आधारित विकास की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। वहीं राज्य मंत्री हर्ष संघवी ने कहा कि आने वाला समय गुजरात का है और राज्य वैश्विक निवेश तथा आधुनिक उद्योगों का प्रमुख केंद्र बनने जा रहा है। कार्यक्रम में अनेक उद्योगपति, निवेशक और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# सुप्रीम कोर्ट में न्यायाधीशों की संख्या बढ़ाने के लिए अध्यादेश जारी

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उच्चतम न्यायालय में मुख्य न्यायाधीश सहित न्यायाधीशों की संख्या 34 से बढ़ाकर 38 करने संबंधी अध्यादेश जारी कर दिया है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इस बारे में विधि एवं न्याय मंत्रालय के प्रस्ताव को पहले ही स्वीकृति प्रदान कर दी थी और इसके लिए उच्चतम न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या तय करने वाले कानून में संशोधन करने का निर्णय किया गया।

राष्ट्रपति को संविधान के अनुच्छेद 123 के तहत संसद के सत्रावसान की अवधि में अध्यादेश जारी करने का अधिकार है। सत्र शुरू होने पर अध्यादेश के स्थान पर सरकार को विधेयक लाना पड़ता है। फिलहाल अध्यादेश ही कानून के रूप में काम करेगा और अब चार और न्यायाधीशों की नियुक्ति की जा सकती है। अध्यादेश को गजट में 16 मई को अधिसूचित कर दिया गया है।



विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने अध्यादेश की जानकारी रविवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए दी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति ने ''उच्चतम न्यायालय (न्यायाधीशों की संख्या) संशोधन अध्यादेश, 2026'' जारी करने की मंजूरी प्रदान कर दी है। इससे उच्चतम न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या 33 से बढ़ाकर 37 (मुख्य न्यायाधीश को छोड़कर) हो जायेगी। इस अध्यादेश के जरिए ''उच्चतम न्यायालय (न्यायाधीशों की संख्या) अधिनियम, 1956'' में संशोधन किया गया है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने गत पांच मई को उच्चतम न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। प्रस्ताव में कहा गया था कि इसके लिए उच्चतम न्यायालय (न्यायाधीशों की संख्या) अधिनियम, 1956 में संशोधन किया जायेगा। इससे उच्चतम न्यायालय में में न्यायाधीशों की संख्या वर्तमान में 33 से बढ़कर 37 (मुख्य न्यायाधीश को छोड़कर) हो जायेगी। कानून के विशेषज्ञों ने इस निर्णय का स्वागत किया है और कहा है कि न्यायाधीशों की संख्या बढ़ने से लंबित मामलों को और तेजी से निपटाने में मदद मिलेगी।

उल्लेखनीय है कि 31 मार्च 2025 को उच्चतम न्यायालय में 81,394 लंबित मामले थे। उच्चतम न्यायालय के 1950 में गठन के समय मुख्य न्यायाधीश सहित केवल आठ न्यायाधीश थे।

# ग्रेट निकोबार परियोजना पर कांग्रेस ने जताई चिंता

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने ग्रेट निकोबार परियोजना के मौजूदा स्वरूप पर राष्ट्रीय सुरक्षा के दृष्टिकोण से पुनर्विचार की आवश्यकता जताते हुए कहा है कि इससे पर्यावरणीय नुकसान तथा आदिवासी अधिकारों के उल्लंघन की आशंका है। पार्टी का कहना है कि वह लगातार इस संबंध में सरकार को अवगत करा रही है, लेकिन उसकी चिंताओं पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने रविवार को बताया कि उन्होंने केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव और जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओराम को पत्र लिखने के बाद अब रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को पत्र भेजा है। उन्होंने कहा कि सरकार एक व्यावसायिक परियोजना को सुरक्षा जरूरतों के आधार पर उचित ठहराने की कोशिश कर रही है, जबकि इसके पर्यावरणीय प्रभावों तथा आदिवासी हितों पर पड़ने वाले असर को लेकर लगातार आलोचना हो रही है। श्री रमेश ने कहा कि देश की रक्षा क्षमता मजबूत करने पर कोई मतभेद नहीं है, लेकिन ग्रेट निकोबार के कैंपबेल बे स्थित आईएनएस बाज के रनवे विस्तार और नौसैनिक जेट्टी जैसी योजनाएं कम पर्यावरणीय नुकसान के साथ बेहतर विकल्प हो सकती हैं। उन्होंने आईएनएस कार्दीप, आईएनएस कोहासा, आईएनएस उत्क्रोश, आईएनएस जरावा और कार निकोबार वायुसेना स्टेशन जैसी मौजूदा सैन्य परिसंपत्तियों के विस्तार का भी सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि परियोजना में प्रस्तावित ट्रांसशिपमेंट पोर्ट और टाउनशिप से सैन्य क्षमता नहीं बढ़ती, फिर भी इन्हें सुरक्षा कारणों से उचित ठहराया जा रहा है।

# बेंगलुरु-मुंबई वंदे भारत स्लीपर सेवा जल्द होगी शुरू: वैष्णव

एजेंसी

नयी दिल्ली। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि बेंगलुरु-मुंबई वंदे भारत स्लीपर सेवा जल्द शुरू होगी। उन्होंने रविवार को वर्चुअल तरीके से बेंगलुरु और मुंबई के बीच चलने वाली एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

श्री वैष्णव ने ट्रेन संख्या 16553/54 सर मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया टर्मिनल (एसएमवीटी) बेंगलुरु ऽ लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाने के बाद इसे कर्नाटक और महाराष्ट्र के बीच रेलवे सम्पर्क को मज़बूत करने की दिशा में बड़ा कदम बताया। उन्होंने कहा कि दक्षिण और उत्तरी कर्नाटक की लंबे समय से लंबित मांगें अब पूरी की जा रही हैं। इस कड़ी में बेंगलुरु और मुंबई के बीच वंदे भारत स्लीपर सेवा जल्द ही शुरू की जाएगी।

इस दौरान उन्होंने बुनियादी ढांचे के विकास पर ज़ोर देते हुए बताया कि हाल के वर्षों में रेलवे के लिए मिलने वाली राशि में काफ़ी बढ़ोतरी हुई है, जिससे पूरे कर्नाटक में परियोजनाओं को तेज़ी से पूरा किया जा रहा है। 'अमृत भारत स्टेशन योजना' के तहत राज्य के 61 स्टेशनों का 2,160 करोड़ रुपये की लागत से पुनर्विकास किया जा रहा है, जिनमें से नौ स्टेशन पहले ही पूरे हो चुके हैं। बेंगलुरु कैंटोनमेंट स्टेशन का 485 करोड़ रुपये की लागत से और यशवंतपुर स्टेशन का 367 करोड़ रुपये की लागत से पुनर्विकास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि साल 2014 से अब तक कर्नाटक में लगभग 1,750 किलोमीटर नयी रेल लाइनें बिछाई गयी हैं। इसके अलावा, हासन-मंगलुरु सेक्शन में बिजलीकरण का मुश्किल काम पूरा हो चुका है और अभी परीक्षण का काम चल रहा है।

रेल मंत्री ने बेंगलुरु उपनगरीय रेल परियोजना के बारे में बताया कि चारों गलियारों पर काम तेज़ी से चल रहा है। बैयप्पनहल्ली-चिक्काबनावारा और



हीलालगे-राजनुकुंटे कॉरिडोर के लिए ज़मीन अधिग्रहण का काम पूरा हो चुका है और अभी स्टेशनों पर निर्माण कार्य चल रहा है। केएसआर बेंगलुरु-देवनाहल्ली मार्ग को राज्य सरकार और रेलवे ने मिलकर मंज़ूरी दे दी है और इसका जियोटेक्निकल सर्वे भी पूरा हो चुका है। केंगेरी-व्हाइटफ़ील्ड मार्ग को हाल ही में मंज़ूरी मिली है और जल्द ही इसका सर्वे का काम शुरू हो जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि यह उपनगरीय रेल नेटवर्क हवाई अड्डे, इलेक्ट्रॉनिक सिटी, मराठाहल्ली और हेब्बल जैसे प्रमुख केंद्रों को आपस में जोड़ेगा।

उन्होंने बताया कि कर्नाटक में अभी वंदे भारत ट्रेन की 12 जोड़ी ट्रेनें चल रही हैं। बेंगलुरु-मंगलुरु मार्ग पर अभी परीक्षण का काम चल रहा है, जिससे जल्द ही माडगांव तक तटीय सम्पर्क बेहतर हो जाएगा।

श्री वैष्णव ने बताया कि बेंगलुरु को हैदराबाद और चेन्नई से जोड़ने वाले बुलेट ट्रेन गलियारे को भी मंज़ूरी दे दी गयी है। मुंबई, बेंगलुरु और अन्य बड़े शहरों को जोड़ने के लंबे समय के विज़न के साथ इस नेटवर्क के 7,000 किमी तक फैलने की उम्मीद है। इस मौके पर रेलवे राज्य मंत्री वी. सोमन्ना ने श्री वैष्णव के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि इससे सबसे व्यस्त रूटों में से एक पर यात्रियों को बहुत फ़ायदा होगा और कर्नाटक के विकास को भी और बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने बताया कि कर्नाटक में अभी 12 जोड़ी वंदे भारत ट्रेनें चल रही हैं, जो 14 ज़िलों को कवर करती हैं। उन्होंने कहा कि थानिसंद्रा में 270 करोड़ रुपये की लागत से एक वंदे भारत स्लीपर मरम्त डिपो बनाया जाएगा। साथ ही एसएमवीटी बेंगलुरु में 52.73 करोड़ रुपये की लागत से एक चेयर कार मरम्मत केंद्र बनाया जाएगा। क्षमता बढ़ाने के लिए बैयप्पनहल्ली-होसुर (1,116 करोड़ रुपये), बेट्टाहलसूरु-राजनुकुंटे (248 करोड़ रुपये), और बेंगलुरु के आस-पास चार-लाइन बिछाने का काम (1,347 करोड़ रुपये) किया जा रहा है।

श्री सोमन्ना ने बताया कि यशवंतपुर, केएसआर बेंगलुरु, लोट्टेगोल्लाहल्ली, बैयप्पनहल्ली, पेनुकोंडा, मैसूरु और जोलारपेट्टई जैसे मुख्य हिस्सों में कुल 6,396 करोड़ रुपये की लागत से स्वचालित सिग्नलिंग का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कर्नाटक को रेलवे बजट में रिकॉर्ड 7748 करोड़ रुपये का आवंटन मिला है। राज्य में वर्ष 2014 से अब तक, लगभग 3,840 किमी रेलवे लाइनें बनाई गई हैं और 3,742 किमी का विद्युतीकरण किया गया है, जिससे राज्य 100 प्रतिशत विद्युतीकरण के करीब पहुँच गया है।

# गुरदासपुर ग्रेनेड कांड के तीन आरोपी गिरफ्तार, एक और हैंड ग्रेनेड बरामद

एजेंसी

गुरदासपुर। पंजाब पुलिस ने गुरदासपुर ग्रेनेड फेंकने के मामले को सुलझाने का दावा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक और हैंड ग्रेनेड भी बरामद किया है।

पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने रविवार को बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अमरजीत सिंह उर्फ बिल्ला निवासी गणेश नगर, रामा मंडी जालंधर, करणजीत सिंह उर्फ करण निवासी तरापुर अमृतसर और सतनाम सिंह निवासी गांव बोपराय अमृतसर के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक, पिछले 27 अप्रैल को गुरदासपुर के गीता भवन रोड स्थित एक दुकान के पास एक जिंदा हैंड ग्रेनेड मिला था। बम निरोधक दस्ते ने सफलतापूर्वक उसे निष्क्रिय कर सुरक्षित कब्जे में लिया था। मामले की गहन जांच के बाद पुलिस ने उन आरोपियों की पहचान कर ली, जिन्होंने दुकान के पास ग्रेनेड फेंका था। जांच के दौरान आरोपी अमरजीत सिंह उर्फ बिल्ला के घर से एक और हैंड ग्रेनेड बरामद किया गया। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी विदेश में बैठे एक हैंडलर के निर्देश पर काम कर रहे थे और उन्हें उसी हैंडलर से दो हैंड ग्रेनेड मिले थे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य ने बताया कि घटना के तुरंत बाद कई पुलिस टीमें गठित की गई थीं। सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी विश्लेषण और खुफिया जानकारी की मदद से यह पता चला कि पल्सर मोटरसाइकिल पर सवार दो युवकों ने अशोका चिप्स के पास ग्रेनेड फेंका था।

# मोदी ने नीदरलैंड में अफस्लुइटडिज्क बांध का दौरा किया

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नीदरलैंड के प्रधानमंत्री महामहिम रॉब जेटेन के साथ नीदरलैंड के प्रतिष्ठित अफस्लुइटडिज्क बांध का रविवार को भ्रमण किया जो जल प्रबंधन क्षेत्र में दुनिया की एक प्रसिद्ध अवसंरचाना है।

श्री मोदी का इस परियोजना को देखने जाना नवोन्मेषी जल प्रबंधन समाधान, जलवायु सहनशीलता तथा सतत अवसंरचना के प्रति दोनों देशों की साझा प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। विशाल 32 किलोमीटर लंबा अफस्लुइटडिज्क बांध और उससे बना पुल बाढ़ नियंत्रण और भूमि सुधार के क्षेत्र में एक उदाहरण है। यह बांध नीदरलैंड के समुद्र तल से नीचे के एक बड़े हिस्से को उत्तरी सागर से बचाता है और साथ ही यह मीठे पानी के भंडारण की सुविधा भी प्रदान करता है।



इस बांध के भ्रमण से अफस्लुइटडिज्क और गुजरात राज्य में महत्वाकांक्षी कल्पसर परियोजना के बीच समानताओं की ओर ध्यान गया है। कल्पसर परियोजना का उद्देश्य खंभात की खाड़ी में एक मीठे पानी का जलाशय बनाना है, जो ज्वारीय बिजली उत्पादन, सिंचाई और परिवहन क्षेत्र से जुड़े बुनियादी ढांचों के बीच समन्वय करने वाली परियोजना है।

दोनों पक्षों ने कल्पसर परियोजना पर तकनीकी सहयोग के लिए भारत के जल शक्ति मंत्रालय और नीदरलैंड के बुनियादी ढांचा और जल प्रबंधन मंत्रालय के बीच आशय पत्र पर हस्ताक्षर करने का स्वागत किया है।

दोनों प्रधानमंत्री इस बात पर सहमत थे कि जल अभियांत्रिकी में नीदरलैंड की विशेषज्ञता और भारत की व्यापक कार्यान्वयन क्षमता दोनों देशों के लिए परस्पर लाभकारी साझेदारियों का महत्वपूर्ण अवसर प्रस्तुत करते हैं। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि मोदी की नीदरलैंड के बांध क्षेत्र की यह यात्रा जल क्षेत्र में भारत-नीदरलैंड सामरिक साझेदारी की पुनर्पुष्टि करती है तथा नवाचार और सतत विकास के प्रति दोनों देशों की साझा प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।

## पेज एक का शेष

### भाजपा के लिए...

विरोध करने कश्मीर गए। कश्मीर में उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया और विश्वासघात कर जेल में उनकी हत्या करवा दी गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि 6 अप्रैल 1980 को भारतीय जनता पार्टी का गठन अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में होता है। गठन के उपरांत 1985 के संसदीय चुनाव में भाजपा के मात्र दो सांसद जीते थे। आज देश ही नहीं दुनिया के सबसे बड़े राजनीतिक दल के रूप में भाजपा का उदय दुनिया के अंदर कहीं और नहीं देखने को मिला है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारतीय जनसंघ और भारतीय जनता पार्टी के संस्थापकों ने स्थापना काल में जो कुछ सोचा था, पिछले 11 वर्ष के अंदर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में वह सब कुछ साकार हुआ है। जिला प्रशिक्षण वर्ग के उद्घाटन सत्र में मुख्यमंत्री का स्वागत भाजपा के जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी ने किया। आभार ज्ञापन वर्ग के सर्व व्यवस्था प्रमुख एवं सहजनवा के विधायक प्रदीप शुक्ल और संचालन प्रशिक्षण वर्ग संयोजक एवं पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य डॉ. आरडी सिंह ने किया। इस अवसर पर केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्यमंत्री एवं बांसगांव के सांसद कमलेश पासवान, सांसद रविकिशन शुक्ल, जिला पंचायत अध्यक्ष साधना सिंह, भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय, जिला प्रशिक्षण वर्ग प्रभारी एवं पूर्व मंत्री डॉ. सतीश द्विवेदी सहित विधायकगण, ब्लॉक प्रमुख, नगर पंचायत अध्यक्ष, जिला इकाई के पदाधिकारी और प्रशिक्षण वर्ग के अन्य प्रतिभागी उपस्थित रहे।

### समय पर उपलब्ध...

धनराशि भेजी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 में जब उनकी सरकार बनी, उस समय बेसिक शिक्षा परिषद की स्थिति बेहद खराब थी। 100 से कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों में अनुदेशकों की सेवाएं समाप्त करने तक के प्रस्ताव आए थे, लेकिन सरकार ने उन्हें अस्वीकार करते कहा कि तो मैं आपकी सेवा का क्या करूं। उन्होंने कहा कि हमने 'स्कूल चलो अभियान' और 'ऑपरेशन कायाकल्प' की शुरुआत की। आज परिणाम यह है कि 96 प्रतिशत बेसिक विद्यालयों में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध हैं और विद्यालयों की स्थिति में व्यापक सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि ड्रॉपआउट दर, जो पहले 17-18 प्रतिशत थी, अब घटकर लगभग 3 प्रतिशत रह गई है और सरकार का लक्ष्य इसे शून्य तक पहुंचाना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर बच्चा किसी न किसी प्रतिभा के साथ जन्म लेता है। कोई खेल में अच्छा होता है, कोई कला में, कोई विज्ञान में। शिक्षकों और अनुदेशकों की जिम्मेदारी है कि वे बच्चों की छिपी प्रतिभा को पहचानें और उन्हें आगे बढ़ने का अवसर दें। उन्होंने कहा कि बच्चों को दबाने की नहीं, बल्कि प्रेरित करने और सही दिशा दिखाने की जरूरत है। आत्म अनुशासन, समय पालन, स्वच्छता और संस्कार शिक्षा व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रमिकों और निराश्रित बच्चों के लिए 18 अटल आवासीय विद्यालय स्थापित किए गए हैं, जहां 18 हजार बच्चे एक साथ रहकर शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं। इन विद्यालयों में विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध कराया गया है और भोजन एवं आवास की पूरी व्यवस्था सरकार कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों को पहले चरण में 8वीं से 12वीं तक अपग्रेड किया गया है। अब सभी 825 विकासखंडों में एक-एक कस्तूरबा गांधी विद्यालय स्थापित करने के लिए धनराशि उपलब्ध करा दी गई है। उन्होंने कहा कि गरीब परिवारों की बेटियों की सफलता की कहानियां सरकार को प्रेरणा देती हैं। मुख्यमंत्री ने वैश्विक परिस्थितियों का उल्लेख करते हुए कहा कि जैसे ईरान और अमेरिका के बीच तनाव का प्रभाव पूरी दुनिया पर पड़ता है, उसी प्रकार यदि कोई बच्चा शिक्षा से वंचित रह जाता है तो उसका दुष्परिणाम पूरे समाज और राष्ट्र को भुगतना पड़ता है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए हर बच्चे को शिक्षा से जोड़ना जरूरी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है और शिक्षा क्षेत्र में हो रहे परिवर्तन भविष्य के भारत की मजबूत नींव तैयार करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के लगभग 1.43 लाख शिक्षामित्रों, 24,296 अनुदेशकों, शिक्षकों और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को सामाजिक एवं स्वास्थ्य सुरक्षा से जोड़ना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति भारत की शिक्षा की नींव मजबूत करने के लिए निरंतर योगदान दे रहा है, उसे सामाजिक सुरक्षा की गारंटी अवश्य मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बढ़ा हुआ मानदेय सीधे बैंक खाते में भेजा जाएगा और कैशलेस स्वास्थ्य सुविधा भी इससे जुड़ी होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने वर्ष 2019 में अनुदेशक बहनों को छह माह का पूर्ण मानदेय सहित मातृत्व अवकाश दिया था। वर्ष 2023 में स्वेच्छा से विद्यालय परिवर्तन की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई, जिसके तहत 4,000 से अधिक अनुदेशकों को अपनी पसंद का विद्यालय चुनने का अवसर मिला।

### 'ऑन-स्क्रीन मार्किंग'...

और अंकों में गिरावट का कारण ओएसएम है जिसे सीबीएसई बोर्ड परीक्षाओं में पहली बार लागू किया गया है। सीबीएसई ने छात्रों की चिंता कम करने के लिए पुनर्मूल्यांकन और उत्तर पुस्तिका सत्यापन शुल्क घटा दिया गया है। संजय कुमार ने कहा, ''अगर छात्र अपनी उत्तर पुस्तिका देखना चाहते हैं तो अब 700 रुपये की जगह सिर्फ 100 रुपये देने होंगे। सत्यापन के लिए 500 की जगह 100 रुपये और किसी खास उत्तर की दोबारा जांच के लिए 25 रुपये प्रति प्रश्न शुल्क लिया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि पुनर्मूल्यांकन में अगर किसी छात्र के अंक बढ़ते हैं तो उसके द्वारा चुकाया गया शुल्क वापस कर दिया जाएगा।

### बीस मंत्रियों के...

विभाग दिया जाएगा। हालांकि, इसकी कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन संकेत हैं कि कांग्रेस के भीतर आंतरिक मतभेदों को सुलझाने के प्रयासों के तहत गृह विभाग के लिए चेन्निथला की पुरानी मांग स्वीकार कर ली गयी है। कैबिनेट में एक महिला विधायक, एक दलित प्रतिनिधि, एक लैटिन कैथोलिक नेता और एक पूर्व मुख्यमंत्री के बेटे को शामिल किए जाने की संभावना है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व पार्टी प्रमुख राहुल गांधी शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। पार्टी सूत्रों ने बताया कि वायनाड से सांसद और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा भी समारोह में शामिल हो सकती हैं। इसके अलावा कांग्रेस शासित राज्यों कर्नाटक, तेलंगाना और हिमाचल प्रदेश के सभी मुख्यमंत्री भी भाग लेंगे। पार्टी ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री विजय को भी आमंत्रित किया है.

### भारत और नीदरलैंड...

व्यापार साझीदारों में से एक है। दोनों देशों के बीच द्वपक्षीय व्यापार 2024-25 में 27.8 अरब डॉलर रहा था। नीदरलैंड भारत का चौथा सबसे बड़ा इन्वेस्टर है, जिसका कुल कुल प्रत्यक्ष विदेशी निवेश 55.6 अरब डॉलर हैं। बातचीत में, दोनों पक्ष विज्ञान और नवाचार, सस्टेनेबिलिटी, स्वास्थ्य, कृषि, वॉटर मैनेजमेंट, जलवायु परिवर्तन और एनर्जी ट्रांजिशन, मैरीटाइम डेवलपमेंट और लोगों के बीच संबंधों में सहयोग बढ़ाने पर भी सहमत हुए। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, दोनों पक्षों के बीच हुए समझौते सेमीकंडक्टर, जरूरी खनिज, हेल्थ पानी, रिन्यूएबल एनर्जी, कृषि और संस्कृति जैसे क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा देंगे। माइग्रेशन और मोबिलिटी पर एक अहम समझौता किया गया। इससे उम्मीद है कि भारतीयों को नौकरी और पढ़ाई के लिए यूरोपियन देश में आना-जाना ज्यादा आसान होगा। नवाचार के लिए महत्वपूर्ण खनिजों के महत्व को पहचानते हुए, दोनों पक्षों ने इनकी खोज और मूल्य श्रृंखला में सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई। डच सेमीकंडक्टर कॉम्पिटेंस सेंटर को 'भारतीय सेमीकंडक्टर मिशन' से जोड़ने की पहल का स्वागत किया गया। जिसका मकसद सेमीकंडक्टर सेक्टर को सपोर्ट और मजबूत करना है। संयुक्त वक्तव्य के मुताबिक, जियोपॉलिटिकल डेवलपमेंट पर बात करते हुए, दोनों नेताओं ने अंतरराष्ट्रीय कानून, संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता, आवाजाही की आजादी तथा ऐसा माहौल जहां कोई भी देश दूसरे देश पर अपनी मर्जी न थोपे और युद्ध की स्थिति न हो, इसपर आधारित आजाद, खुले और शांतिपूर्ण हिंद प्रशांत की अपील की। इस इलाके में चीन के बढ़ते आक्रामक बर्ताव को लेकर दुनिया भर में बढ़ती चिंताओं के बीच यह अपील आई है। डच पीएम जेटेन ने अप्रैल 2025 के पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा की और आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई में बिना शर्त समर्थन का आश्वासन दिया। बयान में कहा गया है कि दोनों प्रधानमंत्रियों ने आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों की स्पष्ट रूप से निंदा की और आतंकवाद से निपटने के लिए जीरो टॉलरेंस का दृष्टिकोण अपनाने का आह्वान किया, तथा इस खतरे का मुकाबला करने में दोहरे मापदंडों को खारिज कर दिया। जेटेन के साथ बैठक के दौरान टीवी पर प्रसारित शुरुआती संबोधन में मोदी ने कहा, पिछले एक दशक में भारत-नीदरलैंड संबंधों में काफी प्रगति हुई है। भारत, नीदरलैंड को अपने सबसे महत्वपूर्ण साझेदारों में से एक मानता है, क्योंकि दोनों पक्षों के बीच ऐतिहासिक और लोगों से लोगों के संबंध गहरी जड़ों वाले हैं। उन्होंने कहा, लोकतांत्रिक मूल्य, बाजार अर्थव्यवस्था और जिम्मेदार व्यवहार हमारे साझा दृष्टिकोण का हिस्सा हैं। जल, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा के क्षेत्रों में हमारा सहयोग हमारे लोगों के जीवन को बेहतर बना रहा है। मोदी ने भारत की आर्थिक वृद्धि पर भी प्रकाश डाला। प्रधानमंत्री ने सुझाव दिया कि हर क्षेत्र में नीदरलैंड की विशेषज्ञता और भारत की गति और कौशल का मेल होना चाहिए। मोदी ने कहा, हमें नवाचार, निवेश, स्थिरता और रक्षा के क्षेत्रों में अपने सहयोग को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री मोदी ने भारत की स्थायी सदस्यता के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में नीदरलैंड के निरंतर समर्थन के लिए जेटेन को धन्यवाद भी दिया।

# महिला स्टार्टअप्स को 10 करोड़ तक का कोलैटरल-फ्री लोन,गारंटी सरकार की: रेखा गुप्ता

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार राजधानी की महिलाओं को आत्मनिर्भर, उद्यमी और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए बड़े स्तर पर कार्य कर रही है। इसी दिशा में सरकार ने महिला स्वयं सहायता समूहों और स्टार्टअप्स के लिए 10 करोड़ रुपये तक के कोलैटरल-फ्री लोन (बिना गिरवी ऋण) की व्यवस्था की है, जिसकी गारंटी स्वयं दिल्ली सरकार लेगी। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि दिल्ली सरकार अब मॉल और बड़े शॉपिंग कॉम्प्लेक्सों में स्वदेशी उत्पादों के लिए नियमित रूप से उचित मंच उपलब्ध कराएगी, जहां स्थानीय उत्पादों को व्यापक बाजार मिल सके। मुख्यमंत्री ने शनिवार शाम उत्तर पश्चिम दिल्ली स्थित यूनिटी वन मॉल, रोहिणी वेस्ट मेट्रो स्टेशन के पास आयोजित दो दिवसीय 'मेगा सेल्फ हेल्प ग्रुप (एसएचजी) मेला-2026' के उद्घाटन अवसर पर संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार 'स्वदेशी अपनाओ', 'आत्मनिर्भर भारत' और 'वन डिस्ट्रिक्ट, वन प्रोडक्ट' का विजन देश के सामने रख रहे हैं। उसी सोच को आगे बढ़ाते हुए यह मेला महिलाओं द्वारा तैयार स्वदेशी उत्पादों को प्रोत्साहन देने और उन्हें बाजार से जोड़ने का सशक्त प्रयास है। इस अवसर पर सांसद योगेंद्र चंदोलिया, विधायक कुलवंत राणा, उत्तर पश्चिम जिला की डीएम सौम्या सौरभ, जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, विभिन्न बैंकिंग संस्थानों के प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं उपस्थित थीं। मेले का आयोजन उत्तर पश्चिम जिला प्रशासन द्वारा किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की महिलाएं घरों में रहकर छोटे-छोटे उद्योगों और हस्तनिर्मित उत्पादों के माध्यम से न केवल अपने परिवार की आय बढ़ा रही हैं, बल्कि देश की



अर्थव्यवस्था को भी मजबूत कर रही हैं। अक्सर लोग विदेशी ब्रांडों के पीछे भागते हैं, जबकि भारत में बने हस्तशिल्प, खादी, घरेलू उत्पाद और हस्तनिर्मित वस्तुएं गुणवत्ता में किसी से कम नहीं हैं। जरूरत केवल उनकी बेहतर ब्रांडिंग और मार्केटिंग की है। उन्होंने कहा कि आज भारत रक्षा, अंतरिक्ष, कृषि और विनिर्माण सहित हर क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है और भारतीय उत्पाद दुनिया भर में निर्यात हो रहे हैं। ऐसे में महिलाओं द्वारा तैयार किए जा रहे घरेलू और हस्तनिर्मित उत्पादों को भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने लोगों से विदेशी वस्तुओं के बजाय स्थानीय और स्वदेशी उत्पादों के उपयोग की अपील। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार चाहती है कि राजधानी की प्रत्येक महिला स्वयं सहायता समूहों से जुड़े, अपना उत्पाद तैयार करे और उसे बाजार तक पहुंचाए। सरकार बैंकों के माध्यम से महिलाओं को आसान ऋण उपलब्ध कराने के प्रयास कर रही है। इस मेले में विभिन्न बैंकों को भी शामिल किया गया, ताकि स्वयं सहायता समूहों की बैंकिंग और वित्तीय पहुंच मजबूत हो सके। मुख्यमंत्री के अनुसार दिल्ली सरकार ने महिला स्वयं सहायता समूहों और स्टार्टअप्स के लिए 10 करोड़ रुपये तक के कोलैटरल-फ्री लोन (बिना गिरवी ऋण) की व्यवस्था की है, जिसकी गारंटी स्वयं दिल्ली सरकार ले रही है।

# वैदिक मंत्रोच्चार और शंखनाद के बीच शुरू हुआ बेली ब्रिज का निर्माण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

भागलपुर। विक्रमशिला सेतु के क्षतिग्रस्त होने और पुल का स्लैब गिर जाने के बाद प्रशासन ने आवागमन बहाल करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। पुल को जल्द से जल्द चालू कराने के उद्देश्य से अब यहां अस्थायी बेली ब्रिज के निर्माण कार्य की विधिवत शुरुआत कर दी गई है। पूरे धार्मिक और पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ रविवार को इस महत्वपूर्ण कार्य का शुभारंभ किया गया। कार्य प्रारंभ होने से पहले स्थल पर विशेष पूजा-अर्चना आयोजित की गई। वैदिक मंत्रोच्चार, मंगलाचरण और शंखनाद के बीच पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया गया। पंडितों द्वारा विधिवत पूजन कर निर्माण कार्य की सफलता और जनसुरक्षा की कामना की गई। इस दौरान मौजूद अधिकारियों, इंजीनियरों, जवानों और मजदूरों ने भी पूजा में भाग लिया और कार्य को सुरक्षित एवं शीघ्र पूरा करने का संकल्प लिया। निर्माण स्थल पर सड़क विभाग, सुरक्षा एजेंसियों और तकनीकी टीम के अधिकारी मौजूद रहे। साथ ही बड़ी संख्या में मजदूर और आर्मी के जवान भी कार्य में जुटे नजर आए। बताया जा रहा है कि बेली ब्रिज निर्माण की जिम्मेदारी विशेष तकनीकी टीम और सुरक्षा बलों को सौंपी गई है, ताकि कम समय में मजबूत और सुरक्षित वैकल्पिक पुल तैयार किया जा सके। बताया जा रहा है कि पुल निर्माण के लिए आवश्यक भारी मशीनें और सामग्री पहले ही मौके पर पहुंच चुकी हैं। कार्य युद्धस्तर पर शुरू कर दिया गया है और दिन-रात मजदूर एवं इंजीनियर निर्माण में लगे हुए हैं। अधिकारियों का कहना है कि यदि मौसम अनुकूल रहा और कार्य इसी गति से चलता रहा तो अगले 15 से 20 दिनों के भीतर इस मार्ग पर पुनः आवागमन शुरू कर दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि विक्रमशिला पुल क्षतिग्रस्त होने के बाद भागलपुर और नवगछिया समेत आसपास के जिलों के लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। खासकर छात्रों, मरीजों, व्यापारियों और रोजाना आने-जाने वाले लोगों की मुश्किलें बढ़ गई थीं।

# गौतम अडाणी ने सारण में 150 करोड़ रुपये की नेत्र स्वास्थ्य परियोजना की रखी आधारशिला, कहा-सेवा ही साधना है



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पटना। अदाणी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडाणी ने रविवार को बिहार में ग्रामीण क्षेत्रों के लिए 150 करोड़ रुपये की बड़ी नेत्र स्वास्थ्य सेवा परियोजना की नींव रखी। 'सेवा ही साधना है' के मूलमंत्र से प्रेरित इस पहल का उद्देश्य गांवों और दूरदराज इलाकों में सस्ती एवं बेहतर आंखों की चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है।

बिहार के सारण जिले के मस्तीचक में आयोजित भूमि पूजन कार्यक्रम के दौरान गौतम अडाणी ने देशभर में नेत्र स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार से जुड़े एक बड़े मिशन की भी घोषणा की। इस परियोजना के तहत हर वर्ष लगभग 3.3 लाख आंखों की सर्जरी की जा सकेगी, जबकि करीब 1,000 स्वास्थ्य पेशेवर को नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में प्रशिक्षण दिया जाएगा। विशेषज्ञों का मानना है कि यह पहल दुनिया के सबसे बड़े ग्रामीण नेत्र चिकित्सा नेटवर्कों में शामिल हो सकती है। इस अवसर पर गौतम अडाणी ने कहा कि बिहार की पवित्र धरती मस्तीचक आकर उन्हें गर्व, आत्मीयता और आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव हुआ। उन्होंने गायत्री परिवार, अखंड ज्योति परिवार और मृत्युंजय तिवारी के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि किसी व्यक्ति की आंखों की रोशनी लौटाना केवल चिकित्सा नहीं, बल्कि उसके जीवन में उम्मीद, आत्मविश्वास और सम्मान वापस लौटाने जैसा पुण्य कार्य है। गौतम अडाणी ने कहा कि सेवा ही साधना है उनके लिए सिर्फ नारा नहीं, बल्कि करुणा को कर्म में बदलने की प्रेरणा है। बिहार सदैव देश को नई चेतना देने वाली भूमि रही है और यह पहल उसी सेवा भावना को आगे बढ़ाने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि अडाणी फाउंडेशन द्वारा अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल को 150 करोड़ रुपये की सहायता दी जाएगी। इस राशि से मस्तीचक में 'अडाणी सेंटर फॉर आई' और 'अडाणी ट्रेनिंग इन ऑप्थैल्मिक मेडिसिन' की स्थापना की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान 10 एंबुलेंस को भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया, ताकि बिहार और आसपास के दूरदराज गांवों तक नेत्र चिकित्सा सेवाएं पहुंचाई जा सकें। गौतम अडाणी ने इस परियोजना के दीर्घकालिक संचालन के लिए अतिरिक्त सहयोग देने की भी घोषणा की। मस्तीचक में हुए भूमि पूजन कार्यक्रम में गौतम अडाणी के साथ अडाणी फाउंडेशन की चेयरपर्सन डॉ. प्रीति अडाणी और अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल के सह-संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी मृत्युंजय तिवारी उपस्थित रहे। मृत्युंजय तिवारी ने कहा, मैं गौतम अदाणी के प्रति हृदय से आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल पर विश्वास जताते हुए इस परिवर्तनकारी यात्रा में हमें सहभागी बनाया। यह साझेदारी केवल भवनों और संरचनाओं के निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि भारत के अंतिम पंक्ति में खड़े वंचित एवं उपेक्षित लोगों के जीवन में दृष्टि, सम्मान, अवसर और आशा का संचार करने का एक साझा संकल्प है।

# इंटरनेशनल आर्ट ऑफ गिविंग डे, 25 क्लबों को खेल सामग्री देकर किया सम्मानित

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

भागलपुर। डॉक्टर अच्युत सामंत के जीवन दर्शन पर आधारित इंटरनेशनल आर्ट ऑफ गिविंग डे के अवसर पर रविवार को बिहार राज्य यूनिट के द्वारा भागलपुर, मुंगेर और लखीसराय के 25 क्लबों को भागलपुर के नगर विधायक रोहित पांडे, समाज सेवी विजय यादव, जिला खेल पदाधिकारी जय नारायण, राष्ट्रीय वॉलीबॉल कोच अजय राय और विकाश सिंह के द्वारा खेल सामग्री वॉलीबॉल और नेट प्रदान किया गया। इसके पूर्व नगर विधायक रोहित पांडे, विजय यादव, जिला खेल पदाधिकारी, अजय राय एवं विकाश सिंह को आर्ट ऑफ गिविंग बिहार राज्य यूनिट के अध्यक्ष नील कमल राय ने अंगवस्त्रम, बुके, आर्ट ऑफ गिविंग का प्रतीक चिन्ह एवं टीशर्ट देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विधायक रोहित पांडे ने अपने उद्बोधन में डॉक्टर अच्युत सामंत के द्वारा शुरू किए गए आर्ट ऑफ गिविंग यानी देने की कला का सर्वोत्तम कला माना और कहा कि आज हमें सही मायने में दूसरों के लिए कुछ करने की और मदद की जरूरत है न कि उससे कुछ लेने की। विशिष्ट अतिथि विजय यादव औरक्षजिला खेल पदाधिकारी ने डॉक्टर अच्युत सामंत के आर्ट ऑफ गिविंग दर्शन की सराहना कि। कहा कि आज समाज को ऐसे ही मग मानविकी जरूरत है, जो अपने दम पर 1 लाख से अधिक आदिवासी बालक बालिकाओं को केजी से पीजी तक पढ़ाई और रहना एवं खाना की व्यवस्था करके विश्व स्तर पर सराहना के पात्र हैं।




अतिथियों का स्वागत अजय राय ने किया और विस्तार से अच्युत सामंत और आर्ट ऑफ गिविंग के बारे में बताया। कार्यक्रम का संचालन आर्ट ऑफ गिविंग के अध्यक्ष नील कमल राय ने बताया कि आर्ट ऑफ गिविंग डे को विश्व के 202 देशों में बड़े ही धूम धाम से शेयर टू शाइन थीम के साथ मनाया जा रहा है। बिहार के 125 क्लबों को 3 वॉलीबॉल और 1 नेट प्रदान किया गया। वॉलीबॉल खेल को बढ़ावा देने के उद्देश से डॉक्टर अच्युत सामंत संस्थापक आर्ट ऑफ गिविंग ने देश के 3000 से अधिक क्लबों को खेल सामग्री देने का काम किया है। बिहार सभी 38 जिलों में आर्ट ऑफ गिविंग डे धूमधाम से मनाया जा रहा है। भागलपुर के कार्यक्रम को सफल बनाने में मृणाल किशोर, राजा, कुमार हीरा कुणाल भारती, अभय आदि की अहम भूमिका रही और आर्ट ऑफ गिविंग द्वारा इन प्रशिक्षकों को नगर विधायक ने सम्मानित भी किया।

## होशियारपुर में पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइन लिखा हॉट बैलून मिला

चंडीगढ़। पंजाब के होशियारपुर में रविवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई जब दसूहा सड़क़पर स्थित गांव सतौर के बाहरी क्षेत्र में खेतों में एक छोटी हवाई जहाज जैसी दिखने वाली संदिग्ध वस्तु पड़ी मिली। इस पर पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइन लिखा हुआ था। दूर से देखने पर यह वस्तु एक ड्रोन जैसी लग रही थी। खेतों की ओर जा रहे कुछ ग्रामीणों ने इस वस्तु को देखा और तुरंत गांव की सरपंच कुलदीप कौर और समिति सदस्य परमजीत सिंह को इसकी सूचना दी। इसके बाद पुलिस को सूचित किया गया।

पुलिस के अनुसार वह वस्तु असल में एक हॉट एयर बैलून थी, जिसका आकार हवाई जहाज जैसा था और उस पर 'पीआईए' (पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस) लिखा हुआ था। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि यह बैलून कहां से आया और क्या इस इलाके में कोई सामग्री गिराई गई है। आसपास के खेतों और नजदीकी इलाकों में तलाशी अभियान भी चलाया, लेकिन कहीं से कुछ नहीं मिला।

# कनाडा भेजने के नाम पर 1.83 करोड़ की ठगी, आरोपित गिरफ्तार

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नई दिल्ली। कनाडा में नौकरी और व्यापार निवेश के जरिए स्थायी निवास दिलाने का झांसा देकर करीब 1.83 करोड़ रुपये की ठगी करने वाले कथित इमिग्रेशन कंसल्टेंट को दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की साइबर सेल ने गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान पंजाब के डेराबस्सी निवासी धर्मिंदर शर्मा के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके कब्जे से एक लैपटॉप भी बरामद किया है, जिसमें मामले से जुड़े अहम डिजिटल साक्ष्य मिलने की संभावना है। क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त आदित्य गौतम ने रविवार को बताया कि , इस संबंध में वर्ष 2024 में क्राइम ब्रांच थाने में एफआईआर संख्या 176/2024 के तहत धोखाधड़ी, आपराधिक विश्वासघात और आपराधिक साजिश की धाराओं में मामला दर्ज किया गया था। जांच में सामने आया कि कोरोना महामारी की पहली लहर के बाद शिकायतकर्ता महिला कनाडा में रोजगार के बेहतर अवसरों की तलाश में वहां बसना चाहती थी। इसी दौरान उसकी मुलाकात धर्मिंदर शर्मा से हुई, जिसने खुद को एक इमिग्रेशन कंसल्टेंसी फर्म का डायरेक्टर (ऑपरेशंस) बताया। आरोप है कि धर्मिंदर ने खुद को कनाडाई इमिग्रेशन और विदेशी निवेश कार्यक्रमों का विशेषज्ञ बताकर महिला को कनाडा में कारोबार में निवेश योजना के तहत 2.50 लाख कनाडाई डॉलर निवेश करने के लिए राजी किया। इसके अलावा 45 हजार कनाडाई डॉलर प्रोफ़ेशनल फीस के नाम पर भी लिए गए। इस तरह आरोपी ने कुल 2.95 लाख कनाडाई डॉलर, यानी करीब 1.83 करोड़ रुपये ऐंठ लिए। जांच में पता चला कि आरोपित ने महिला का भरोसा जीतने के लिए ऐसे दस्तावेज तैयार किए, जिनमें उसे कनाडा की एक हॉस्पिटैलिटी कंपनी में डायरेक्टर और शेयरहोल्डर दिखाया गया था। हालांकि बाद में जांच में खुलासा हुआ कि महिला को कभी कंपनी में हिस्सेदारी दी ही नहीं गई और कंपनी का स्वामित्व अन्य लोगों के पास ही रहा। पुलिस के मुताबिक, आरोपित ने विदेशी खातों में रकम प्राप्त करने के बाद उसे वैध कारोबारी गतिविधियों में लगाने के बजाय नकद निकासी, डेबिट ट्रांजैक्शन और कई खातों के जरिए इधर-उधर ट्रांसफर कर दिया। वहीं कनाडाई अधिकारियों द्वारा वीजा आवेदन बार-बार खारिज किए जाने के बावजूद आरोपी महिला को लगातार झूठे आश्वासन देता रहा। वह कभी पुनर्विचार याचिका दाखिल करने तो कभी प्रक्रिया जारी होने का दावा कर रकम वापस करने से बचता रहा। क्राइम ब्रांच की जांच में यह भी सामने आया कि तीन बार वीजा आवेदन खारिज होने के बाद भी आरोपित महिला को गुमराह करता रहा।

# संक्षिप्त समाचार

### गुरदासपुर ग्रेनेड कांड के तीन आरोपी गिरफ्तार, एक और हैंड ग्रेनेड बरामद

**गुरदासपुर।** पंजाब पुलिस ने गुरदासपुर ग्रेनेड फेंकने के मामले को सुलझाने का दावा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक और हैंड ग्रेनेड भी बरामद किया है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने रविवार को बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अमरजीत सिंह उर्फ बिल्ला निवासी गणेश नगर, रामा मंडी जालंधर, करणजीत सिंह उर्फ करण निवासी तरापुर अमृतसर और सतनाम सिंह निवासी गांव बोपराय अमृतसर के रूप में हुई है।

### सांसद मालविंदर सिंह ने चुनाव आयोग को पत्र लिखकर एसआईआर प्रक्रिया को लेकर चिंता जताई

**चंडीगढ।** श्री आनंदपुर साहिब से आम आदमी पार्टी (आप) के सांसद मालविंदर सिंह कंग ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया को लेकर चुनाव आयोग को पत्र लिखकर गंभीर चिंता जताई है। उन्होंने आशंका व्यक्त की कि इस प्रक्रिया के जरिए पंजाब के वास्तविक मतदाताओं, विशेषकर एनआरआई पंजाबियों के वोट काटे जा सकते हैं क्योंकि जिस तरीके से एसआईआर प्रक्रिया चलाई जा रही है, उससे पारदर्शिता और मंशा दोनों पर सवाल खड़े हो रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि बिहार और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में इसी तरह की प्रक्रियाओं के दौरान बड़े स्तर पर वोट हटाए जाने की शिकायतें सामने आई थीं और पंजाब को इस तरह की ''वोटर हेरफ़ेर'' का अगला निशाना नहीं बनने दिया जाएगा।

### जालंधर में संगठित अपराध गिरोह का भंडाफोड़, चार आरोपी गिरफ्तार

**जालंधर।** पंजाब में जालंधर पुलिस कमिश्नरेट ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक संगठित अपराध नेटवर्क का पर्दाफाश कर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से आठ अत्याधुनिक पिस्तौल और 45 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने रविवार को बताया कि बरामद हथियारों में एक पीएक्स5 पिस्तौल, एक जिगाना पिस्तौल, तीन .30 बोर पिस्तौल और तीन .32 बोर पिस्तौल शामिल हैं। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपियों के संबंध विदेश में बैठे हैंडलरों से जुड़े हुए हैं। पुलिस ने यह भी खुलासा किया कि गिरफ्तार सभी आरोपी दो हत्या मामलों में फरार चल रहे थे।

### डीटीसी बस में यात्री का बैग काटकर जेवर चोरी करने वाला बदमाश गिरफ्तार, लाखों के गहने बरामद

**नई दिल्ली।** बाहरी जिला पुलिस की एंटी स्नैचिंग एंड बर्गलरी सेल यूनिट ने डीटीसी बस में यात्री का बैग काटकर सोने-चांदी के गहने और नकदी चोरी करने वाले एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। आरोपित की पहचान सुल्तानपुरी निवासी 48 वर्षीय संजय के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी किए गए सोने-चांदी के आभूषण और नकदी बरामद की है। आरोपित पहले भी चोरी और आर्म्स एक्ट समेत चार आपराधिक मामलों में शामिल रह चुका है। बाहरी जिले के पुलिस उपायुक्त विक्रम सिंह मीणा ने रविवार को बताया कि 12 मई को पश्चिम विहार पश्चिम थाने में एक शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि वह किसी काम से नई दिल्ली आया था। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से बहादुरगढ़ जाने के लिए उसने डीटीसी बस पकड़ी। जब बस मादीपुर इलाके के पास पहुंची तो कुछ संदिग्ध लोगों ने उसके बैग को घेर लिया। बाद में उसने देखा कि बैग में रखे सोने-चांदी के जेवर और पांच हजार रुपये नकद चोरी हो चुके थे। मामले में ई-एफआईआर संख्या 80038939/26 के तहत केस दर्ज कर जांच जिले की एंटी स्नैचिंग एंड बर्गलरी सेल को सौंपी गई। इंस्पेक्टर रितेश राज की देखरेख में टीम गठित की गई। पुलिस उपायुक्त के अनुसार जांच के दौरान पुलिस टीम ने डीटीसी बस के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। फुटेज के विश्लेषण में संदिग्ध की तस्वीरें निकाली गईं। साथ ही मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर आरोपित के बारे में जानकारी जुटाई गई। 15 मई को पुलिस को सूचना मिली कि आरोपित डी-ब्लॉक सुल्तानपुरी इलाके में मौजूद है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने वहां छापा मारकर आरोपित संजय को दबोच लिया।

## पौड़ी के कमंद व बमठी में गुलदार की दहशत जारी

पौड़ी गढ़वाल। गढ़वाल वन प्रभाग की पौड़ी रेंज के कमंद व बमठी गांव में गुलदार की दहशत बनी हुई है। लगातार हो रहे गुलदार के हमलों से ग्रामीणों में सरकार व जिला प्रशासन के खिलाफ आक्रोश बना हुआ है।

ग्रामीणों ने जल्द ही गुलदार को मारने की मांग उठाई है। गढ़वाल वन प्रभाग की पौड़ी रेंज के कमंद गांव में गुलदार ने बीते शुक्रवार को एक ग्रामीण को निवाला बना दिया था। जिसके बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने रातभर क्षेत्र में प्रदर्शन कर अफसरों का घेराव किया था। अगले दिन शनिवार को भी ग्रामीणों ने घंटो तक शव को नहीं उठाने दिया था। इस बीच गुलदार को नरभक्षी घोषित करने व गुलदार को शूट करने के आश्वासन पर ग्रामीणों ने शव को उठाने दिया। शनिवार को इसी दौरान बमठी गांव में भी गुलदार ने एक महिला पर हमले का प्रयास किया। जिसमें वह बाल बाल बच गई। इस घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने डीएफओ व जिलाधिकारी कार्यालय में धरना देकर जल्द गुलदार के आतंक से निजात दिलाने की मांग उठाई।

# पौड़ी में शुरू हुआ बेमौसमी बटन मशरूम उत्पादन

**■ गर्मियों में भी रहेगा उपलब्ध**

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

पौड़ी गढ़वाल। आत्मनिर्भर उत्तराखंड एवं स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के संकल्प को जनपद पौड़ी गढ़वाल में नयी दिशा मिल रही है। ग्राम्य विकास विभाग की ग्रामोत्थान परियोजना के अंतर्गत संचालित सीबीओ लेवल एंटरप्राइजेज गतिविधि के तहत विकासखण्ड पौड़ी में संकेत स्वायत्त सहकारिता द्वारा स्थापित हिलांस मशरूम इकाई में बेमौसमी बटन मशरूम का सफल उत्पादन शुरू हो गया है। यह पहल ग्रामीण आजीविका संवर्धन, महिला सशक्तिकरण एवं स्थानीय स्तर पर स्वरोजगार को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है। मुख्यमंत्री धामी लगातार महिलाओं, स्वयं सहायता समूहों तथा ग्रामीण उद्यमिता को प्रोत्साहित करने पर जोर दे रहे हैं। इसी क्रम में ग्रामोत्थान



परियोजना के सहयोग से स्थापित यह यूनिट स्थानीय संसाधनों के बेहतर उपयोग का सफल उदाहरण बनकर सामने आयी है। परियोजना के अंतर्गत ग्राम्य विकास विभाग के एक अनुपयोगी भवन का पुनर्विकास कर उसे आधुनिक मशरूम उत्पादन इकाई के रूप में विकसित किया गया है। यूनिट में कुल दो उत्पादन इकाइयाँ स्थापित की गयी हैं। प्रथम यूनिट में 500 बटन मशरूम बैग लगाए गए थे, जिनसे अब सफलतापूर्वक उत्पादन शुरू हो चुका है। वर्तमान में प्रतिदिन ताजा मशरूम की हार्वेस्टिंग कर स्थानीय बाजार में आपूर्ति की जा रही है। ग्रामोत्थान परियोजना प्रबंधक कुलदीप बिष्ट ने बताया कि इस इकाई की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि पौड़ी की अनुकूल जलवायु का उपयोग करते हुए गर्मियों में भी बटन मशरूम का उत्पादन किया जा रहा है। सामान्यतः मैदानी क्षेत्रों में इस मौसम में बटन मशरूम उत्पादन कठिन माना जाता है, जबकि पौड़ी की प्राकृतिक जलवायु इसे संभव बना रही है। वहीं शीतकाल में यूनिट में उच्च गुणवत्ता वाले शिटाके मशरूम उत्पादन की भी योजना है। वर्षभर चरणबद्ध उत्पादन प्रणाली अपनाकर निरंतर उत्पादन सुनिश्चित किया जाएगा। बताया कि बेमौसमी उत्पादन के कारण स्थानीय बाजार में मशरूम को अच्छा मूल्य मिल रहा है। वर्तमान में होटलों, रेस्टोरेंट्स, कैटरिंग व्यवसायियों तथा शादी समारोह आयोजकों से बड़ी मात्रा में मांग प्राप्त हो रही है। सुबह हार्वेस्ट किए गए मशरूम उसी दिन उपभोक्ताओं तक पहुंचाए जा रहे हैं, जिससे लोगों को ताजा, गुणवत्तायुक्त एवं केमिकल-फ्री लोकल उत्पाद उपलब्ध हो रहा है। इससे बाहरी बाजारों से आने वाले मशरूम पर निर्भरता भी कम हो रही है। इस परियोजना के माध्यम से वर्तमान में दो स्थानीय महिलाओं को नियमित रोजगार प्राप्त हो रहा है। महिलाएँ मशरूम बैग तैयार करने, स्पॉनिंग, तापमान एवं नमी प्रबंधन, हार्वेस्टिंग, ग्रेडिंग तथा पैकेजिंग जैसे कार्यों में सक्रिय रूप से जुड़ी हुई हैं। इससे ग्रामीण महिलाओं की आय में वृद्धि होने के साथ-साथ महिला उद्यमिता को भी मजबूती मिल रही है।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - **राकेश कुमार पाण्डेय** कार्यकारी सम्पादक* - **अरशद सईद खान** स्टेट हेड - **संदीप मिश्रा**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063